निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 2 अप्रैल 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 308 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1559 : इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
1679 : मुगल शासक अकबर ने जजिया कर समाप्त किया।
1902 : लॉस एंजिल्स में पहला मोशन पिक्चर थियेटर खुला।
1945 : सोवियत संघ और ब्राजील के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए।
2001 : नेपाल में माओवादी विद्रोहियों द्वारा 37 पुलिस अधिकारियों की हत्या।
2007 : सोलोमन द्वीप में शक्तिशाली सुनामी आयी।

सरहुल पर दो दिनों का होगा राजकीय अवकाश : हेमंत

प्रकृति पर्व के अवसर पर मांदर की थाप पर थिरके हेमंत, विधायक कल्पना सोरेन एवं मंत्री नेहा तिर्की एक साथ झूमीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





रांची। प्रकृति का पर्व सरहुल को लेकर उत्साह चरम पर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रांची के करमटोली आदिवासी हॉस्टल और सिरमटोली केंद्रीय सरना समिति पहुंचे। जहां पर उन्होंने ना केवल पूजा अर्चना की, बल्कि पौधा लगाकर प्रकृति पर्व को यादगार बनाने की कोशिश की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री चमरा लिंडा ने मांदर बजाया। जिसमें गांडेय विधायक व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और झारखंड सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एक साथ झूमती नजर आईं। आदिवासी हॉस्टल के छात्र-छात्राओं के साथ सरहुल के मौके पर मुख्यमंत्री ने जमकर नृत्य की और लोगों को सरहुल के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री ने सरहुल की दी लोगों को बधाई

करमटोली स्थित आदिवासी हॉस्टल पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल के मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि व्यस्तता की वजह से भले ही आपके बीच समय नहीं दे पाता हूं। लेकिन आपके साथ मैं हमेशा हूं। उन्होंने सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि इस हॉस्टल से मेरा जुड़ाव रहा है। यहां के विकास के लिए जो पहले सरकार ने वादा किया था, वह कार्य आने वाले समय में आपको देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो राह दिखाई है, उस परंपरा को और अधिक मजबूती देने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि हम लोगों पर देवी देवताओं का आशीर्वाद रहा है, जिसके कारण उद्देश्यों को पूरा करने में सफलता मिलती रही है। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन झूमने-नाचने का है। प्रकृति पर्व को सब मिलकर मनाइए। वहीं सोशल मीडिया एक्स पर भी सीएम ने राज्यवासियों को सरहुल की बधाई दी। उन्होंने लिखा है कि पिछले कई सालों से सरहुल के मौके पर दो दिन के राजकीय अवकाश की मांग उठ रही थी। आदिवासी समाज के इस पावन पर्व के महत्व को देखते हुए इस वर्ष से 2 दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा मैंने की है। कार्यक्रम में मौजूद एससी, एसटी और पिछड़ा कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सरहुल की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति सभ्यता काफी प्राचीन है। इस पर अभी भी शोध की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि आदिवासियों के रीति रिवाज के पीछे साइंटिफिक कारण है। उन्होंने साइंस की बात करते हुए कहा कि सरहुल पर्व का मतलब धरती और सूर्य का समागत का होना है। सरहुल के कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि धरती मां को आज के दिन हमलोग रेस्ट देते हैं। जो हमारे पालनहार होते हैं। हमारे पुर्वजों ने जो इस पर्व की महत्ता बताई है। वह आज भी जीवित है और आगे भी इसे जारी रखा जाएगा।

लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ संशोधन विधेयक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पेश करेगी। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को बताया कि विधेयक को 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद विचार और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक पर 8 घंटे चर्चा होगी, जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। रिजिजू ने कहा कि अगर सदन को लगता है कि अगर ऐसा लगेगा कि चर्चा के लिए समय बढ़ाया जाना चाहिए, तो समय बढ़ाया जा सकता है, लेकिन अगर विपक्षी दल कोई बहाना बनाकर चर्चा में हिस्सा नहीं लेना चाहते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हम चर्चा चाहते हैं। हर राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है। देश जानना चाहता है कि संशोधन विधेयक पर किस राजनीतिक दल का क्या रुख है। ये बात हजारों साल तक दर्ज रहेगी, ये बात रिकॉर्ड में रहेगी कि किसने संशोधन विधेयक का विरोध किया और किसने समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''2 अप्रैल को प्रश्नकाल के तुरंत बाद मैं संशोधन विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश करना चाहता हूं। हम 8 घंटे की चर्चा के लिए सहमत हुए हैं।'' केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ताओं को वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के दौरान रिजिजू ने विधेयक का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय को इससे होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। रिजिजू ने कहा कि विधेयक धार्मिक संस्थानों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करता है और इसे उन लोगों को अधिकार देने के लिए बनाया गया है, जिनके पास पहले ये अधिकार नहीं थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ प्रबंधन में सुधार, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ाना है। हालांकि, विपक्ष समेत तमाम मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन विधेयक की कड़ी आलोचना की है और इसे 'असंवैधानिक' बताया है। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा मुसलमानों के अधिकारों को 'छीनने' का प्रयास कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

जल्द भारत आएंगी सुनीता विलियम्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने स्पेस से लौटने के बाद मंगलवार को पहली बार प्रेस कांफ्रेंस की। सुनीता ने अपने साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर और निक हेग के साथ टेक्सास के जॉनसन स्पेस सेंटर में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि भारत स्पेस प्रोग्राम में अपनी जगह बना रहा है। वह इसका हिस्सा बनना चाहेंगी। एक सवाल में जवाब में उन्होंने कहा कि मैं निश्चित तौर पर अपने पिता के देश भारत जाऊंगी। जल्द ही एक्सिओम मिशन पर जाने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री को लेकर मैं उत्साहित हूं। यह बहुत बढ़िया है। वो बात कर पाएंगे कि उनके नजरिए से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन कितना अद्भुत है। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं उनसे किसी समय मिल सकूं और हम भारत में ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ अपना अनुभव साझा कर सकें। भारत महान देश और अद्भुत लोकतंत्र है जो अंतरिक्ष देशों में अपनी जगह बनाना चाह रहा है। हम इसका हिस्सा बनना चाहेंगे और भारत की मदद करना चाहेंगे।

भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा इसी महीने

नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)। भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष इसी महीने मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बाद चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक 30 मार्च को मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात में नए अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई है। मोदी के नागपुर से लौटने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष से राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने नड्डा और बीएल संतोष से कहा है कि इसी महीने भाजपा अध्यक्ष का चुनाव पूरा करें। भाजपा ने अब तक 13 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 19 राज्यों में चुनाव पूरे करने जरूरी हैं।सूत्रों के मुताबिक अगले हफ्ते तक उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत बाकी बचे अधिकांश राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। यानी 50 प्रतिशत राज्यों के चुनाव पूरा होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकेगा। जेपी नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और जनवरी 2020 में वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। अब जब वे केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं, तो पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना है।

ट्रिपल मर्डर से दहला गिरिडीह, महिला के साथ उसके बेटे और बेटी की हत्या, हिरासत में पति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गिरिडीह। गिरिडीह जिले में सनसनीखेज वारदात हुई है, यहां पर एक महिला और उसके दो बच्चों की हत्या कर दी गई है। घटना तिसरी प्रखंड के लोकाय नयनपुर थाना क्षेत्र की है। जिनकी हत्या हुई है, उनमें बरदौनी गांव निवासी चारो हेम्ब्रम की 29 वर्षीय पत्नी रेणुवा टुडू, 6 वर्षीय पुत्र सतीश हेम्ब्रम और 9 वर्ष की सरिता हेम्ब्रम शामिल हैं। रेणुवा और सतीश का शव पनियाय गांव में पेड़ से लटका मिला है, जबकि सरिता का शव तालाब में मिला है। घटना की जानकारी मंगलवार के दिन ने पुलिस को लगी। जिसके बाद खोरी महुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, लोकाय थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी और थानसिंहडीह ओपी प्रभारी नीरज कुमार पुलिस मौके पर पहुंचे और तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतका रेणुवा के पति को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी और लोगों का जुटान हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने खोजी कुत्ते के साथ-साथ फॉरेन्सिक टीम को भी बुलाया गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों का कहना था कि पति और पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। सोमवार की रात को झगड़ा होने के बाद शव मिला है। लोगों ने कहा कि मृतका पुत्री की आंख में गंभीर चोट है। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। इधर, घटना की सूचना पर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव और पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी मौके पर पहुंचे। राजकुमार यादव ने घटना की निंदा की और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। खोरी महुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। हर एक बिंदु पर जांच हो रही है। मृतका के पति से भी पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक की टीम ने भी सबूत इकट्ठा किया है।

दो मालगाड़ियों के बीच भीषण टक्कर में दो लोको पायलटों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



साहिबगंज। बरहेट में एनटीपीसी फाटक के पास दो मालगाड़ियों के बीच आपस में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दो लोको पायलट की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में बोकारो जिला के सेक्टर नौ निवासी 32 वर्षीय अंबुज महतो और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज निवासी ज्ञानेश्वर माल शामिल हैं। घायलों में 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार, 45 वर्षीय उदय मंडल, 55 वर्षीय राम घोष और 48 वर्षीय टीके नाथ शामिल हैं। साहिबगंज मुख्यालय से पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मी रवि ने बताया कि घटना सुबह 3:30 बजे की है। एक मालगाड़ी पटरी पर खड़ी थी। इस दौरान दूसरी तरफ से आ रही मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इंजन व कोयला लोड बोगी में आग लग गई। आग बुझाने का कार्य जारी है। वहीं, दो इंजन पटरी से नीचे उतर गया और इंजन पूरी करह से क्षतिग्रस्त हो गया। फायर ब्रिगेड के कर्मी ने बताया कि इंजन में छह लोग सवार थे, जिसमें दो लोको पायलट की मौत और चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को बरहेट सदर अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी इलाज जारी है, जिसमें कुछ की हालत गंभीर है। एनटीपीसी के एजीएम शांतनु दास ने बताया कि दो मालगाड़ी में टक्कर की वजह से दो लोको पायलटों की मौत हुई है। कंट्रोलर ने पॉइंट बनाने में गड़बड़ी की है, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। घटना की जांच चल रही है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इधर घटना की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। बरहेट पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच जानकारी हासिल करने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि पहले भी एनटीपीसी के इस रेल पटरी पर घटना घट चुकी है। हाल में कुछ आपराधिक तत्वों के द्वारा बम विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया गया था, जिससे कोयला लदी गाड़ी पटरी से नीचे उतर गई थी।

एक करोड़ की हेरोइन के साथ आरोपित गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो) मुजफ्फरपुर रेल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। एनसीबी के साथ संयुक्त कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक करोड़ रुपए की हेरोइन भी बरामद की गई है। गिरफ्तार तस्करों के निशानदेही पर अन्य तस्करों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दरअसल, एनसीबी को गुप्त सूचना मिली कि 15909 (अवध आसाम एक्सप्रेस) से एक तस्कर भाड़ी मात्रा में हीरोइन की खेप लेकर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर उतरने वाला है। जिसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। आरपीएफ और एनसीबी के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त ट्रेन में छापेमारी की गई।

अचानक जदयू कार्यालय पहुंचे नीतीश कुमार

- वक्फ बिल पर मीडिया के सवालों को टालते हुए सिर्फ इतना कहा कि सब ठीक है
- महिला कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर उनके संग खिंचवाया फोटो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। वक्फ संसोधन बिल को लेकर पार्टी के मुस्लिम नेताओं के विरोध के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक जदयू कार्यालय पहुंचे। बिना किसी सूचना के मुख्यमंत्री के पार्टी कार्यालय पहुंचने पर वहां मौजूद कार्यकर्ता हैरान रह गए। वे नीतीश कुमार के वहां पहुंचने पर इंकलाब जिंदाबाद, नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने हमारा नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो के भी नारे लगाए। पार्टी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान वहां प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को नहीं देख कर मुख्यमंत्री थोड़े नाराज दिखे। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने जब उनसे वक्फ बिल को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इसे टालते हुए सिर्फ इतना कहा कि सब ठीक है। मुख्यमंत्री जब पार्टी कार्यालय से निकलने लगे तो महिला कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ फोटो खिंचवाने का अनुरोध किया। महिलाओं ने उनकी तारीफ में एक गाना गाकर भी सुनाया। इस पर मुख्यमंत्री मुस्कराते रहे।

बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटा, एमपी के 21 मजदूरों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अहमदाबाद। गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 21 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं। फैक्ट्री डीसा तहसील के धुनवा रोड पर है। विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मारे गए लोगों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है। हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के हरदा जिले के हंडिया गांव के रहने वाले हैं। फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है। डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है। दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है। पालनपुर के बनास मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजे गए विजय नाम के एक मजदूर ने कहा, 'हम फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे थे, तभी अचानक ब्लास्ट हुआ। हमें पता ही नहीं चला कि आखिर क्या हुआ था, बहुत तेज धमाका हुआ और हम बेहोश हो गए। जब मैंने अपनी आंखें खोलीं तो मेरे चारों ओर आग थी। हम झुलसी हालत में ही किसी तरह फैक्ट्री से बाहर भागे।

बागमती में नहाने गए चार युवक डूबे, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में बागमती नदी में नहाने के दौरान चार युवकों के डूबने का मामला सामने आया है। जिसमें दो युवक की मौत हो गई है, दो को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। मामला जिले के कटरा थाना क्षेत्र के गंगिया गांव का है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने रेस्क्यू कर चारों को बाहर निकाला। मृतक की पहचान सीतामढ़ी के मधौल गांव के संजय सिंह के पुत्र अंकित कुमार के रूप हुई है। वहीं, एक अन्य मृतक की पूरी जानकारी नहीं है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार मिश्र के पुत्र के उपनयन संस्कार में शामिल होने के चारों युवक आए हुए थे। इस दौरान अंकित कुमार और बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र निवासी आकाश समेत उसके चार में मित्र नदी में नहाने के लिए गए हुए थे। नदी में नहाने के दौरान चारों अनियंत्रित हो उसमें डूबने लगे। स्थानीय लोग मौके पर जुट गए जिसके बाद किसी तरह स्थानीय घटना में तीन युवकों नदी बाहर निकला। लेकिन उसमें अंकित कुमार की मौत हो गई। बता दें कि अंकित मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के मधौल गांव का रहने वाला है। अपने पिता संजय सिंह के साथ दिल्ली में रहता था। वही पढ़ाई करता है। दिल्ली में ही उसकी दोस्ती आकाश से हुई थी। आकाश बक्सर जिले का रहने वाला है। आकाश के परिजनों को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। आकाश के परिजन मुजफ्फरपुर के लिए निकल गए है। एसडीएम पूर्वी अमित कुमार ने बताया कि नहाने के दौरान दो युवक डूब गए थे। दोनों के शव को बाहर निकाल लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

● **दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** राजकीय उच्च पथ 57 पर पकटोला गांव के पास मंगलवार सुबह 11 बजे कार और टेंपो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल टेंपो में सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो और कार के परखच्चे उड़ गए। कार का एयरबैग खुलने से उसमें बैठे लोगों को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद कार चालक और सवार मौके से फरार हो गए। तेज रफ्तार कार अतरबेल की ओर से आ रही थी। जाले की ओर जा रहे सीएनजी टेंपो को सामने से टक्कर मार दी। टेंपो में सवार सभी लोग मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के बेलपकौना गांव के रहने वाले हैं।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

5 हजार रुपए के लिए युवक पर जानलेवा हमला

औरंगाबाद, एजेंसी। औरंगाबाद के अंबा बाजार में मंगलवार शाम को एक लेनदेन विवाद में युवक पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया गया। घायल युवक आकाश कुमार उर्फ रंजन को पहले कुटुंबा रेफरल अस्पताल और फिर गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी देते हुए आकाश ने बताया कि उसने अपने भाई राहुल की शादी के लिए ज्वैलर्स के मालिक अक्षय सोनी से 2।5 लाख रुपए के गहने उधार लिए थे। उसने 2 लाख रुपए चुका दिए थे।



शेष 50 हजार रुपए के लिए दुकानदार लगातार दबाव बना रहा था। इस विवाद में पहले भी दो बार मारपीट हो चुकी थी।

फोन पर गालियां भी दीं– अंबा थाने में पुलिस ने एक महीने में पैसे चुकाने का बांड बनवाया था। आकाश ने 45 हजार रुपए और चुका दिए। मात्र 4-5 हजार रुपए बाकी थे। मंगलवार शाम को दुकानदार का कर्मचारी चंदन सोनी पैसे मांगने आया। आकाश ने धंधा मंदा होने की बात कही। इस बात पर वह चंदन के फोन पर गालियां दीं।

क्या बोली पुलिस– आकाश जब दुकान पर बात करने गया, तो दुकानदार और उसके साथियों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। नुकीले हथियार से वार किए गए, जिससे कई जगह से खून निकलने लगा। थानाध्यक्ष राहुल राज ने कहा कि मारपीट की सूचना मिली है। आवेदन मिलते ही स्वढ्ढक्रदर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रसव के बाद प्रसूता की बिगड़ी तबीयत, मौत

छपरा, एजेंसी। छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में चिकित्सकीय लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मकेर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी देवेंद्र कुमार की पत्नी नेहा देवी के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि नेहा का पांच दिन पहले प्रसव हुआ था।

खून की कमी के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने ब्लड चढ़ाने की सलाह दी। पहला यूनिट सफलतापूर्वक चढ़ाया गया। दूसरे यूनिट के दौरान अस्पताल कर्मियों ने लापरवाही बरती।

घटना के बाद अस्पताल छोड़कर भागे कर्मी– मृतका के पति देवेंद्र कुमार ने बताया कि स्टाफ ने बार-बार सुई लगाने की कोशिश की। असफल होने पर उन्हें पैसों का इंतजाम करने के लिए बाहर भेज दिया। एक घंटे बाद लौटने पर नेहा की हालत गंभीर थी और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। अस्पताल का समूचा स्टाफ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पहुंची भगवान बाजार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और फरार अस्पताल कर्मियों की तलाश जारी है।

खड़े ट्रक से टकराई बाइक, चालक की मौत

जमुई, एजेंसी। जमुई में मलयपुर-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर एक दुर्दैवी घटना सामने आई। कटौना के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से एक बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी अशर्फी राम के बेटे विनोद राम (40) के रूप में हुई।

परिजनों ने बताया कि विनोद का खुद का एक ट्रक था। सोमवार की रात वह अपने ट्रक का निरीक्षण करने मलयपुर गए थे। वापसी के दौरान कटौना के पास उनकी बाइक तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल विनोद को सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

क्या लोकसभा की तर्ज पर एनडीए में बिहार विधानसभा सीटों का होगा बंटवारा?



पटना, एजेंसी। बिहार में इस साल विधानसभा का चुनाव होना है। बीजेपी के चाणक्य अमित शाह के बिहार दौरे के बाद सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। एनडीए में पांच घटक दल शामिल हैं। विशेषज्ञ भी कह रहे हैं लोकसभा में एनडीए के घटक दलों ने आसानी से समझौता किया था इसलिए फार्मूला लोकसभा वाला हो सकता है। ऐसे सभी दल की इच्छा होती है कि अधिक से अधिक सीट मिले और इसलिए विधानसभा में इस बार प्रेशर अधिक होगा।

सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा: लोकसभा चुनाव में भी पांचों घटक दल थे और 40 लोकसभा सीटों में से 17 बीजेपी, 16 जदयू, पांच लाजपा रामविलास, एक सीट हम और एक सीट उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को मिला था।अब लोकसभा के तर्ज पर ही बिहार विधानसभा के 243 सीटों का भी बंटवारा होगा। आधिकारिक रूप से भले ही घोषणा नहीं हुई है लेकिन अंदर खाने से जो खबर आ रही है विधानसभा में सीट शेयरिंग का फार्मूला लोकसभा के फार्मूले को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा।

जिताऊ उम्मीदवार पर जोर: अमित शाह बिहार दौरे में जहां बीजेपी को और एनडीए के घटक दलों को विजय का मूल मंत्र दिया है तो वही एकजुटता दिखाने की कोशिश भी की है। बिहार में एनडीए के पांचों घटक दल लोकसभा चुनाव में एकजुटता के साथ ताकत दिखाई थी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छोड़ दें तो सभी घटक दलों ने लोकसभा में खाता खोला। हालांकि बाद में उपेंद्र कुशवाहा को भी राज्यसभा से एनडीए ने सांसद बना दिया है।

चिराग पासवान को नुकसान: बिहार में पिछले लंबे समय से पांचों घटक दल संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। आने वाले समय में विधानसभा स्तर पर भी कार्यक्रम चलेगा। 2020 विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान ने अकेले चुनाव लड़ा था एनडीए से तालमेल नहीं हो पाया था और इसके कारण चिराग पासवान को बहुत नुकसान हुआ। साथ ही जदयू को भी नुकसान हुआ। जदयू पहली बार तीसरे नंबर की पार्टी हो गई और 43 सीटों पर सिमट गई जबकि चिराग पासवान को केवल एक सीट पर ही जीत हासिल हो पाई।

मांझी मांग रहे 40 सीट: चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा इस बार एनडीए में मजबूती से मौजूद हैं और हर मौके पर एकजुटा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। जीतन राम मांझी 2020 में भी एनडीए के साथ थे और उन्हें चार विधानसभा सीटों पर जीत भी हासिल हुई थी। इस बार भी एनडीए के साथ है हालांकि जीतन राम मांझी कई मौकों पर बयान भी दे देते हैं जो चर्चा में रहता है 40 सीटों की डिमांड करते रहे हैं। हालांकि बाद में अपने बयान से मुकर भी जाते हैं।

लोकसभा में एनडीए को मिली थी 40 सीट: पिछले साल लोकसभा चुनाव में एनडीए ने एकजुटता दिखाते हुए 40 में से 30 सीटों पर शानदार जीत हासिल की। चिराग पासवान को 5 सीट मिला था पांचों पर जीत हासिल हुई बीजेपी ने 17 में से 12 सीट तो जदयू ने 16 में से 12 सीट पर जीत हासिल किया हम को एक सीट मिला था।

लोकसभा के फार्मूले पर बंटवारा हुआ तो आपत्ति

अब सवाल यह है कि क्या यदि लोकसभा की तर्ज पर विधानसभा में पांचो घटक दल के बीच सीटों का बंटवारा होता है तो जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा इसके लिए तैयार होंगे या नहीं? क्योंकि उन्हें केवल छह या सात विधानसभा सीट ही मिलेगी।

लोकसभा के फार्मूले से किसे कितना सीट मिलेगा

लोकसभा के फार्मूले पर यदि बिहार में सीटों का बंटवारा हुआ तो 243 सीटों को लोकसभा की 40 सीटों के हिसाब से बांटते हैं तो प्रत्येक लोकसभा सीट पर छह विधानसभा सीट के आसपास बैठता है। ऐसे में बीजेपी को 17 सीट लोकसभा में मिला था तो विधानसभा में 102 सीट होता है, जदयू को 16 सीट मिला था तो विधानसभा में 96 सीट होता है।

जिताऊ उम्मीदवार पर जोर

लोकसभा चुनाव के दौरान भी वीआईपी को लाने की कोशिश हुई थी लेकिन मुकेश सहनी का डिमांड बहुत ज्यादा था और बीजेपी उसके लिए तैयार नहीं हुई। ऐसे तो विधानसभा चुनाव में अभी 6- 7 महीने का समय है और वीआईपी भी एनडीए में आ गई तो उसे भी एनडीए के बड़े घटक दलों को अपने हिस्से से कुछ सीट देना होगा। अमित शाह के बिहार दौरे में जहां भाजपा नेताओं को जीत का मूल मंत्र दिया गया है तो ही एनडीए के घटक दलों को भी जिताऊ उम्मीदवार पर जोर देने और एकजुटता दिखाने की नसीहत दी गई है।

2020 में थे 5 दल

2020 विधानसभा चुनाव में एनडीए में चार दल शामिल थे। बीजेपी और जदयू के बीच लगभग बराबर सीटों का बंटवारा हुआ था। जदयू को 122 सीट मिला था तो बीजेपी को 121 सीट जदयू ने अपने कोटे की सीट में से जीतन राम मांझी की पार्टी को 7 सीट दिया था जबकि भाजपा ने वीआईपी को 11 सीट बाद में वीआईपी एनडीए से बाहर हो गई वहीं चिराग पासवान की पार्टी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी एनडीए में शामिल हो गए।

पांचों दल एकजुटता दिखा रहें

लोकसभा में एनडीए में 5 दल थे और विधानसभा चुनाव में भी पांचों दल अपनी एकजुटता दिखा रहे हैं। एक बार फिर से बीजेपी और जदयू के बीच लगभग बराबर बराबर सीटों का बंटवारा होना तय माना जा रहा है। कुछ सीटों का अंतर हो सकता है और शेष बचे सीटों में शेष तीनों दलों को दिया जाएगा और उसमें भी सबसे बड़ा हिस्सा चिराग पासवान की पार्टी को जाना है।

225 सीट जीतने का लक्ष्य

2020 की तरह चिराग पास इस बार कोई गलती करेंगे इसकी संभावना कम है। बिहार एनडीए ने इस बार 225 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है और राजनीतिक जानकार कह रहे हैं कि सीटों के बंटवारे में कोई विवाद नहीं हुआ तो एनडीए 2010 वाली फिर से विजय पताका फराह सकती है।

ऑटो और ई-रिक्शा से बच्चों को स्कूल ले जाने पर बैन, नीतीश सरकार के फैसले से यूनियन नाराज

पटना, एजेंसी। एक अप्रैल यानी मंगलवार से ऑटो और ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसे लागू करने के लिए यातायात पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। मंगलवार से जो भी ऑटो और ई-रिक्शा स्कूली बच्चों को ढोते पाए जाएंगे, उनपर यातायात पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके लिए ट्रैफिक एसपी ने कर्मियों को निर्देश जारी किया है।



ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही प्रमुख चौक-चौराहे सहित स्कूलों के समीप यातायात पुलिस की टीम तैनात रहेगी। निर्देश के बावजूद परिचालन करते पाए जाने पर ऑटो और ई-रिक्शा मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। राजधानी में नियमों के विपरीत ऑटो और ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है। उन वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के उपाय तो दूर तीन यात्री की सीट पर आठ से 10 बच्चों को ठूंस कर बिठाया जा रहा है।

वहीं, अप्रशिक्षित चालक होने के कारण ऑटो और ई-रिक्शा से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। पटना में करीब पांच हजार ऑटो और ई-रिक्शा स्कूली सेवा में लगे हैं। कार्रवाई के लिए आयकर गोलंबर, डाकबंगला चौराहा, बोरिंग रोड और दीघा चौराहे के अलावा स्कूलों के समीप यातायात पुलिस मौजूद रहेगी। परिवहन विभाग भी स्थिति पर नजर रखेगा। जुर्माना के अलावा वाहन जब्त भी किए जा सकते हैं।

ऐसे वाहनों के लिए नियम तय– स्कूली बच्चों को ढोने वाले वाहनों के लिए नियम तय हैं। वाहन का रंग पीला और चालक प्रशिक्षित होने के साथ ही बच्चों की सुरक्षा के लिए खिड़की पर ग्रिल लगा होना चाहिए। वाहन में प्राथमिक चिकित्सा किट और आग बुझाने वाले उपकरण अनिवार्य हैं।

यूनियन विरोध में उतरा– ऑटो और ई-रिक्शा से बच्चों को स्कूल नहीं ले जाया जाएगा। इसका फैसला तमाम ऑटो यूनियनों ने लिया है। मंगलवार से कई स्कूल खुल रहे हैं। ऑटो और ई-रिक्शा से बच्चों को स्कूल नहीं ले जाने के आदेश का विरोध तमाम ऑटो यूनियन कर रहे हैं। इसको लेकर ऑटो यूनियन द्वारा बुधवार को गर्दनीबाग में धरना भी दिया जाएगा। ऑटो यूनियन के अजय पटेल ने बताया कि परिवहन विभाग के इस आदेश से ऑटो और ई-रिक्शा चालक की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। आदेश के विरोध में हमलोगों ने बच्चे को स्कूल नहीं ले जाने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि इस आदेश से राजधानी समेत जिले के 50 हजार से अधिक स्कूली बच्चे प्रभावित होंगे। ये बच्चे ऑटो या ई-रिक्शा से स्कूल आते-जाते हैं।

बिहार में 62 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत, श्रमिकों की भी बढ़ी मजदूरी

पटना, एजेंसी। बिहार सरकार ने 62 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को राहत दी है। आज से स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। बिहार में 2.12 करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ता है। उसमें से सवा करोड़ ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को 54 पैसे प्रति यूनिट आज से कम भुगतान करना होगा। 31 मार्च 2026 तक यह व्यवस्था लागू रहेगी।



बिजली उपभोक्ताओं को राहत

ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को अभी 50 यूनिट तक 7.42 रुपये प्रति मिनट की राशि का भुगतान करना पड़ता है। वहीं 50 से अधिक यूनिट होने पर 7.96 प्रति यूनिट का भुगतान करना पड़ता है। हालांकि सरकार इस पर सब्सिडी देती है। 50 यूनिट में तो कोई फेर बदल नहीं किया गया है। 50 यूनिट से अधिक खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 54 पैसे कम यानी 7.42 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करना होगा।

प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए शानदार ऑफर

उधर शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को अभी 100 यूनिट बिजली खर्च करने पर 7.42 रुपए प्रति यूनिट के दर से भुगतान करना होता है। 100 यूनिट से अधिक खर्च करने पर 8.95 प्रति मिनट का भुगतान करना होता है। शहरी उपभोक्ताओं के लिए कोई फेर बदल नहीं किया गया है लेकिन प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट कम राशि देना होगा। सरकार शहरी और ग्रामीण दोनों उपभोक्ताओं के लिए के लिए सब्सिडी देती है। 2024 -25 में नीतीश सरकार 15343 करोड़ सब्सिडी दे रही है।

6 महीने तक नहीं लगेगा जुर्माना

स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को सरकार पहले से ही राहत दे रही है। अगर ऐसे उपभोक्ता 6 महीने तक लोड से अधिक बिजली की खपत करते हैं तो उन्हें जुर्माना नहीं देना होगा। हालांकि जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर 6 महीने से पुराने हो चुके हैं और वह तय लोड से अधिक की खपत कर रहे हैं तो उन्हें इसके लिए जुर्माना देना होगा।

बिहार में श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी:

वहीं बिहार सरकार ने श्रमिकों की मजदूरी भी आज से ?12 बढ़ा दी है और कुशल मजदूरों को प्रतिदिन 412 रुपये के बदले अब 424 रुपये प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। श्रम संसाधन विभाग की ओर से न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अंतर्गत बढ़ोतरी की गई है। अर्द्ध कुशल मजदूर को 428 के जगह अब 440 रुपये प्रतिदिन मिलेगा। वहीं कुशल मजदूरों को 521 रुपये की जगह अब 533 रुपये प्रतिदिन मिलेगा अति कुशल श्रमिकों को 636 के जगह 654 रुपये प्रतिदिन मिलेगा।

सहरसा का 72वां स्थापना दिवस

कोसी प्रमंडल का मुख्यालय, लेकिन विश्वविद्यालय की कमी से छात्र परेशान



सहरसा, एजेंसी। सहरसा जिले को स्थापित हुए 72 वर्ष पूरे हो गए हैं। एक अप्रैल 1954 को भागलपुर और मुंगेर के कुछ हिस्सों को मिलाकर इस जिले का गठन किया गया था। 2 अक्टूबर 1972 को इसे कोसी प्रमंडल का मुख्यालय बनाया गया। जिले में सदर अस्पताल, राजकीय पॉलिटेक्निक, महिला कॉलेज और स्कूलों की स्थापना हुई। साथ ही, सरकारी कार्यालय और आवासीय परिसर भी बनाए गए। लेकिन आज तक जिले में एक भी विश्वविद्यालय नहीं है।

मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य नहीं हुआ शुरू– शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले ने प्रगति की है। दो निजी मेडिकल कॉलेज, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और आईटीआई की स्थापना हुई है। पिछले साल सरकारी मेडिकल कॉलेज को मंजूरी मिली। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

लालू राज में नहीं बना विश्वविद्यालय– रिटायर्ड प्रोफेसर रामजी प्रसाद (80) बताते हैं कि 1980 के दशक में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ। जगन्नाथ मिश्रा ने विश्वविद्यालय निर्माण की पहल की थी। सहरसा कॉलेज में इसकी आधारशिला भी रखी गई। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के कार्यकाल में यह विश्वविद्यालय मधेपुरा में स्थानांतरित कर दिया गया।

विकास की नई संभावनाएं– हालांकि, मक्का आधारित उद्योग, मछली और मखाना उत्पादन से जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। शहर में हवाई पट्टी के विस्तार की योजना है। छोटे विमानों के संचालन से विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

छात्रों को होती है परेशानी

विद्यार्थी विद्याभूषण ने बताया कि बिहार के सभी 9 प्रमंडलों के जिला मुख्यालयों में विश्वविद्यालय है। केवल सहरसा ही ऐसा कमिश्नरी मुख्यालय है, जहां विश्वविद्यालय नहीं है। इससे क्षेत्र के छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विकास की एक अन्य बड़ी बाधा है रेलवे फ्लाईओवर का न होना। दो भागों में विभक्त रेल मार्ग के ऊपर आज तक फ्लाईओवर का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे नागरिकों को दैनिक यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

हालांकि, संपर्क सुविधाओं में सुधार हुआ है। कोसी नदी पर बलुआहा पुल बनने से पश्चिमी क्षेत्रों से जुड़ाव बढ़ा है। 2005 में ब्रांड गेज से जुड़ने के बाद पटना, कोलकाता, दिल्ली और मुंबई के लिए सीधी रेल सेवा शुरू हुई। लेकिन एनएच 107 और उग्रतारा मार्ग का निर्माण पूरा होने पर यातायात और सुगम होगा।

प्रो डॉ गोपाल प्रसाद सिंह कहना है कि लालू की सरकार में विश्वविद्यालय को जब मधेपुरा में स्थानांतरित कर दिया गया। जनता को उसी समय सरकार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए थी। साथ ही, शिक्षकों को आगे आकर अपनी मांग रखनी चाहिए थी। लेकिन उस समय किसी ने इसका विरोध नहीं किया और यहीं वजह है कि आज तक हमारे जिले में विश्वविद्यालय नहीं है।

ललन सिंह ने तेजस्वी पर कसा तंज, कहा- सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के बाद तेजस्वी यादव का ही स्थान है

पटना, एजेंसी। बिहार में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए प्रदेश में बड़े नेताओं का दौरा जारी है। उनके मिशन बिहार और बयानों पर सिसायत भी घमासान का रूप लेता जा रहा है। शनिवार को बीजेपी के चाणक्य अमित शाह दो दिवसीय पर बिहार आए और पटना और गोपालगंज में हुंकार भरी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अमित शाह पर झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया तो नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के ललन सिंह ने पलटवार कर दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के बाद तेजस्वी यादव का ही स्थान है।



ललन सिंह से पटना में पत्रकारों ने अमित शाह को लेकर तेजस्वी यादव के बयान पर सवाल पूछा। इस पर तंज कसते हुए ललन सिंह ने कहा कि सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के बाद तेजस्वी यादव का ही स्थान है। हरिश्चंद्र बनते रहें और पीठ अपना थपथपाते रहें। अमित शाह ने जो भी कहा है, सत्य कहा है। तेजस्वी यादव को चिंता करने की जरूरत नहीं है वे अपनी चिंता करें। बिहार की जनता तय कर लेगी कि उनका स्थान कहां है। एनडीए के सभी घटक दल मजबूती से साथ हैं और हम लोग एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और 2025 में बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

अमित शाह के दौरे पर लालू यादव का भी बयान आया है। पांच साल में बिहार को बाढ़ की समस्या पर पूर्ण नियंत्रण करने के अमित शाह के बयान पर लालू यादव ने कहा कि बीस सालों से बाढ़ को आमंत्रण दे रहे थे क्या? सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लालू प्रसाद ने लिखा कि एक बार हमे मौके मिले तो बाढ़ नियंत्रण का काम करेंगे। अमित शाह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिहार में आ रहे हैं। 24 अप्रैल को मधुबनी में उनकी जनसभा प्रस्तावित है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के मौके पर बिहार भर के पंचायत प्रतिनिधि जुटेंगे और मोदी देश को हजारों करोड़ की सौगात देंगे।

बाढ़ में थिनर फैक्ट्री में लगी आग

ट्रैक्टर, लॉरी समेत 7 वाहन जलकर राख

पटना, एजेंसी। बाढ़ के गुलाबबाग में सोमवार देर शाम थिनर फैक्ट्री में आग लग गई। चंद मिनटों में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। 4 घंटे की मशक्कत के बाद 12 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया गया।



आगजनी की घटना में चार ट्रैक्टर, 2 मैजिक और एक लॉरी जलकर राख हो गई। जैसे-जैसे आग फैलती? गई, वैसे-वैसे थिनर के ड्रम तेज आवाज के साथ फटते? गए। लपटें? इतनी तेज थी कि कई कर्मचारी भी मामूली तौर पर झुलस गए। एक को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।?

कई घरों को नुकसान– स्थानीय राजेश कुमार ने बताया कि फैक्ट्री के पास खेतों में गेहूं की फसल लगी थी। आग से फसलों को भी नुकसान हुआ है। कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। पानी की टंकी भी जल गई है। यहां औरतें भी काम करती थी।

घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू– वहीं, पटना अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री के आसपास के घरों में अगर आग लग जाती तो काफी जान माल की क्षति हो सकती थी। इथेनॉल या थिनर की आग पेट्रोल से भी ज्यादा भयानक होती है। ऐसी स्थिति में हम लोगों के लिए चुनौती भरा कार्य था। एक थिनर भरा टैंकर भी जलकर राख हो गया।

जांच के बाद कार्रवाई करेंगे– ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि फैक्ट्री में फायर सेफ्टी के इंतजाम थे या नहीं इसकी जांच की जाएगी। अगर फायर सेफ्टी के नियम का पालन नहीं किया गया होगा तो जांच के बाद फैक्ट्री मालिक पर कार्रवाई करेंगे।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 01-04-2025 21:55 Page 1

बंदूक की नोक पर पति के सामने सामूहिक दुष्कर्म

- देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे पति-पत्नी
- आरोपित को गिरफ्तार करने गयी पुलिस पर परिजनों ने किया हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा में एक महिला के साथ दुष्कर्म और लूटपाट की गई थी। दो दरिंदों ने बंदूक के बल पर महिला का उसके पति के सामने ही सामूहिक दुष्कर्म किया और 50,990 रुपया कैश भी लूट लिया। इसके बाद महिला ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे की तलाश में छापेमारी कर रही है। हिलसा एसडीपीओ-2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि 30 मार्च को इस्लामपुर थाना को सूचना प्राप्त हुई थी कि विशुनपुर नहर के पास दो व्यक्तियों ने हथियार के बल पर एक महिला से दुष्कर्म किया और 50,990 रुपये लूट लिए। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

इस्लामपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच के बाद आरोपी खुदागंज थाना क्षेत्र के शोभा बिगहा निवासी कौशलेंद्र कुमार उर्फ बन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा आरोपी इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बेशवक निवासी सौदागर बिन्द के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुट गई है। सौदागर घटना के बाद से ही फरार चल रहा है। इस्लामपुर थाना द्वारा इस मामले में से संपर्क किया गया और महिला के मेडिकल जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। इस्लामपुर थाना में इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई।

बताया जा रहा है कि पति-पत्नी बाइक पर सोमवार देर शाम घर लौट रहे थे। इसी बीच अपराधियों ने उनका रास्ता रोका। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने नगद राशि और आभूषण छीन लिए।

विरोध करने पर दंपती के साथ मारपीट की और फिर महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई की, लेकिन दूसरा आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पकड़े गए आरोपी को हिरासत में ले लिया। वहीं पीड़िता को मेडिकल के अस्पताल भेज दिया।

इधर, पुलिस टीम को सूचना मिली दूसरा आरोपी के औंगारी थाना क्षेत्र में छिपा है। इसी मामले को लेकर पुलिस ने उसके दोस्त बबलू कुमार और रंजीत कुमार के घर छापेमारी की। इस दौरान दोनों के परिवार वालों ने पुलिस पर हमला कर दिया।

पुलिस को बल कम होने के कारण पीछे हटना पड़ा। इसके बाद अतिरिक्त बल बुलाकर पुनः छापेमारी की गई और हमलावरों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पर हमला करने के मामले में कुल 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि, फरार आरोपी सौदागर बिन्द का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस का कहना है कि सौदागर बिंद के खिलाफ छापेमारी चल रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

नाबालिग युवती से सामूहिक दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना बीते रविवार की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना के आरोपी तीन विधि विरुद्ध बालक भी निरुद्ध किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, सासाराम के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते रविवार को स्थानीय चार युवक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले गए। फिर किसी अनजान जगह ले जाकर उससे दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

चारों आरोपियों के छोड़ने के बाद पीड़िता ने जब घर आकर अपने माता-पिता को पूरी घटना की जानकारी दी तो सभी हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का मन बना लिया। लेकिन इसी बीच आरोपियों द्वारा लगातार पीड़िता के परिवार पर दबाव बनाया जा रहा था, जिसके कारण मामला कुछ दिन दबा रहा। हालांकि पीड़ित परिवार ने अंततः चारों आरोपियों के खिलाफ मुफस्सिल थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें गुड्डू कुमार सहित तीन विधि विरुद्ध बालक शामिल हैं। मामले को लेकर मुफस्सिल थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने गांव के ही गुड्डू कुमार नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है और घटना के आरोपी तीन विधि विरुद्ध बालक भी निरुद्ध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित युवती की मेडिकल जांच कराई गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बंगाल की जेल से रची गयी थी तनिष्क लूट की साजिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार पुलिस के मुख्यालय में एडीजी हेडक्वार्टर कुंदन कृष्णन बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के विभिन्न जिलों (पूर्णिया और आरा में तनिष्क शोरूम में) में जो सोने-चांदी और हीरे की लूट हुई है, उसकी साजिश पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल से रची गई थी। इस मामले में अब तक 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं एक अपराधी पुलिस एनकाउंटर के दौरान अररिया में मारा गया था। एडीजी ने बताया कि पुरुलिया जेल में रहते हुए शेरू और चंदन नाम के अपराधी अपने गुर्गों के माध्यम से लूट की वारदातों को अंजाम दिला रहे थे। यह दोनों अब पुलिस के गिरफ्त में हैं। यह लोग विशेष रूप से, सारण और वैशाली जिलों के युवाओं को गैंग में शामिल कर बड़ी वारदातों को अंजाम दिला रहे थे।

इतना ही नहीं इनके तार हरियाणा और जम्मू कश्मीर तक से जुड़े थे। वारदात को अंजाम देने के बाद यह लोग इन राज्यों में शरण लेते थे।

एडीजी हेडक्वार्टर ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में इनके पास से मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस और कई सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

पूछताछ के दौरान जेल में बंद इन अपराधियों ने अपनी कई आपराधिक गतिविधियों को स्वीकार किया। इसमें छपरा में एक बड़े ज्वेलरी शोरूम को लूटने की योजना भी शामिल थी, जिसे बिहार पुलिस ने विफल कर दिया।

एडीजी कुंदन कृष्णन ने इन अपराधियों की अवैध संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने उन सभी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के लिए एक अलग जेल बनाने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजने की बात कही, ताकि वह नए अपराधियों को अपने सागिर्द ना बना सकें।

निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री को जीविका दीदियों ने घेरा

समस्याओं के जल्द समाधान का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने मंगलवार को डीएमसीएच (दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यू सर्जिकल भवन और मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का जायजा लिया। उनके निरीक्षण की सूचना मिलते ही अस्पताल अधीक्षक डॉ. शीला कुमारी, उपाधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार और अन्य वरिष्ठ डॉक्टर मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जीविका दीदियों ने छह महीने से बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर मंत्री का घेराव किया।

मंत्री संजय सरावगी ने जीविका दीदियों से बातचीत कर जल्द मानदेय भुगतान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर संतोष जताते हुए कहा कि जो भी कमियां रह गई हैं, उन्हें जल्द ही दूर किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान मीडिया से बात करते हुए मंत्री संजय सरावगी ने पूर्ववर्ती महागठबंधन सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यह वही अस्पताल है, जहां पहले मरीजों के बजाय बेड पर कुत्ते दिखते थे। लेकिन अब यहां मरीजों का इलाज होते हुए दिखाई देता है। 2005 से पहले लालू यादव के शासनकाल और बाद में जब महागठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव स्वास्थ्य मंत्री थे, तब अस्पतालों में कोई व्यवस्था नहीं थी। मरीजों की जगह कुत्ते बेड पर सोते थे। आज हमारी सरकार ने अस्पतालों की हालत में सुधार किया है और सुविधाएं बढ़ाई हैं।

मंत्री ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार सिर्फ उद्घाटन और फीता काटने में लगी रहती थी। जबकि हमारी सरकार जनता की सेवा के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम जिस अस्पताल में खड़े हैं, उसे तेजस्वी यादव ने अधूरे हाल में ही उद्घाटित कर दिया था, क्योंकि उन्हें मालूम था कि उनकी सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। मंत्री ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कुछ कमियां देखने को मिली हैं, जिनका जल्द समाधान किया जाएगा। इसके अलावा जीविका दीदियों की बकाया राशि की शिकायत को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि डीएमसीएच की सभी समस्याओं की जानकारी पटना में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भेज दी गई है, और जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा।

गेहूं काटने के दौरान मशीन से कटी दो महिलाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सीवान। सीवान जिले के रघुनाथपुर प्रखंड के गभिरार गांव में गेहूं काटने के दौरान एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। खेत में काम कर रही दो महिलाएं कंबाइन हार्वेस्टर मशीन की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक, मृत महिलाओं की पहचान गभिरार गांव निवासी मनोज साह की पत्नी कौशल्या देवी और श्यामा महतो की पत्नी चंपा देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं गेहूं की फसल काटने के लिए खेत में गई थीं। उसी समय खेत में लगी कंबाइन हार्वेस्टर मशीन भी गेहूं की कटाई कर रही थी, तभी अचानक दोनों महिलाएं मशीन की चपेट में आ गईं। मशीन के भारी दबाव और तेज रफ्तार के कारण वे संभल नहीं सकीं और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। जब परिजनों ने महिलाओं के शव देखे तो चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए और घटना को लेकर भारी आक्रोश जताने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

अक्षरा सिंह ने दर्शकों को कहा कुत्ता, वीडियो वायरल

घटना से लोगों में रोष, खुद को बतायी शेरनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह एक बार फिर से चर्चा में है। उन्होंने आरा में एक कार्यक्रम के दौरान दर्शकों को सरेआम गाली दे दी है। इससे बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यह घटना हिन्दू नव वर्ष समारोह के दौरान बखोरापुर में रविवार रात को हुई। इस कार्यक्रम में अक्षरा सिंह ने दर्शकों के प्रति अपशब्दों का प्रयोग करते हुए 'कुत्ता' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। अब अक्षरा सिंह के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग अक्षरा सिंह पर कई तरह के आरोप लगा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के बखोरापुर गांव में बीते रविवार उद्योगपति अजय सिंह द्वारा हिन्दू नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें अभिनेत्री अक्षरा सिंह समेत कई मशहूर कलाकारों को बुलाया गया था। कार्यक्रम के दौरान सब कुछ सामान्य चल रहा था। इसी बीच दर्शकों में से किसी ने हूटिंग कर दी। बताया जा रहा है कि कुछ दर्शकों ने सुपरस्टार पवन सिंह को लेकर भी टिप्पणी की। इसी बात पर अक्षरा सिंह भड़क गईं। उन्होंने फौरन गाना गा रहे अपने साथी कलाकार को रोक दिया। इसके मंच से ही हूटिंग करने वाले दर्शक को कहा कि हिम्मत हो तो आगे आओ। मैं शेरनी हूं, डरने वालों में से नहीं हूं, और तुम लोगों को मैं 'कुत्ता' ही कह सकती हूं। इससे ज्यादा के लायक नहीं हो।



अभिनेत्री अक्षरा सिंह के बयान का किसी दर्शक ने वीडियो रिकॉर्डिंग कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं इस घटना से लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि अक्षरा सिंह को अपने दर्शकों को इस तरह गाली नहीं देनी चाहिए।

बिजली चोरी रोकने गये कर्मियों को धूना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कहलगांव। बिहार के भागलपुर जिले में कुशापुर गांव में रविवार रात आठ बजे विद्युत चोरी रोकने गए छापामारी दल पर मिल मालिक सहित असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया।इस हमले में सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार चौधरी, कनीय विद्युत अभियंता सुदीप कुमार सुमन, आनंद कुमार एवं लाइनमैन मिस्त्री नीरज कुमार घायल हो गए। इनलोगों के साथ लात-घूंसे से मारपीट की गई और मोबाइल छीन लिया गया। सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता एवं मिस्त्री का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।

सहायक विद्युत अभियंता ने थाना में मुकदमा के लिए लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी रोकने के लिए छापामारी दल का गठन किया गया है।

छापामारी दल रविवार की करीब आठ बजे रात में कुशापुर गांव पहुंचा। जहां सुबोध साह विद्युत चोरी कर मिल चला रहा था।

इसके कारण विद्युत विभाग को चार लाख 40 हजार सात सौ 28 रुपये का नुकसान हुआ है। विभाग के मिस्त्री ने मिल की बिजली काट दी और तार को जब्त कर लिया गया।

इस पर सुबोध साह और उसका चचेरा भाई पंकज साह व सोहन कुमार गुप्ता भड़क गए और हो-हल्ला करने लगे। सुबोध साह ने धमकी दी कि एक लाख रुपये छिनताई का मुकदमा करेंगे। हो-हल्ला होने पर भीड़ जुट गई।

आरोपितों ने भीड़ को उकसाते हुए कहा कि मिस्त्री पैसा लेकर विद्युत चोरी कराता है। इन सभी को मारो और बांध कर रखो। भीड़ को उकसाकर हमला करा दिया।

इस दौरान अभियंताओं व कर्मियों को पीटा और मोबाइल छीन लिया।

गांव में रह रहे बिजली मिस्त्री मनोज कुमार यादव के पहुंचने पर भीड़ तितर-बितर हुई। सहायक अभियंता ने सुबोध, पंकज, सोहन एवं अज्ञात लोगों पर मुकदमा किया है।

11 अंचलों के 40 मौजा का खतियान गायब

कागजात से छेड़छाड़ की आशंका


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में जमीन सर्वे के बीच एक बड़ी परेशानी सामने आई है। बताया जा रहा है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जमीन के खतियान को डिजीटाइज्ड किया जा रहा है। इसे स्कैनिंग कर आनलाइन किया जाएगा ताकि रैयतों को अभिलेख खोजने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो और यह सुरक्षित भी रहेगा, लेकिन इस दौरान चौंकाने वाली बात सामने आई है।

दरअसल, जिले के 11 अंचलों के 40 मौजा का खतियान अंचल अभिलेखागार से गायब है। स्कैनिंग की जिम्मेदारी एमएस कैपिटल बिजनेस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई है। एजेंसी द्वारा इसकी जानकारी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भेजी गई है।

बताया गया कि खतियान नहीं मिलने से स्कैन करने का कार्य बाधित है। इसपर विभाग के सचिव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने समाहर्ता को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। कहा है कि शीघ्र इन गायब खतियान को खोजकर एजेंसी को उपलब्ध कराए जाए ताकि स्कैनिंग कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे।

इसी प्रकार की स्थिति राज्य के कई अंचलों में बताई जा रही है। बताया गया कि कैडेस्ट्रल खतियान के अभाव में जिले के 11 अंचलों के 40 गांव के अभिलेखों की स्कैनिंग नहीं हो पा रही है। इसमें शहरी क्षेत्र समेत मुशहरी अंचल के सर्वाधिक 15 मौजे का खतियान गायब है।



विभागीय सूत्रों की मानें तो जमीन के खतियान से कर्मियों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है। इसके अलावा रखरखाव के अभाव में भी अभिलेखागार से खतियान गायब अथवा नष्ट हो सकता है। इससे भू-धारी के साथ विभाग भी परेशान है।

विभागीय रिकॉर्ड पर गौर करें तो इसमें शहरी क्षेत्र के सरैयागंज, सिकंदरपुर, माड़ीपुर, सहबाजपुर, कन्हौली विशुनदत्त, बड़ा जगन्नाथ, महमदपुर काजी समेत अन्य क्षेत्रों के खतियान गायब हैं। सचिव की ओर से इसपर संज्ञान लेने के आलोक में गायब खतियान की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

ठेला पर लाश मिलने से हड़कम्प

पटना। पटना में एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना आलमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नया गांव मोहल्ले में अवध गिरीन कमेटी हॉल के पास की है। मंगलवार सुबह ठेले पर लावारिश हालत में युवक की लाश मिली है। इसे देखकर स्थानीय लोग दहशत में हे। लोगों ने फौरन पुलिस को जानकारी दी। पुलिस एफएसएल की टीम की मदद से जांच में जुट गई है। मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है। स्थनीय लोग भी अब तक शिनाख्त नहीं कर पाए हैं।

वही थानेदार आलमगंज द्वारा बताया गया एक युवक की लाश मिली है। स्थानीय लोग और आसपास के थानों की मदद से युवक की पहचान की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक आसपास के इलाके का नहीं है। सोशल मीडिया पर भी सर्च किया लेकिन इसका पता नहीं चल रहा है। इसकी मौत कैसे हुई? यह जांच का विषय है।

वहीं पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी है। इसमें पता चला कि दो लोग साथ में थे।

शिक्षिका ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अजगैवीनाथ धाम। भागलपुर जिले में एक शिक्षिका के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। अजगैवीधाम शहर के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में शिक्षिका के साथ जबरन दुर्व्यवहार एवं जान से मारने की धमकी देने की नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

इस संबंध में मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र की एक शिक्षिका ने सुल्तानगंज थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि वह बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षिका है।

करीब तीन माह से करण उर्फ मुकेश नाम का लड़का उसे फोन पर अक्सर परेशान करता है। अलग-अलग नंबर से फोन कर कहता है कि जहां बुलाऊंगा वहां आना होगा। तुमको मेरे साथ शादी करनी होगी। नहीं तो तुम्हारे भाई और बेटा को गोली मार देंगे।

बदमाश ने यह भी कहा कि अगर यह बात किसी को बताई तो जान से मार देंगे। लड़के ने डरा धमकाकर शिक्षिका को अजगैवीनाथ धाम बुलाया।

वह डरी सहमी जब अजगैवीनाथ धाम पहुंची तो वह उससे मिलने स्टेशन के बाहर आया और जबरदस्ती करते हुए स्टेशन के पास एक होटल में ले जाकर जबरदस्ती की। इस दौरान उसने शिक्षिका का वीडियो भी बनाया।

शिक्षिका ने आगे बताया कि जब मैंने विरोध किया तो उसने अपने बैग से बंदूक निकाल कर धमकाते हुए मेरा मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बता दें कि बिहार में महिलाओं और लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार के कई मामले आए दिन सामने आते हैं।

मो. जाहिद हुसैन ने नमाज अदा कर देशवासियों के लिए मांगी अमन-चैन की दुआएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टुण्डी। टुण्डी प्रखंड के रामपुर मोड़ स्थित ईदगाह मस्जिद में सोमवार को सभी समुदायों के साथ सीआईडी चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन ने ईद का नवाज अदा किया एवं सभी देशवासियों के लिए भाईचारे एवं अमन-चैन की दुआएं अर्ज किया।



अपने संबोधन में चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन ने कहा कि भारत जैसे महान देश जो कि अब्दुल कलाम, अटल बिहारी वाजपेई, तेंदुलकर जैसे व्यक्तित्व वाले महान लोगों का देश में अमन चैन कायम रहे और हम सभी भाई एकजुट होकर देश के लिए मर मिटे यही उन वीर सपूतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि अपने मुल्क की सलामती और अमन-चैन की दुआएं ही सच्चा देशभक्ती की पहचान है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार इस्लाम में एक खास पर्व माना गया है जिसमें रमजान के पूरे महीने रोजे रखने के बाद मनाया जाता है। यह दिन खुशी, इबादत और आपसी भाईचारे का प्रतीक मानते हुए सभी मुसलमान भाई अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं। सुबह से ही लोगों का मस्जिदों में नमाज अदा के लिए भीड़ उमड़ पड़ा जहां नमाज अदा करने के बाद सभी एक दूसरे से गले मिले और ईद की बधाइयां दी।

चेयरमैन द्वारा अपने निजी मद से विभिन्न स्टॉलों में अतिथियों के लिए नास्ते का प्रबंध किया था साथ ही असहायों, गरीबों के बीच आर्थिक मदद कर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

वहीं लछुरायडीह जामा मस्जिद में सुबह से ही नवाजियों की भीड़ जुटने लगी तथा सभी लोग अंतिम नवाज का रस्म पूरी की तथा शिकवे दूर कर सभी एक दूसरे से गले मिले और पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।

ईद के मौके पर सीआईडी चैयरमैन द्वारा टुण्डी के अवर निरीक्षक अखिलेश प्रसाद तथा नवबिहार टाइम्स टुण्डी संवाददाता दीपक पाण्डेय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उनके निजी सचिव मोहम्मद सफी साहब,टुण्डी थाना के अवर निरीक्षक अखिलेश प्रसाद पूर्व मुखिया अनवर अंसारी तथा इबरार अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, इम्तियाज हुसैन, अकरम हुसैन, अजीमुद्दीन उर्फ छोटू अंसारी, डॉ अनवर अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सीट बंटवारे को ले दलों में मंथन शुरू

नए दलों ने बढ़ा रखी है गठबंधनों की टेंशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा का चुनाव अगर निर्धारित समय पर हुआ तो यह अक्टूबर से शुरू होकर नवंबर में समाप्त होगा। सभी दल समय पर चुनाव की संभावना प्रकट कर रहे हैं, लेकिन दलों की तैयारी बता रही है कि ये किसी भी समय चुनाव के लिए तैयार हैं। इस कारण दोनों बड़े गठबंधन के दलों के बीच लड़ने वाली सीटों को लेकर मंथन शुरू हो गया है।

एनडीए और महा गठबंधन के तीन बड़े दल अपने लिए अधिक सीटों की गारंटी के साथ सहयोगी दलों के लिए इतनी सीटें छोड़ने की रणनीति पर चल रहे हैं, जिनसे असंतोष की संभावना न रहे।

आम तौर पर पिछले चुनाव की हार-जीत और घटक दलों की संख्या में कमी-वृद्धि के आधार पर अगले चुनाव में सीटों का बंटवारा होता है। दोनों गठबंधन में इस आधार पर सहमति बनाने की कोशिश हो रही है कि जिस दल की पिछले चुनाव में जितनी सीटें थीं, वह उनके पास रह जाएं। बची हुई सीटों का बंटवारा जीत की संभावना के अनुमान से किया जाए। जीती हुई सीटों पर किसी गठबंधन में विवाद नहीं है, लेकिन बाकी सीटों का वितरण किस तरह किया जाए, इस पर मंथन चल रहा है।

इसमें नए दलों की आमद नया विषय है। एनडीए में लोजपा (रामविलास) के अलावा राष्ट्रीय लोक मोर्चा इस विधानसभा चुनाव के नए फरीक हैं। उधर, महागठबंधन में वीआईपी का आगमन हुआ है। दोनों गठबंधनों के लिए ये सहयोगी बड़ी समस्या पैदा कर रहे हैं।

पिछले चुनाव में लोजपा स्वतंत्र रूप से 134 सीटों पर लड़ी थी। एक पर जीत हुई और उसके इकलौते विधायक जदयू में समा गए। वीआईपी को एनडीए ने 11 सीटें दी थीं। अब वह महागठबंधन से 60 सीटों की मांग कर रही है। वह 40 से कम पर मान जाएगी, ऐसा नहीं लग रहा है।

2020 में महागठबंधन के दलों के बीच सीटों का बंटवारा इस तरह हुआ था- राजद-144, कांग्रेस- 70, भाकपा माले-19, भाकपा-06, माकपा-04। महागठबंधन में मंथन का विषय यह है कि वीआईपी की मांग किस दल के हिस्से में कटौती करके पूरी की जाए।

अगर कांग्रेस 30 और राजद 10 सीट छोड़ दे तो वीआईपी का मुंह भर जाएगा। दूसरी तरफ वाम दलों की ओर से भी कुछ अधिक सीटों की मांग हो रही है। 2020 में एनडीए में सीटों का बंटवारा आसानी से हो गया था। जदयू के 115, भाजपा के 110, वीआइपी के 11 और हम के छह उम्मीदवार मैदान में थे। इस बार लोजपा रा के लिए अधिक हिस्सा निकालने की मांग हो रही है।

यहां इस पर मंथन हो रहा है कि भाजपा और जदयू में पूर्व की कितनी सीटों को छोड़ने पर सहमति बनती है। अगर दोनों दल सौ-सौ सीटों पर राजी हो जाएं तो लोजपा रा, हम और राष्ट्रीय लोक मोर्चा की मांग सम्मानजनक ढंग से पूरी हो सकती है।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की कैटेगरी:** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या:** एडीवीटी-एएसएन-14-04, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 14.04.2025, 12.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर: आरडीएन:** (i) **देवघर में :** स्टेशन के अंदर। (ii) **बासुकीनाथ में :** स्टेशन के अंदर। (iii) **दुर्गापुर में :** स्टेशन के अंदर। **ओओएच:** (i) **दुर्गापुर में :** आउट ऑफ होम। **कुल 04 परिसंपत्तियाँ : आरडीएन परिसंपत्तियों की सं.: 03 और ओओएच परिसंपत्तियों की संख्या : 01,** सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ऊपर दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-02/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल, अस्पताल में भर्ती; दर्ज हैं 16 अपराधिक मुकदमे

गोंडा , एजेंसी। डीसीएम चालक पर फायरिंग मामले में वांछित 25 हजार के ईनामी बदमाश कमान सिंह से सोमवार की रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसमें बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

कौड़िया के भरथा इटहिया नकही गांव निवासी छेदीलाल (32) शुक्रवार रात आठ बजे डीसीएम लेकर गांव के सहयोगी रंजीत तथा खलासी पुत्तूलाल के साथ स्क्रैप लादकर पंजाब के गोविंद नगर जा रहे थे। रास्ते में आर्यनगर-कर्नलगंज मार्ग पर छिरास गांव के निकट पंप पर डीजल डलवाते समय एक राहगीर को बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद राहगीर अपने भाई के आने की बात कहकर उतरने लगा। इसी दौरान कुछ लोगों ने चालक पर फायरिंग कर दी थी। गोली छेदीलाल के हाथ में लगी थी।

सर्विलांस एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पड़ताल में पता चला कि घायल छेदीलाल, रंजीत व उमरी के पूरे कलहंस गांव निवासी अभय सिंह व गुलशन सिंह का कबाड़ कारोबार है। तीन माह पहले छेदीलाल का रुपयों के लेनदेन को लेकर अभय व गुलशन से विवाद हो गया। इसके बाद बदला लेने के लिए चालक के सहयोगी रंजीत व अन्य के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने रविवार को तीन आरोपियों को पकड़ा था।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि इस मामले में वजीरगंज के सेहरिया निवासी कमान सिंह पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात भेड़वा घाट पुल के पास पुलिस से हुई मुठभेड़ में कमान सिंह के पैर में गोली लगी है। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसके पास से तमंचा बरामद किया गया है। उस पर जानलेवा हमला सहित अन्य आरोप में 16 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस चौकी के समीप ज्वेलर्स की दुकान में सेंध लगाकर चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

आगरा , एजेंसी। आगरा-ग्वालियर रोड स्थित ककुआ में भगवानदास अशोक कुमार ज्वेलर्स की दुकान में रविवार रात चोरी हुई। सेंध लगाकर घुसे चोर लाखों रुपये के गहने और 20 हजार रुपये ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ककुआ निवासी रविंद्र कुमार उर्फ रवि अग्रवाल की पुलिस चौकी के पास दुकान है। रविंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि वह रविवार शाम लगभग 7:30 बजे घर गए थे। सोमवार सुबह 11 बजे कर्मचारियों के साथ दुकान खोली तो सामान बिखरे थे। पुलिस को सूचना दी। चोर करीब 7 किलो चांदी के आभूषण, पांच तोले सोने के गहने और 20 हजार रुपये ले गए हैं। चोरी गए गहनों की कीमत करीब 11 लाख रुपये है। दुकानदार के बड़े भाई वीरेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2012 में तमंचे के बल पर दुकान पर लूट की घटना हुई थी। वहीं वर्ष 2006 में इसी दुकान से चोरी हुई थी। मलपुरा थाना प्रभारी और फील्ड यूनिट ने लोगों से बात कर साक्ष्य जुटाए। वहीं क्षेत्र के इटौरा के नगला माकरोल पर एक कॉम्प्लेक्स में माधव टायर एजेंसी का शटर तोड़कर चोर दो टायर ले गए। दुकानदार प्रमोद मित्तल ने केस दर्ज कराया।

तीन घंटे देरी से स्टेशन पहुंची फरक्का एक्सप्रेस

उन्नाव , एजेंसी। शुक्लागंज में रेलवे पुल की मरम्मत के चलते इन दिनों ट्रेनों की चाल बिगड़ी है। ट्रेनें लेट होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को फरक्का एक्सप्रेस तीन घंटे देर से और गोमती एक्सप्रेस एक घंटा 25 मिनट की देरी से आई।

गंगापुल के अप ट्रैक पर स्लीपर बदलने का काम किया जा रहा है। इस दौरान रेलवे ने 26 ट्रेनें निरस्त कर दीं और 52 का रूट बदला है। वहीं, जो चल रहीं हैं वह भी काफी देर से स्टेशन पहुंच रही हैं। फरक्का, गोमती एक्सप्रेस के अलावा मरुधर एक्सप्रेस 17 मिनट, कुशीनगर एक्सप्रेस और कोटा-पटना 10 मिनट देर से आई। सबसे ज्यादा परेशानी कानपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को हो रही है। स्टेशन मास्टर सुधांशु मोहन ने बताया कि वैसे अधिकांश ट्रेनें ऑन टाइम चल रही हैं।

गोरखनाथ मंदिर की बढ़ेगी सुरक्षा, बनेगी पीएसी बैरक- लगेंगे थर्मल कैमरे



गोरखपुर, एजेंसी। गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और चाक-चौबंद होगी। इसके लिए मंदिर परिसर के बाहर दक्षिण की तरफ दशहरी बाग के पास उत्तर प्रदेश प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की बैरक का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जमीन भी चिह्नित कर ली गई है। जल्द निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

इसके अलावा पूरे मंदिर परिसर में एयरपोर्ट की तर्ज पर थर्मल कैमरे लगेंगे। प्रदेश के गृह विभाग ने मंदिर की सुरक्षा प्रबंधों के लिए बजट जारी कर दिया है। पीएसी बैरक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए आवास के साथ ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। बच्चों के लिए खेलने का मैदान और कैंटिन का निर्माण भी कराया जाएगा।

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए गृह विभाग ने एडिशनल एसपी और डिप्टी एसपी का कार्यालय बनाने, कंट्रोल रूम की स्थापना करने और सीसीटीवी कैमरा सिस्टम को अपग्रेड करने की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। इसके अलावा मंदिर परिसर में एयरपोर्ट की तर्ज पर छह थर्मल कैमरे भी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए गृह विभाग ने करीब 80 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है।

यही नहीं, गोरखनाथ मंदिर में प्रवेश द्वार पर फेस रिकग्निशन कैमरे लगाने की भी तैयारी चल रही है। इससे यहां आने-जाने वाले लोगों के चेहरे स्कैन हो जाएंगे। इधर, गोरखनाथ थाने के ठीक सामने से रसूलपुर दशहरी बाग की तरफ जाने वाली सड़क के पास मंदिर से सटे पुलिस अधिकारियों के लिए कार्यालय और कंट्रोल रूम का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। बजट मिलने से इसके निर्माण में और तेजी आ जाएगी।

एसटीएफ को मिलेगी सब लाइट मशीन गन

लखनऊ मुख्यालय से एसटीएफ को 300 सब लाइट मशीन गन खरीदने की मंजूरी भी दे दी गई है। एक मशीन गन की कीमत करीब 74 हजार रुपये है। इसके अलावा बड़ी संख्या में कारतूसों की खरीद के लिए भी धनराशि जारी की गई है।

पूर्व में मंदिर गेट पर हो चुका है हमला, पकड़े गए थे तमंचे और कारतूस

चार अप्रैल 2022 को मंदिर के एक नंबर गेट पर सिविल लाइंस निवासी अहमद मुर्तजा अब्बासी बांके के साथ पहुंच गया था। रोकने पर पीएसी के सिपाही को घायल कर उसका सरकारी असलहा छीनने का प्रयास किया। घायल सिपाही की तहरीर पर केस दर्ज करके जांच एटीएस को सौंपी गई थी। लखनऊ में ट्रायल के बाद एटीएस कोर्ट ने आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। अक्तूबर 2023 को गोरखनाथ मंदिर गेट पर तीन कारतूस के साथ दो युवक पकड़े गए थे। पूछताछ में पता चला कि दोनों झारखंड के रहने वाले हैं। वे गोरखनाथ मंदिर घूमने आए थे, लेकिन उनके पास कारतूस कहां से आए, इसके बारे में वे कुछ नहीं बता सके। आर्म्स एक्ट में उनका चालान किया गया था। 24 जुलाई 2023 को श्रावस्ती के भाजपा नेता की गाड़ी के डैशबोर्ड में 315 बोर का कारतूस मिला था। भाजपा नेता के भाई और चाचा अन्य रिश्तेदारों के साथ गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में सीएम से मिलने आ रहे थे। चेकिंग में कारतूस पकड़ा गया। भाजपा नेता के भाई के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई हुई। 15 जुलाई 2023 को गोरखनाथ मंदिर में चेकिंग के दौरान बिहार के व्यापारी के बैग से तमंचा मिला था। उसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम चंपारण (बिहार) का रहने वाला व्यापारी अपने बेटे के साथ मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। बेटे ने रेलवे स्टेशन से एक बैग को उठा लिया था। बैग में ही तमंचा था, जिसे वे देख नहीं पाए। चेकिंग के दौरान पकड़े गए थे।

बरेली में हुई घटना की कहानी: घर में घुसकर हमला... फायरिंग-मारपीट, एसपी सिटी ने बताया किसने भड़काया माहौल

बरेली , एजेंसी। बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो समुदाय के लोगों के बीच हुआ बवाल एक ही बिरादरी के प्रधान व पूर्व प्रधान की चुनावी रंजिश का नतीजा बताया जा रहा है। युवती को ले जाने की घटना को दोनों ने की मूंछ की लड़ाई बताकर हवा दी। दोनों ने एक-एक गुट को बढ़ावा दिया और चिंगारी भड़का दी। पुलिस इन दोनों को भी पाबंद करने की तैयारी में है। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को ले जाने की रंजिश में सोमवार रात दो समुदाय के लोगों में गोलियां तड़तड़ाईं। ईद के दिन छींटाकशी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। संघर्ष में युवती के पक्ष के चार लोग घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष से एक युवक जख्मी हुआ है। वारदात के बाद युवती पक्ष के लोगों ने पीलीभीत रोड पर जाम लगाने की कोशिश की। भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचने से स्थिति संभल गई। युवती पक्ष ने फायरिंग का आरोप लगाते हुए मौके से मिले खोखे भी पुलिस को दिए, लेकिन मेडिकल जांच में किसी को गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई। गांव में प्रधानी की रंजिश अरसे से चल रही है। प्रधान व पूर्व प्रधान के समर्थकों के बीच अक्सर लड़ाई-झगड़े होते हैं। गांव में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी ज्यादा होने के बावजूद मौजूदा प्रधान बहुसंख्यक समाज से है। पूर्व प्रधान भी मौजूदा प्रधान की बिरादरी से ही है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मौजूदा प्रधान ने अल्पसंख्यक तबके के बड़े वर्ग को साधकर जीत हासिल की थी। वह उस वर्ग से हमदर्दी जताकर अपनी कुर्सी बरकरार रखना चाहता है, जबकि पूर्व प्रधान अपने ही समुदाय में ज्यादा पकड़ रखता है। दोनों की रंजिश में तड़का तब लगा जब सितंबर 2024 में बहुसंख्यक वर्ग का युवक अल्पसंख्यक वर्ग की युवती को ले गया था। इसके बाद दोनों ओर से गुटबाजी चरम पर आ गई। युवती के घर लौटने के बाद भी वे एक-दूसरे पर छींटाकशी और मौका पाकर घेराबंदी करते रहते थे। सोमवार की घटना इसी का नतीजा रही। इस झगड़े को लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे हैं। हालांकि, एसपी सिटी मानुष पारीक के बयान से यह साफ हो गया है कि पुलिस ने विवाद बढ़ाने में प्रधान व पूर्व प्रधान की भूमिका मानी है।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद: अलीगढ़ में बना कार्यालय, 2 अप्रैल को गोरखनाथ पीठ के मुख्य पुजारी करेंगे उद्घाटन

अलीगढ़ , एजेंसी। गोरक्षा, लव जेहाद, वक्फ संपत्ति आदि हिंदुत्व के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा अब अलीगढ़ की धरती पर बनेगी। इसके लिए जीटी रोड बोनेर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद का कार्यालय स्थापित किया गया है। अलीगढ़ मंडल की कमान गोरखनाथ पीठ में करीब 15 वर्ष तक सेवा कर चुके योगी सेवक संजय सिंह को सौंपी गई है। करीब दो बीघा जमीन पर बने कार्यालय को मठ का रूप दिया गया है, जिसका उद्घाटन 2 अप्रैल को गोरखनाथ पीठ के मुख्य पुजारी रामेंद्र नाथ करेंगे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी रहेंगे। विश्व हिंदू रक्षा परिषद को प्रदेश में सक्रिय किया गया है, जिसमें गोरखनाथ पीठ से जुड़े लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। संगठन का मुख्यालय लखनऊ में है और गोपाल राय अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। संगठन महामंत्री उत्तर प्रदेश एवं मंडल प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि कार्यालय का उद्घाटन दो अप्रैल को होगा, जिसमें मंडलभर से करीब दो हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न मुख्य बिंदु रहेगा, जिस पर दो अप्रैल को चर्चा होगी।



ठग गिरोह का भंडाफोड़: कोई कर रहा था मार्केटिंग तो कोई जॉब की तलाश, चारों आरोपी एमए-बीए पास



कानपुर , एजेंसी। कानपुर में ठगी के मामले में पकड़े गए चारों आरोपी एमए व बीए पास हैं। दो आरोपी मार्केटिंग का काम कर रहे थे तो युवतियां नौकरी की तलाश कर रही थीं। पकड़े गए तीन आरोपियों के तार हरिओम पांडेय से मिले हैं। हरिओम ठगी के लिए दोनों युवतियों को टेलीकॉलर के रूप में इस्तेमाल करता था।

डीसीपी ने बताया कि गैंग का सरगना हरिओम पांडेय एमए पास आउट है। आरोपी पढ़ाई पूरी करने के बाद मार्केटिंग लाइन में नौकरी करता था। उसके परिवार में पत्नी व एक बेटा है। वह वर्ष 2013 में बादशाहीनाका और वर्ष 2015 में बस्ती से जेल जा चुका है। अनुराग दीक्षित ने बीकॉम की पढ़ाई की है।

आरिबा अंसारी नौकरी की तलाश में थी: उसके परिवार में माता पिता हैं। अनुराग भी मार्केटिंग लाइन में जॉब करता था। नौ साल पहले उसकी मुलाकात हरिओम से हुई थी। इसके बाद वह भी ठगी में शामिल हो गया।

ऐसे ही आरिबा अंसारी भी बीए की पढ़ाई कर चुकी है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नौकरी की तलाश में थी।

दोनों टेलीकॉलर बनकर ठगी को अंजाम देने लगे थे

तभी एक साल पहले हरिओम के संपर्क में आने के बाद साइबर ठगी के गिरोह में शामिल हो गई। आरिबा ने अपने साथ पढ़ाई करने वाली सहेली कीर्ति गुप्ता उर्फ स्नेहा को भी अपने गिरोह में शामिल कर दिया। वह भी पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में थी। इसके बाद दोनों हरिओम के कहने पर टेलीकॉलर बनकर ठगी को अंजाम देने लगे थे।

नौ साल से ठगी की वारदातों को दे रहे अंजाम

डीसीपी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि गिरोह 2015 से साइबर ठगी की घटना में शामिल हैं। अब तक देश भर में सवा लाख से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। आरोपियों ने एक साल पहले 2.47 लाख रुपये में एक साल के लिए नौकरी.कॉम वेबसाइट का पैकेज ले रखा था।

दालमंडी में चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़ पास

भूमि अधिग्रहण के लिए जल्द जारी होंगे रुपये, विभागों ने दी रिपोर्ट

वाराणसी , एजेंसी। दालमंडी में सड़क चौड़ीकरण का काम तेज कर दिया गया है। प्रशासन ने चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़ रूपया जारी कर दिया है। अब शासन से जल्द ही भूमि अधिग्रहण के लिए रूपया जारी किया जाएगा। पीडब्लयूडी, जल निगम और नगर निगम की रिपोर्ट के बाद यह रूपया जारी किया गया है। पिछले महीने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दालमंडी सड़क के चौड़ीकरण की डीपीआर मांगी थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इधर पिछले पंद्रह दिनों में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम ने संयुक्त रूप से सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजी।

इधर जल निगम ने भी सीवर लाइन के लिए सर्वे शुरु कर दिया ताकि भविष्य में कोई दिक्कत न हो। 650 मीटर लंबी सड़क को करीब 17 मीटर तक चौड़ा करना है। यहां नाली के डक्ट बनाए जाने से लेकर सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएंगे। इसी पूरी डीपीआर फाइनल हो गई है। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि चौड़ीकरण का काम शुरू करने के लिए 25 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं।



मंडलीय कार्यालय के लिए 20 करोड़ जारी

मंडलीय कमिश्नरी कार्यालय प्रोजेक्ट को शासन से हरी झंडी मिल गई है। उसके निर्माण के लिए 20 करोड़ रूपये भी जारी कर दिए गए हैं। दस मंजिला इमारत में 59 कार्यालय को स्थानांतरित किया जाएगा। वीडीए इसका निर्माण करेगा और इसके लिए 20 करोड़ रूपये भी जारी कर दिए गए हैं। इस अत्याधुनिक भवन में कांफ्रेंस रुम, मीटिंग हाल, एक बैंक, जिम और कैफेटेरिया समेत अन्य सुविधाएं होंगी।

ताला कारीगर पर 89 लाख का नोटिस

अलीगढ़ , एजेंसी। अलीगढ़ में ताला कारीगर योगेश शर्मा को मिले आयकर विभाग के 89 लाख रुपये के नोटिस के मामले में जांच के बाद परतें दर परतें खुल रही हैं। योगेश के पैन कार्ड पर वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक चार बार दिल्ली राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग में पंजीकरण किया गया। बाद में उसे समाप्त कराया गया। इन पंजीकरण की गई फर्मों पर आटा, हार्डवेयर, लोहे आदि का व्यापार किया गया। जानकार कहते हैं कि इस तरह फर्मों का पंजीकरण होना और निरस्त होने में उस समय के विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी शामिल हो सकती है।

योगेश को न चला पता, उसके पैन कार्ड पर दिल्ली में पंजीकृत हुईं चार फर्म

आयकर विभाग: रडार पर अलीगढ़ के 300 पैन कार्ड, चल रही जांच, ऐसे जांचें अपने पैन कार्ड का हाल: जीएसटी विभाग के जानकार कहते हैं कि जब भी किसी फर्म का पंजीकरण होता है, तब विभाग का एक अधिकारी फर्म संचालक को बुलाकर उसका सत्यापन करता है। साथ ही जिस जगह पर व्यापार होता है वहां पहुंच कर सत्यापन करता है। योगेश शर्मा के पैन कार्ड पर दिल्ली में फर्म खोली गई हैं। वहां पर अधिकारियों ने सत्यापन किया होता तो बोगस फर्मों का खुलासा हो जाता।

विदेश में नौकरी के नाम पर सवा लाख लोगों को ठगा

सरगना और दो लड़कियों समेत चार गिरफ्तार, 11 की तलाश

कानपुर , एजेंसी। कानपुर शहर में बैठकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर सवा लाख लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले गैंग के चार सदस्यों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी नौकरी डॉट कॉम से नंबर निकाल वीडियो कॉल पर इंटरव्यू लेते थे। पकड़े गए आरोपियों में दो युवतियां भी शामिल हैं।

आरोपियों की पहचान चमनगंज के भनानापुरवा निवासी आरिबा, किदवईनगर डी ब्लाक निवासी कीर्ति गुप्ता, चौबेपुर के बिशुनपुर निवासी अनुराग दीक्षित और गाजियाबाद के अजनारा जैनेक्स निवासी हरिओम पांडेय के रूप में हुई। हरिओम मूलरूप से प्रतापगढ़ के डाही पट्टी का रहने वाला है।

विकास से ठग लिए थे 26,800 रुपये: पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें भेज दिया गया। डीसीपी क्राइम एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि आरोपियों ने चकेरी में रह रहे मूलरूप से पंजाब के अमृतसर निवासी विकास से 14 फरवरी को नौकरी दिलाने के नाम पर 26,800 रुपये ठग लिए थे।

गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई होगी: मामले की जांच में जुटी साइबर सेल की टीम ने उन खातों की जानकारी जुटाई, जिनमें रकम मंगाई थी। डीसीपी के अनुसार पकड़े गए गिरोह में कुल 15 सदस्य है। फरार अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खुलासा करने वाली टीम को 20 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की गई है।

ये सामान हुआ बरामद: पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन लैपटॉप, नौ स्मार्ट फोन, 14 की-पैड मोबाइल, आठ मोबाइल सिम कार्ड, एक वाईफाई राउटर, दो बैंक पासबुक, सात डेबिट कार्ड और एक कार बरामद की है। आरोपी फर्जी केवाईसी के जरिए सिम कार्ड भी लेते थे जिसके जरिए नौजवानों को कॉल कर ठगी करते



10 साल से वारदातों को दे रहे अंजाम : डीसीपी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि गिरोह 2015 से साइबर ठगी की घटना में शामिल हैं। अब तक देश भर में सवा लाख से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। आरोपियों ने एक साल पहले 2.47 लाख रुपये में एक साल के लिए नौकरी.कॉम वेबसाइट का पैकेज ले रखा था।

आरिबा ने घर में बना रखा था पूरा सेटअप : पुलिस ने जब आरिबा के घर में दबिश दी तो टीम को एक कमरे में पूरा सेटअप तैयार मिला। वहां से आरोपी व्हॉट्एप के जरिए वीडियो कॉल करते थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया किया उन्होंने ठगी के लिए नाम की फर्जी वेबसाइट बना रखी थी। वह विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। फेक सिम कार्ड से करा लेते थे रजिस्टर्ड : जालसाज फेक नंबर का नौकरी.कॉम वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा लेते थे। इसके बाद लोगों का डाटा निकाल लेते थे जो विदेशों में नौकरी के लिए अपना रिज्यूम अपलोड करते थे। फिर उन्हें व्हॉट्सएप के जरिए वीडियो कॉल कर ऑनलाइन इंटरव्यू दिलाते थे। फिर ज्वाइन के लिए रुपये ऐंठते थे।

जोइपर सॉफ्टवेयर का करते थे इस्तेमाल : पकड़े गए आरोपी वाइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल से कॉल कर जोइपर सॉफ्टवेयर की मदद से लोगों को कॉल करते थे।

जल-जीवन-हरियाली अभियान बने हमारी जीवनशैली का अंग : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा कृषि भवन, मीठापुर, पटना के सभागार में जल-जीवन-हरियाली अभियान अन्तर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली अभियान के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें संवाद के माध्यम से जागरूकता फैलायी जाती है एवं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाती है।



मंत्री के कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गयी है। यह खुशी की बात है कि इस महीने का कार्यक्रम कृषि विभाग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से जल स्तर को संतुलित बनाकर रखना, जल को प्रदूषण मुक्त रखना, वृक्ष अच्छादन को बढ़ाना तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रमुख रूप से लक्षित किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि जल होगा तो हरियाली होगी और हरियाली होगा तो जीवन होगी। इसलिए जल-जीवन हरियाली अभियान प्रदेश ही नहीं विश्व के प्रत्येक मानव का अभियान बनना चाहिए। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सार्वजनिक जल संरचनाओं, तालाब, पोखर, कुंआ, नदी, नाला, आहर, पाइन के जीर्णोद्धार के साथ-साथ नये जल-स्त्रोतों का सृजन किया जा रहा है। सरकारी भवनों की छत पर वर्षा जल के संचयन तथा सौर ऊर्जा को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि सचिव ने जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि जल है तो जीवन है, जीवन है तो सब कुछ है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव है। उन्होंने आगे कहा कि जल है तो कृषि है, कृषि है तो जीवन है। वास्तव में, जल कृषि की आत्मा है और कृषि हमारे भोजन, पर्यावरण और आर्थिक समृद्धि का आधार है। यदि जल संरक्षित रहेगा, तो कृषि समृद्ध होगी और समाज की आवश्यकताएं पूरी होंगी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक बी0आर0बी0एन0 निर्मल कुमार, निदेशक कृषि नितिन कुमार सिंह, मिशन निदेशक जल-जीवन-हरियाली प्रतिभा रानी, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव द्वय शैलेन्द्र कुमार एवं कल्पना कुमारी, अपर निदेशक (शष्य) धनंजय पति त्रिपाठी, निदेशक, भूमि संरक्षण सुदामा महतो सहित कृषि एवं अन्य विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे ने माल लदान में रचा इतिहास, 2024-25 में दर्ज किया नया रिकॉर्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। दक्षिण पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में माल लदान के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस वर्ष रेलवे ने 212.37 मिलियन टन माल ढुलाई कर अपनी अब तक की सबसे उच्चतम माल लदान उपलब्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 0.36% अधिक है। दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत चक्रधरपुर और आद्रा मंडलों ने भी शानदार प्रदर्शन किया । चक्रधरपुर मंडल ने 154.04 मिलियन टन माल लदान किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.25% अधिक है। आद्रा मंडल ने 29.12 मिलियन टन माल लदान किया जो पिछले वर्ष से 4.16% अधिक है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने ?18,949.83 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड भी बने, जिनमें एक दिन में सबसे अधिक माल लदान यानी 1.78 मिलियन टन (31 मार्च 2025), जो पिछले सर्वश्रेष्ठ आंकड़े से 30.9% अधिक है , शामिल है। इसके साथ 200 मिलियन टन माल लदान का सबसे तेज़ रिकॉर्ड, सिर्फ 349 दिनों में (15 मार्च 2025) भी बना। कोयला लदान 55.56 मिलियन टन हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.23% अधिक है। कंटेनर लदान 2.43 मिलियन टन हुआ जो 44.8% की वृद्धि दर्शाता है। उर्वरक लदान 0.92 मिलियन टन रहा जो 16.2% अधिक है। (बॉगी) लदानः 6.41 मिलियन टनरहा जो 4.43% अधिक है। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए रेलवे कर्मियों, ग्राहकों और हितधारकों को धन्यवाद दिया। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह सफलता आधुनिक तकनीक, कुशल प्रबंधन और बेहतर लॉजिस्टिक्स योजना के चलते संभव हुई। इस शानदार प्रदर्शन के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने न केवल अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं बल्कि भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जगाई है।

मुख्यमंत्री किसी भी गलत प्रावधान को लागू नहीं होने देंगे : मोहम्मद इरशादुल्लाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय के विरोध के बावजूद संसद में 2 अप्रैल को इसे पेश किए जाने की बात सामने आ रही है। इसको लेकर मुस्लिम संगठनों के विरोध बीच बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद इरशादुल्लाह और शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे इस बिल को लेकर अपनी बात रखेंगे और किसी भी गलत प्रावधान को लागू नहीं होने देंगे। सुन्नी वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मोहम्मद इरशादुल्लाह ने मुसलमानों से नीतीश कुमार की सरकार को 25 से 30 साल तक बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें संसद में पेश होने वाले वक्फ संशोधन बिल की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन हम इसमें कई बिंदुओं पर आपत्ति जताते हैं। यदि यह बिल पास हुआ तो कुछ न कुछ गलत जरूर होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुस्लिम समुदाय के लिए की गई पहल का जिक्र करते हुए कहा कि 9000 कब्रिस्तानों की घेराबंदी, हर जिले में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय विद्यालय और कई अन्य विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2005 के पहले बिहार में कई बार दंगे हो चुके थे, लेकिन नीतीश कुमार के कार्यकाल में कोई दंगा नहीं हुआ। वहीं, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास ने भी वक्फ संशोधन बिल को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमें इस बिल के संसद में पेश होने की जानकारी नहीं थी, लेकिन अगर 2 अप्रैल को यह बिल पास होता है तो यह जल्दबाजी होगी। इस पर गंभीर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वक्फ बोर्ड के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाएंगे और मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा करेंगे।

झपट्टामार गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। रूपसपुर पुलिस ने मोबाइल झपट्टामार गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए तीन मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनूप कुमार सिंह और दिनेश कुमार के रूप में हुई है, जो रामजी चक, दीघा के निवासी हैं। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 31 मार्च को बी-301, खिलाड़ी हेरिटेज, विश्वसरैया नगर निवासी सत्यम सिंह का मोबाइल गोला रोड के सर्विस लेन में बाइक सवार बदमाशों ने छीन लिया था। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

वक्फ संशोधन बिल पर गरमायी सूबे की सियासत

जदयू विधान पार्षद ने कहा यह बिल सही नहीं है, इसे किसान बिल की तरह वापस ले लेना चाहिए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। संसद में बुधवार को पेश होने वाले वक्फ संशोधन बिल को लेकर बिहार की सियासत गरमा गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी जदयू विधान पार्षद गुलाम गौस ने इस बिल का विरोध किया है। उन्होंने वक्फ बिल को अनुचित बताते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार को किसान बिल की तरह इसे वापस ले लेना चाहिए। हालांकि जदयू के ही वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने इस बिल को बिल्कुल सही ठहराया है। गुलाम गौस ने केंद्र सरकार पर बार-बार अनुचित नीतियों के जरिए अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का इल्जाम लगाया है। उन्होंने कहा कि जब से यह केंद्र सरकार आई है, कभी लव जिहाद, सीएए, मॉब लिंचिंग, ट्रिपल तलाक और अब यह बिल। यह हमारा धार्मिक मामला है। केंद्र पर हमला बोलते हुए गौस ने कहा कि आपने हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता हमारी विशेषता है। मैं निश्चित रूप से इन सभी मुद्दों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने उठाऊंगा। बता दें कि गुलाम गौस एक दिन पहले ही ईद के मौके पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मिलने पहुंचे थे। उनकी इस मुलाकात से कई तरह की सियासी चर्चा होने लगी थी। इन सबके बीच अब उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। गौस ने कहा कि मौलाना आजाद फाउंडेशन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति भी बंद कर दी गई। इसके अतिरिक्त कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया गया है। हम अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सभी मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने अपनी बात रखेंगे। वहीं, इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने कहा कि प्रदेश में नीतीश कुमार के नेतृत्व में मुसलमानों का सशक्तिकरण हुआ है। जदयू या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कांग्रेस से किसी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को पहले अपने कार्यकाल पर नजर डालनी चाहिए कि उन्होंने बिहार और देश में लंबे समय तक शासन किया, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक प्रगति के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जो किसी भी अन्य राज्य में देखने को नहीं मिले। भागलपुर दंगे किसके शासन में हुए थे? नीतीश सरकार ने दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाया, विधवाओं को पेंशन दी और प्रभावित परिवारों को आर्थिक मदद पहुंचाई। कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है जबकि नीतीश कुमार विकास और न्याय की राजनीति कर रहे हैं जबकि जदयू के सांसद संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार पिछले 19 सालों से बिहार में काम कर रहे हैं।

राज्य के 94 स्वास्थ्य संस्थान राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड से होंगे पुरस्कृत : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वर्ष 2024-25 में राज्य के 28 जिलों के 94 स्वास्थ्य संस्थान राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड से पुरस्कृत होंगे। कायाकल्प अवार्ड को तीन श्रेणियों में दिया जा रहा है जिसमें प्रथम श्रेणी में जिला अस्पताल, दूसरे श्रेणी में रेफरल अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं तीसरे श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इको फ्रेंडली अस्पताल शामिल हैं। पहली श्रेणी के अंतर्गत 9 जिला अस्पताल, द्वितीय श्रेणी में 83 स्वास्थ्य संस्थान तथा तीसरे श्रेणी में 2 इको फ्रेंडली अस्पताल शामिल है। कायाकल्प असेस्मेंट के अंतर्गत वार्डों, शौचालयों, प्रयोगशालाओं, ओपीडी सहित अस्पताल परिसर की साफ- सफाई के मानकों का ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा कचरे एवं बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन, संक्रमण के विभिन्न मानकों को ध्यान में रखा जाता है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रथम श्रेणी के तहत बेगूसराय जिला अस्पताल प्रथम एवं बांका जिला अस्पताल रनर अप रहा। वहीं शेखपुरा व भागलपुर सहित 7 जिला अस्पतालों को सराहना पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय श्रेणी में शेखपुरा जिला के बरबीघा रेफरल हॉस्पिटल को प्रथम तथा सुपौल जिले के ललित नारायण अनुमंडलीय अस्पताल रनर अप रहा। बांका के बेलहर तथा सारण के मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य 81 स्वास्थ्य केंद्र को सराहना पुरस्कार से पुरस्कृत होंगे। शेखपुरा के जिला और रेफरल अस्पताल (बरबीघा) को इको फ्रेंडली अस्पताल के तहत अवार्ड दिए जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि कायाकल्प अवार्ड के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस राशि में से 25 प्रतिशत राशि चयनित अस्पतालों के कर्मचारी/स्टाफ के बीच तथा शेष 75 प्रतिशत राशि का उपयोग नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट तथा कायाकल्प अंतर्गत चिन्हित कमियों को दूर करने में किया जा सकता है। इसमें समुचित पानी की व्यवस्था, डिपार्टमेंटल डायरेक्शन दिव्यांग हेतु पश्चिमी शौचालय, रैंप और रेलिंग, ग्रीन पार्क विकसित करने समेत संस्थान में अन्य कमियों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

एनटीपीसी के निजी ट्रैक पर दो मालगाड़ियों की टक्कर, भारतीय रेलवे से कोई संबंध नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। आज तड़के लगभग 3 बजे एनटीपीसी द्वारा संचालित निजी रेलवे लाइन पर दो मालगाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर होने की सूचना मिली। यह ट्रैक पूरी तरह से एनटीपीसी के स्वामित्व में है और एनटीपीसी द्वारा ही संचालित किया जाता है। यह रेल मार्ग कहलगांव और फरक्का ताप विद्युत संयंत्रों को जोड़ता है और इसे आमतौर पर 'एनटीपीसी ललमटिया एमजीआर' के नाम से जाना जाता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस घटना का भारतीय रेलवे से कोई संबंध नहीं है। एमजीआर लाइन का संपूर्ण संचालन जिसमें लोकोमोटिव, चालक दल, रखरखाव, सिग्नलिंग आदि शामिल हैं। पूरी तरह से एनटीपीसी के अधीन है। दुर्घटना से जुड़ी अधिक जानकारी एनटीपीसी अधिकारियों से प्राप्त होने पर साझा की जाएगी।
हालांकि एनटीपीसी ने मालदा मंडल से सहायता मांगी है और 140 टन की क्रेन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। यह क्रेन साहिबगंज से भेजी जा रही है। भारतीय रेलवे, एनटीपीसी अधिकारियों को बहाली कार्य में हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

18 अप्रैल को मनाई जाएगी विंध्यवासिनी देवी की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना के नागेश्वर कॉलोनी में 18 अप्रैल को बिहार की मशहूर लोक गायिका पद्म सम्मान से सम्मानित विंध्यवासिनी देवी की पुण्य तिथि मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम की घोषणा जीकेसी कोर कमेटी की बैठक में जीकेसी ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक ने की। बैठक की अध्यक्षता संगठन की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन कर रही थीं। यह आयोजन जीकेसी कार्यालय में ही किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त जी का माल्यार्पण और जीकेसी एंथम की प्रस्तुति के बाद विंध्यवासिनी देवी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा इसके बाद जीकेसी कलाकारों द्वारा बिहार की पहली स्वर कोकिला कही जाने वाली विंध्यवासिनी देवी के गाये और लिखे गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में विंध्यवासिनी देवी के व्यक्तित्व पर भी



विस्तार से चर्चा हुई। संगठन की प्रबंध न्यासी ने कहा कि वह भोजपुरी, मैथिली, बज्जिका और मगही में लगभग 50 हजार गीतों को गाने वाली संभवतः पहली लोक गायिका हैं। मौके पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संगठन के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि विंध्यवासनी देवी की गायकी में गजब का आकर्षण और मिठास होती थी। भाषा चाहे जो भी हो दर्शक दिल से उनकी गायकी का आनंद लेते थे। जीकेसी राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान ने कहा कि उनकी गायकी तो खास और सबसे अलग थी ही, उनके स्वभाव और बातचीत में भी एक अलग तरह की मिठास थी। वो सभी का सम्मान करती थीं। अपनापन तो उनके स्वभाव का हिस्सा ही था। इस मौके पर राजस्थान जीकेसी द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। मौके पर पर जीकेसी प्रदेश महसचिव संजय कुमार सिन्हा सहित निलेश रंजन, आशुतोष ब्रजेश, रविरंजन सिन्हा, रवि रंजन सहाय, जीवन ज्योति, धनंजय प्रसाद, शिशिर कुमार लाल, प्रसुन्न कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त किए गए उपलब्धियों पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्व मध्य रेल की कुल प्रारंभिक आय 31,575 करोड़ रूपए रही।

नीतू कुमारी नवगीत ने की स्वच्छता पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। चैती छठ की पावन बेला पर छठ पर्व में स्वच्छता के महत्व के संबंध में लोगों को जागरूक करने हेतु पटना नगर निगम द्वारा गांधी घाट पर स्वच्छता के चार रंग छठ गीतों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पटना की मेयर सीता साहू और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस अवसर पर मेयर सीता साहू ने कहा कि छठ पर्व के दौरान हम बिहारवासी स्वच्छता को सबसे अधिक महत्व देते हैं। घर आंगन से लेकर गली-गली तक की सफाई की जाती है जिस प्रकार हम छठ के दौरान स्वच्छता का महत्व देते हैं वैसा ही हमें बाकी दिन भी करना है। ताकि पटना और बिहार स्वच्छ एवं सुंदर दिखे। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति की। उसके बाद उन्होंने बिहार के पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति करते हुए उपस्थित श्रोताओं को भावविह्वल कर दिया। उन्होंने पटना के घाट पर करब छठ बरतिया हो, मारबो रे सुगवा धनुष से, गंगा के तीरे तीरे करब छठ बरतिया हमसब, कांच ही बांस के बहंगिया, केल्वा के पात पर, उग ना सूरज देव, कौन खेत जन्मल धान सुधान हो, उ जे केरवा जे फरेला घबद से सहित अनेक पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायक राजेश केसरी ने देवी भजन और छठ गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने दउरा में दस गो दियारिया, भेजा है बुलावा गीत गाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत के साथ अशोक कुमार ने बैंजो, राजन कुमार ने कैसियो, धनंजय धड़कन ने नाल पर और प्रिंस ने पैड पर संगत किया।



खरना पूजा आज, नहाय खाय के साथ छठ पर्व शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। चैती छठ लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाए खाए से शुरू हो गया। सभी छठव्रती सुबह से ही नदी तालाब में स्नान ध्यान कर शुद्ध मन से कद्दू चावल चना के दाल का प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हुए भगवान सूर्य की आराधना में जुट गए हैं। मसौढ़ी में शहर से लेकर गांव तक पूरा इलाका छठमय हो चुका है। ऐसे में मसौढ़ी में मणीचक सूर्य मंदिर तालाब घाट समेत विभिन्न 60 छठ घाट पर पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी चल रही है जहां पर सुरक्षा साफ-सफाई, रंग रोहन की तैयारी चल रही है। भगवानगंज के अनौली गांव के चांदनी कुमारी, पूजा कुमारी, अनीता देवी, रवि रंजन कुमार, राधेश्याम सिंह, माधुरी कुमारी, पूजा कुमारी, कुंदन कुमार, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी ने कहा कि चावल कद्दू चना का दाल बनाने की परंपरा रही है। पारंपरिक गीतों के साथ हम सबों ने प्रसाद ग्रहण किया है और बुधवार को खरना की तैयारी करेंगे। छठी मैया के रूप में उन्हें पूजन कर हर छठव्रती अपनी मन्नतें पूरा करती है। कहा जाता है कि संतान सुख की प्राप्ति और पूरे परिवार की सुख समृद्धि शांति के लिए छठ पूजा की जाती है और यह पर्व हिंदू के लिए नियम निष्ठा का पर्व है। खरना के दिन प्रसाद ग्रहण का निर्जला 36 घंटे का व्रत रखा जायेगा जो शुद्ध मन से हर छठ व्रत करने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है।

शक्तिधाम में महिलाओं ने की गणगौर पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। गणगोर पूजन के लिए बैंक रोड शक्तिधाम दादीजी मंदिर में प्रातः से ही महिलाओं का तांता लगा रहा। सैकड़ों की संख्या में महिलायें राजस्थानी वेशभूषा में सुबह छह बजे से ही पूजा अर्चना के लिए सज-धज कर प्रसाद की थाली में खीर, पूरी, गुड़ , गेहूं , जौ, दूब, रोली आदि पूजन सामग्री लेकर भक्ति भाव से गणगौर माता की पूजा अर्चना किया। नजारा ऐसा मानो पूरी राजस्थानी संस्कृति शक्तिधाम में उतर आयी हो। आज ही संध्या में हीं गणगोर माता का विसर्जन किया जाएगा। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने गणगौर पूजा के सम्बन्ध में बताया कि नवरात्रों के तीसरे दिन



यानी की चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तीज को गणगौर माता यानी की मां पार्वती की पूजा की जाती है। बस उसी दिन से कुंवारी लड़कियां मन इच्छित वर पाने के लिए ईशर और गणगौर की पूजा करती है। सुहागिन स्त्री पति की लम्बी आयु के लिए पूजा करती है। पूजन में रेखा मोदी, कुसुम अग्रवाल, संगीता गोयल, सुमित्रा मित्तल, प्रियंका पोद्दार, सीमा माखरिया, सरिता बंका, रेणु बजाज सहित सैकड़ों की संख्याओं में महिलाओं ने गणगौर माता का पूजन किया। एम पी जैन ने बताया कि इस पूजन समारोह को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, ओम पोद्दार, अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रीतेश तुलस्यान, रौशन सर्राफ, रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि सक्रिय रहे।

एसडीएम, एसडीपीओ ने छठ घाट का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ की तैयारी को लेकर अनुमंडल प्रशासन की तैयारी जोरो पर चल रही है जिसको लेकर विभिन्न छठ घाटों पर विधि व्यवस्था का संधारण को लेकर जायजा लिया जा रहा है। ऐसे में मंगलवार को एसडीएम अमित कुमार पटेल और डीएसपी नभ वैभव ने संयुक्त रूप से मणिचक सूर्यमंदिर धाम का जायजा लेते हुए अपने पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये। बताया कि मसौढ़ी में श्री विष्णु सूर्य मंदिर मणीचक धाम पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में छठ महापर्व को लेकर भीड़ नियंत्रण और विधि व्यवस्था को संधारण करने के लिए चार जगहों पर ड्रॉप आउट बनाया गया है इस नो एंट्री में किसी भी प्रकार के वाहनों पर रोक लगाई गई है। वहीं पार्किंग करने के लिए गांधी मैदान और सेकसरिया स्कूल को पार्किंग की व्यवस्था चिन्हित की गई है।

नई दिशा परिवार ने किया 21 व्रतियों के बीच छठ सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना सिटी। सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस, पटना सिटी में 21 छठ व्रतियों को सूप, साड़ी और साड़ी पूजन सामग्री उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर मेयर सीता साहू, उप मेयर रेशमी चंद्रवंशी, राजेश राज, समाजसेवी राजेश बल्लभ, कमल नयन श्रीवास्तव, डॉ दिवाकर तेजस्वी ने छठ व्रत की महिमा पर प्रकाश डाला और पूजन सामग्री वितरण किया। इस मौके पर नयी दिशा परिवार द्वारा रौशनी एलेवन के तहत मैट्रिक में प्रथम श्रेणी में उतीर्ण करने वाले 11 छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें अंशिका राज, सोनाली



कुमारी, मुस्कान कुमारी, राजनंदनी कुमारी, सोनाली, गुनगुन कुमारी, श्रेशा मेहता, सिंधु कुमारी, साक्षी और सगुण कुमारी शामिल है। नई दिशा परिवार के संस्थापक सचिव राजेश राज ने बताया कि हर साल उनकी संस्था की ओर से चैती और कार्तिक छठ व्रत के अवसर पर छठ व्रतियों को सूप और साड़ी पूजन सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। नई दिशा परिवार के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने बताया कि नई दिशा परिवार कार्तिक और चैती छठ के अवसर पर सूप, नारियल एवं पूजन सामग्री कर वितरण करता है। उन्होंने बताया कि पिछले 16 वर्षो से गिरिराज उत्सव पैलेस इस नेक काम के लिये निःशुल्क दिया जाता है। नई दिशा परिवार के संरक्षक कमलनयन श्रीवास्तव ने बताया कि महापर्व छठ की महिमा अपार है।

संपादकीय

कहां गई संवेदनशीलता

यौन उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट को फिर से दखल देना पड़ा और इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगानी पड़ी। यह जितना राहत भरा है, उतना ही चिंताजनक भी। देश की शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के जज को नसीहत देना बताता है कि महिलाओं को लेकर समाज में जितनी संवेदनशीलता होनी चाहिए थी, उतनी है नहीं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना और सलवार का नाड़ा खींचना रेप की कोशिश नहीं है। यह टिप्पणी उन महिलाओं को हतोत्साहित करने और उनका मखौल उड़ाने जैसी थी, जो यौन उत्पीड़न जैसे अपराध की शिकार हैं और न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें हिम्मत मिली होगी कि न्याय का पलड़ा उनके पक्ष में है। अदालती फैसले केवल कठघरे तक सीमित नहीं रहते। इनका असर व्यापक समाज पर पड़ता है। इससे भविष्य में अपराधियों को दंड और पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। दुर्भाग्य से मौजूदा मामले की एक टिप्पणी अगर कायम रहती, तो आगे चलकर रेप से जुड़े मामलों में महिलाओं को इंसाफ दिलाना मुश्किल हो सकता था। हाईकोर्ट के फैसले में कहा गया था कि अपराध की तैयारी और उसके प्रयास में मुख्य अंतर केवल इरादे की मजबूती का होता है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी गलत बताया। शीर्ष अदालत ने गलतियों को सुधारने की कोशिश की है, लेकिन सवाल है कि ऐसी नौबत आती ही क्यों है? यौन उत्पीड़न से जुड़े केस में तो खास संवेदनशीलता और पीड़िता पर पड़ने वाले भावनात्मक असर का ख्याल रखा जाना चाहिए। हर एक शब्द नाप-तौल कर इस्तेमाल होना चाहिए। लेकिन, ऐसा क्यों नहीं हो रहा? पिछले साल कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए और तब भी सुप्रीम कोर्ट ने दखल देते हुए इसे आपत्तिजनक बताया था। फिर पिछले साल ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को याद दिलाया कि बलात्कार के आरोपी को पीड़िता या उसके माता-पिता या संरक्षक की बात सुने बिना जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई अब भी बहुत कठिन है। उन्हें अत्याचार करने वाले का तो सामना करना ही पड़ता है, कई बार खुद के परिवार और समाज से भी भिड़ना पड़ता है। हर कदम पर उन्हें इज्जत की दुहाई मिलती है। यह सब झेलते हुए जब वह अदालत पहुंचती हैं, तो बार-बार बीती बातों को याद दिलाया जाता है। इस संघर्ष में उन्हें न्यायपालिका का साथ चाहिए, ऐसी टिप्पणियां और दकियानूसी नसीहतें नहीं, जो उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दें।

बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है।

वृद्धों के लिये उजाला बना सुप्रीम कोर्ट का फैसला

(ललित गर्ग)

वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं।

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का 'सख्त दृष्टिकोण' अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं



कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है।

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में।

पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे। अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है। हमें अपने रिश्तों का दायरा इतना तो जरूर बढ़ाना चाहिए, जिसमें कम से कम अपना निकटतम परिवार पूरी तरह से शामिल हो जाए।

नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट की संवेदनशीलता वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति पर विराम देने का काम करेंगी। निश्चित ही आज के वृद्ध माता-पिता अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने के लिये जहां सुप्रीम कोर्ट का फैसला रोशनी बना है वही इसके लिये आज समाज एवं परिवार स्तर पर विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। सरकारों को भी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बेरोजगारों को या वृद्धजनों को सरकारी आर्थिक सहायता का प्रावधान करना चाहिए। आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ना त्रासदी है। भौतिक जिंदगी की भागदौड़ में नई पीढ़ी नए-नए मुकाम ढूंढने में लगी है, उनकी सुविधाओं एवं स्वच्छंदता का शिकार सर्वाधिक वृद्ध हो रहे हैं। आज वृद्धजन अपनों से दूर जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर कवीन्द्र-रवीन्द्र की पंक्तियां गुनगुनाने को क्यों विवश है-'दीर्घ जीवन एकटा दीर्घ अभिशाप', दीर्घ जीवन एक दीर्घ अभिशाप है। निश्चित ही वृद्ध जीवन अभिशाप बन रहा है, क्योंकि आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है।

देश में अप्रैल से लागू होंगे कई बड़े बदलाव



(कमलेश पांडे)

बजट 2025 में मध्यम वर्ग यानी मिडिल क्लास को राहत देते समय सरकार ने कई बड़े ऐलान किए गए थे, जिसमें टैक्स स्लैब में बदलाव से लेकर टीडीस, टैक्स रिबेट और अन्य चीजें शामिल थीं। वहीं पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह पर नए इनकम टैक्स बिल का प्रस्ताव रखा था।

एक अप्रैल दो हजार पच्चीस से नए वित्तीय वर्ष यानी टैक्स ईयर की शुरुआत होगी, इसलिए इस दिन से होने वाले कतिपय बड़े बदलावों का असर आपकी जेब पर पड़ने वाला है। चूंकि इन बदलावों से आपकी आर्थिक स्थिति से लेकर रसोई घर तक प्रभावित होने वाली है। लिहाजा आपको इस बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। बताया गया है कि एक अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल' दिवस से होने वाले विभिन्न बदलावों का असर आपके बैंक खाते से लेकर रसोई घर में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों तक पर पड़ने वाला है। इतना ही नहीं, यदि आप एसबीआई समेत अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड को यूज करते हैं, तो इससे जुड़े नियमों में भी परिवर्तन लागू होने वाला है। इसलिए सजग हो जाइए। अपडेट हो जाइए। इसलिए आइए यहां पर हमलोग जानते हैं कि पहली अप्रैल 2025 से भारत में लागू होने वाले कुछेक बड़े बदलावों के बारे में।

पहला-चूंकि हर महीने की शुरुआत देश में कई बड़े वित्तीय परिवर्तन के साथ होती है, इसलिए नये वित्त वर्ष यानी टैक्स ईयर के रूप में शुरू हो रहे अप्रैल महीने की पहली तारीख यानी 1 अप्रैल 2025 की शुरुआत भी कई बड़े बदलावों के साथ होने जा रही है। आप जानते हैं कि प्रायः हर महीने की पहली तारीख को ऑयल एंड गैस डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं। इसलिए 1 अप्रैल, 2025 को भी इनमें बदलाव देखने को मिल सकता है। बीते कुछ समय में जहां 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर की कीमतों घट-बढ़ देखने को मिली है, वहीं लंबे समय से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें यथावत बनी हुई हैं। ऐसे में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ लोगों को 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में राहत भरे बदलाव की उम्मीद है। इसके अलावा सीएनजी और पीएनजी की कीमतों के अतिरिक्त एयर टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ के भाव में भी संशोधन किया जाता है। इस प्रकार सीएनजी की कीमतों में उतार-चढ़ाव से जहां आपके वाहन पर होने वाले खर्च में इजाफा होगा या राहत मिलेगी, वहीं एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी से हवाई यात्रा और भी अधिक महंगी हो सकती है।

दूसरा- 1 अप्रैल 2025 से क्रेडिट कार्ड के नियमों में भी बदलाव हो रहा है, जो इन पर मिलने वाले रिवॉर्ड से लेकर अन्य सुविधाओं पर असर डालेंगे। जहां एक ओर एसबीआई अपने सिम्पली क्लिक क्रेडिट कार्ड पर स्विगगी रिवॉर्ड को 5 गुना से घटाकर आधा कर देगा, वहीं दूसरी ओर एयर इंडिया सिग्नेचर पॉइंट्स को 30 से घटाकर 10 कर किया जाएगा। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक क्लब विस्तारा माइलस्टोन के फायदे बंद करने वाला है।

तीसरा- अप्रैल महीने की पहली तारीख से भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य कई बैंक ग्राहकों के सेविंग अकाउंट में मिनिमम बैलेंस से जुड़े नियम संशोधित करने जा रहे हैं। लिहाजा, बैंक द्वारा खाताधारक के मिनिमम बैलेंस के लिए सेक्टर वाइज आधार पर नई लिमिट तय होगी और न्यूनतम बैलेंस खाते में न होने की स्थिति में फाइन लगाया जा सकता है। स्वाभाविक है कि इससे आपकी ही जेब ढीली होगी।

चतुर्थ- 1 अप्रैल से यूपीआई से जुड़ा हुआ बदलाव भी होगा। खासकर जिन मोबाइल नंबरों से जुड़े यूपीआई अकाउंट्स लंबे समय से एक्टिव नहीं हैं, उन्हें बैंक रिकॉर्ड से हटाया जाएगा। ऐसे में यदि आपका मोबाइल फोन नंबर यूपीआई ऐप से जुड़ा है और आपने लंबे समय से इसका इस्तेमाल नहीं किया है तो इसकी सेवाएं बंद की जा सकती हैं।

संघ मुख्यालय के साथ ही दीक्षाभूमि का दौरा कर मोदी ने गजब का राजनीतिक संतुलन साधा है

(नीरज कुमार दुबे)

मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह 'सक्षम' है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था।

हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद 'मोदी ब्रांड राजनीति' के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा



रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले। हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने 'समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा'। साथ ही उन्होंने संघ की 'राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका' को रेखांकित करके अपनी '2047 तक विकसित भारत' की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का 'वट वृक्ष' बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया।

भू-माफिया द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा का प्रयास

दो पक्षों में तनावपूर्ण स्थिति, परस्पर मामला दर्ज



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चंदनकियारी के लाघला पंचायत अंतर्गत बिजली सब स्टेशन के समीप नगेंद्र नाथ माहथा ने अपने रैयती जमीन पर भू-माफिया द्वारा जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में मामला दर्ज कराया है। बताया गया है कि मौजा 249, खाता संख्या 23/605, प्लॉट संख्या 2195/2372 व 2196/2274, रकवा 92.5 डिसमिल जमीन नगेंद्र माहथा के नाम पर है। आरोप है कि बीते दिनों कथित रूप से दिलीप बाउरी, दुलाल बाउरी, लखन बाउरी, ममता खेत्रपाल, प्रकाश दास समेत दर्जनों लोग पारंपरिक हथियारों के साथ पहुंचे और जमीन की चारदीवारी तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के कार्यालय को क्षतिग्रस्त करने की भी कोशिश की गई, जिससे नगेंद्र माहथा का परिवार भयभीत है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नगेंद्र माहथा ने यह जमीन वर्ष 2003 में खरीदी थी, जिसकी रसीद भी निर्गत है। लेकिन, नए सर्वे में हिंगवाला दासी के नाम से खतियान बना दिया गया। खाता संख्या 605, केवला संख्या 5417 के तहत 17 अक्टूबर 2023 को हिंगवाला दासी के वंशज श्याम सुंदर बाउरी ने पिता लखन बाउरी के नाम पर 24 डिसमिल जमीन बिक्री कर दी, जो विवाद का मुख्य कारण बना। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंचलाधिकारी चंदनकियारी रवि कुमार आनंद ने विवादित जमीन पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

सरहुल त्योहार देता है जल, जंगल व जमीन की रक्षा का संदेश



गनके में धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सरहुल पर्व जल, जंगल व जमीन की रक्षा का संदेश देता है। यह पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ। धरती पर जितने भी जीव जंतु हैं उनके बेहतर जीवन के लिए उत्सव मनाया जाता है। उक्त बातें अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे सदर प्रखंड के गनके में आयोजित सरहुल महोत्सव के अवसर पर बोल रहे थे। मौके पर बीससूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सरहुल आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देता है। साथ ही यहां यह हमें जल, जंगल और जमीन की रक्षा की सीख देता है। कहा कि झारखंड की संस्कृति प्रकृति से जुड़ा है । यहां के सभी पर्व त्यौहार में प्रकृति की पूजा- अर्चना की जाती है।

मौके पर लोगों ने मांदर की थाप पर नृत्य- गीत प्रस्तुत किए। नए- नए परिधानों में आदिवासी समुदाय के लोगों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ त्योहार को मनाया। विदित हो कि झारखंड के आदिवासी पूर्वज सरहुल को पर्यावरण पर्व के रूप में मानते आए हैं। इस मौके पर आदिवासी समुदाय के महिलाओं व पुरुषों ने मांदर व नगाडा बजाकर एक साथ नृत्य प्रस्तुत किया व आपसी एकता का परिचय दिया। साथ ही लोगों ने संकल्प लिया कि वे जल, जंगल व जमीन की रक्षा करेंगे ।जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार है ।इसे मिटने नहीं देंगे । मौके पर टाइगर कुमार, मेहनाज आलम, अनिल कुमार, शम्भू ठाकुर, देवदत्त उरांव, सूर्य नारायण उरांव, उदय नाथ उरांव, शम्भू उरांव, अर्जुन उरांव, बुधन उरांव, हरिहर उरांव, कुलेश उरांव, विनोद उरांव, धर्मराज उरांव, रविंद सिंह, आनंद कुमार, दीपक प्रसाद, ललित कुमार प्रजापति समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

सरहुल पर बोकारो में निकला भव्य जुलूस, हजारों हुए शामिल



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड संस्कृति और आदिवासियों का महान पर्व सरहुल आज पूरे धूमधाम से झारखंड समेत बोकारो में भी मनाया जा रहा है। विभिन्न सरना स्थल से आदिवासी समाज के लोग जुलूस की शक्ल में नया मोड़ बिरसा चौक पहुंचे। जहां सरहुल कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस सरहुल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक भी मौजूद रहे। पारंपरिक आदिवासी परिधान में आदिवासी समाज के लोग ढोल नगाड़ा और मदार के साथ थिरकते नजर आए। इस दौरान इस प्राकृतिक पर्व लोगों ने झारखंड में रहने वाले सभी लोगों को बधाई दी। विधायक उमाकांत रजक ने कहा किया झारखंड का महान पर्व है यह पर्व हमारे प्रकृति से जुड़ा हुआ है ।जिसे हम लोग मनाने का काम करते हैं और इस तरह के पर्व और संस्कृति को बचाए रखना हम लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी और कहा कि सरहुल पर्व में 2 दिन का राजकीय अवकाश अपने आप में इस पर्व की महत्ता को बताता है।

सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मैरवा गुठनी मुख्य मार्ग पर टेकनिया कुटी के समीप 25 मार्च की दोपहर अनियंत्रित वाहन की टक्कर से घायल साइकिल सवार की मौत इलाज के क्रम में सोमवार की रात गोरखपुर में हो गयी। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के विसवार गांव निवासी छद्दू प्रसाद (55) गत 25 मार्च को टेकनिया कुटी के समीप वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों का कहना था की मैरवा के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। आनन फानन में उन्हें मैरवा रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां से चिकित्सक ने सिवान सदर रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा बेहतर उपचार के लिये गोरखपुर ले जाया गया। गोरखपुर में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गयी।

तिरुपति सुगर मिल के एमडी से बकाया भुगतान की मांग

20 फरवरी से 1 मार्च के बीच गन्ना आपूर्ति का नही हुआ है भुगतान

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चालू पराई सत्र के दौरान स्थानीय तिरुपति शुगर मिल के द्वारा 11 दिनों के गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया गया है। गन्ना मूल्य भुगतान नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को चीनी मिल के एमडी दीपक यादव से मिलकर शीघ्र ही बकाया भुगतान करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि गन्ना मूल्य भुगतान नहीं होने से किसानों के सामने खेती-बाड़ी के साथ-साथ आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में दर्जनों किसानों ने ईख काश्तकार संघ के नेतृत्व में मंगलवार को चीनी मिल के एमडी दीपक यादव से मिलकर भुगतान करवाने की मांग की है। ईख काश्तकार संघ के प्रदेश सचिव छोटे श्रीवास्तव ने बताया कि मिल के द्वारा 20 फरवरी से 1 मार्च तक के बीच की गई गन्ने की आपूर्ति का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में किसानों का लगभग 12 करोड़ रूपया चीनी मिल पर बकाया है। जिनकी भुगतान की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं को सुनते हुए चीनी मिल के एमडी दीपक यादव ने 2 अप्रैल तक सभी किसानों के बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया है। किसानों के शिष्ट मंडल में पूर्व मुखिया राम विलास सिंह, लाल बाबू यादव, संजय यादव ,संजीव गुप्ता, मुन्ना खान,अमर प्रजापति ,सोहन गुप्ता,प्रेमचंद यादव,राजेंद्र पाल,सूर्यभान यादव आदि मौजूद थे।

मजदूरी के लिए निकला बिंदु अहीर हुआ लापता

गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। करौंदी पोढ़ाटोली निवासी बिंदु अहीर 25 फरवरी से लापता हैं। वे मजदूरी के लिए चेन्नई जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही गायब हो गए। उनकी पत्नी अंगनी देवी ने सीएफटीयूआई कार्यालय में आवेदन देकर पति की खोजबीन की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि काफी प्रयास के बावजूद भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

तालाबों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग

सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर के लोगो से नगर परिषद और जिला प्रशासन से शहर के तालाबों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण करने की मांग की है। लोगों ने नप के प्रशासक समीर बोदरा से आग्रह करते हुए शहर के बीचोबीच स्थित छठ तालाब और विसर्जन तालाब के अस्तित्व को बचाने की भी मांग की है। लोगों ने बताया कि गर्मी के शुरूआत में ही दोनो तालाब सुखने के कागार पर है। अगर अभी प्रशासन और नगर परिषद दोनो तालाबों की खुदाई करवा देता है तो दोनों तालाब फिर से जिंदा हो जाएगें और वर्ष भर तालाब में पानी रहेगा। लोगों ने बताया कि दोनों तालाब का पर्यटन के साथ साथ धार्मिक महत्व भी है।

छात्रा का एटीएम बदलकर शातिरों ने 27 हजार उड़ाए

लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लोहरदगा सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड बस्ती निवासी संजय साहू की पुत्री और छात्रा निधि साहू से साइबर अपराधियों ने एटीएम कार्ड शातिराना तरीके से बदलकर उनके अकाउंट से 27 हजार रुपए की निकासी कर ली। लोहरदगा थाने में एफआईआर दर्ज करते हुए निधि ने बताया कि वह सोमवार को सुबह करीब 10:30 बजे कस्तूरबा स्कूल के पास एसबीआई के एटीएम में गई थी। एटीएम कार्ड मशीन में डालने और प्रोसेस करने पर पैसा नहीं निकला तो बाहर निकल आई। फिर एक महिला अपना पैसा निकासी की। उस वक्त बाहर 28- 30 वर्ष का एक युवक मौजूद था। उसने उसे फिर से प्रयास करने के लिएकहा। जब वह दोबारा एटीएम में गई तो मदद करने के बहाने वह भी अंदर आ गया और इसी दौरान एटीएम कार्ड बदल दिया जिसकी जानकारी मोबाइल में थोड़ी देर बाद पैसा निकासी हो जाने का मैसेज आने पर उसे हुई। सुबह 11:02 तक उसके अकाउंट से चार बार कुल 27 हजार रुपए निकाल लिए गए। निधि ने पुलिस को उक्त युवक का हुलिया और पूरी जानकारी दी है और मामले की पड़ताल कर दोषी पर कार्रवाई और पैसे वापसी की गुहार लगाई है।

गुमला में सरहुल की शोभायात्रा आज, उमड़ेगा जनसैलाब

गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनजातीय समुदाय के सबसे प्रमुख पर्व सरहुल को लेकर जिला मुख्यालय पूरी तरह से सरहुल झंडों से सजा दिया गया है। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति द्वारा शहर के सभी प्रमुख सड़कों,गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर सरहुल झंडे लगाए गए हैं। जिससे पूरा शहर बदला-बदला और आकर्षक नजर आ रहा है। इस पावन पर्व को लेकर पूरे जिले में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है।केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के तत्वावधान में एक अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सड़कों पर जनजातीय समुदाय का जनसैलाब उमड़ेगा।

रामनवमी के अवसर पर लायंस क्लब मेदिनीनगर करेगा भंडारा आयोजित

फेमिना की सदस्या लायनेस अल्पना कुमार के आकस्मिक निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की महत्वपूर्ण बैठक निर्मला मल्टीसिटी अस्पताल परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने की।बैठक की शुरूआत में लायंस क्लब फेमिना की सदस्य लायनेस अल्पना कुमार के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब के सदस्यों ने उनकी समाजसेवा के प्रति समर्पण को याद किया। साथ ही उनके योगदान की सराहना की। अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि शहर के जाने-माने व्यवसायी व समाजसेवी लायन रूपेश कुमार की धर्मपत्नी अल्पना कुमार के रूप में लायंस परिवार ही नहीं बल्कि समाज की एक सशक्त समाजसेवी महिला शक्ति के रूप में बड़ा नुकसान हुआ है। भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। इसके पश्चात बैठक में रामनवमी पर्व को लेकर विशेष चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्लब भंडारे का आयोजन करेगा। परियोजना के अध्यक्ष की जिम्मेदारी लायन वरुण जायसवाल ने संभालते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना व समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। भंडारा शहर के झंडा चौक, अनूप तिलकुट भंडार के पास आयोजित किया जाएगा। यहां से अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सकेगा। क्लब अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि भंडारे की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने को स्वयंसेवकों की एक विशेष टीम बनाई जाएगी। इसके साथ ही क्लब के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस सेवा कार्य से जोड़ें जिससे कि कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाया जा सके। बैठक में अन्य सामाजिक व सेवा कार्यों पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि आगामी महीनों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर व यातायात सहायता कार्यक्रम चलाया जाए। क्लब के सदस्यों ने इन प्रस्तावों का स्वागत किया व सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में क्लब के सचिव निलेश चंद्र ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद दिया। साथ ही समाज सेवा के कार्यों को लगातार आगे बढ़ाने की अपील की। बैठक में लायनेस प्रियंका आनंद साहू, आकांक्षा जायसवाल, वरुण जायसवाल, विकास शेट्टी, राघवेंद्र सिंह, अनूप कुमार, मनोज सोनी, फिरोजुद्दीन अंसारी, रितेश कुमार, श्रीकांत कुमार, डॉक्टर निशांत डॉ अमित, डॉक्टर रविश कुमार, डॉ उदय व रणजीत मिश्रा उपस्थित थे।

आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय खाय के साथ शुरू

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय खाय के साथ मंगलवार से शुरू हो गया। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई है। प्रत्येक वर्ष दो बार छठ महापर्व मनाया जाता है। पहला चैत्र मास व दूसरा कार्तिक मास में मनाई जाती है। इस वर्ष एक अप्रैल मंगलवार को नहाय खाय, 02 अप्रैल बुधवार को खरना पूजन, 03 अप्रैल गुरुवार को संध्या स्तलगामी अर्घ्य व 04 अप्रैल शुक्रवार को उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। जानकारी अनुसार छठ पर्व संतान की कामना व घर परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख, खुशहाली की कामना के लिए यह व्रत उत्तम माना गया है। इस दिन भगवान सूर्य के साथ उनकी बहन छठी मैया की पूजा करने से देवी अत्यंत प्रसन्न होती है। चैती छठ का नहाय खाय मंगलवार को है। इस दिन सम्पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखते हुए छठ पूजा के लिए गेंहू व चावल को धो कर सुखाया जा रहा है। इसके अलावे इस दिन कद्दू व भात को प्रसाद के रूप में खाया गया। खरना के दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखते हैं। संध्या के समय आम की लकड़ी के जलावन का इस्तेमाल करके चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। संध्या अर्घ्य गुरुवार को डूबते सूर्य को दिया जायेगा। वहीं शुक्रवार को सूर्योदय का अर्घ्य देकर पारण किया जायेगा। चार दिवसीय महापर्व छठ का आज पहला दिन है। आज नहाय खाय है। कार्तिक महीने का छठ जिस तरह लगभग हर बिहारी सहित झारखण्डी घरों में होता है, उसी तरह चैती छठ नहीं होता है। बावजूद ज्यादातर लोग लोक आस्था के इस महापर्व पर चैत्र महीने में भी पूजन स्थलों पर जाते हैं। चैती छठ को मान्यता व मनोकामना का पर्व माना जाता है। आम धारणा है कि जिनकी मनोकामना पूरी हो जाती है, वही चैती छठ करते हैं।

विधायक द्वारा बालक-बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास



टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। टुण्डी प्रखंड के मंगरूडीह नया प्राथमिक विद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए भवन प्रमंडल धनबाद द्वारा कार्यान्वित बालक बालिकाओं का शौचालय निर्माण कार्य का टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामयी उपस्थिति में आज मंगलवार को फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया यह शौचालय डी एम एफ टी मद से किया जायेगा। साथ ही विधायक मथुरा प्रसाद महतो विभिन्न स्थानों में आयोजित ईद पर्व पर पहुंचे जहां लोगों ने उन्हें माला पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा विधायक ने भी लोगों को अमन-चैन एवं सौहार्द का पर्व ईद पर मुबारकबाद दिया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, बाबा मनीर मस्तान, कामेश्वर सिंह, फूलचंद किस्कू, अजीमुद्दीन उर्फ छोटू अंसारी, सुरेन्द्र सोरेन, रूस्तम काजी, कालीचरण महतो, धनेश्वर मुर्मू, सागर ओझा, सुभाष महतो, धनेश्वर चौधरी, अब्दुल रसीद अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य मो० जाहिद अंसारी, अनवर अंसारी, आनंद महतो,श्रवण बेसरा, बबलू सिंह, श्रवण टुडू,अकरम हुसैन समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पलामू चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने मुंबई स्पेशल ट्रेन चलवाने के लिए सांसद बीडी राम को दी बधाई

शक्तिपुंज ट्रेन को भी मुंबई तक दिया जाए विस्तार : चैंबर



मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने अपने सभी सदस्यों के साथ सांसद विष्णु दयाल राम को समर स्पेशल ट्रेन डालटनगंज से मुंबई चलवाए जाने के किए गए प्रयास के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि मुंबई के लिए सीधी ट्रेन का खुलना पलामू के व्यवसाय जगत के लिए बहुत बड़ी राहत है। इसके अलावा पलामू के रोगी अब सीधे तौर पर मुंबई के अस्पतालों की सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। यह एक चिरपरिचित मांग थी। इसे लोकप्रिय सांसद के प्रयासों ने पूरा किया है। चैंबर परिवार सांसद का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करता है । चैंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने कहा कि यह ट्रेन 03379 के रूप में धनबाद से चलकर प्रातः 4. 59 बजे डालटनगंज स्टेशन पहुंचेगी। अगले दिन 33 घंटे का सफर तय कर 2.15 बजे दोपहर मुंबई एलटी स्टेशन पर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 03380 के रूप में मुंबई एलटी से संध्या 5 बजे चलेगी व डालटनगंज रात्रि में 11 बजे पहुंचेगी । यह ट्रेन साप्ताहिक है। डालटनगंज से बुधवार को चलेगी व मुंबई से बृहस्पतिवार को लौटेगी। इस ट्रेन के रास्ते में कटनी, इटारसी, भुसावल जैसे अनेक बड़े जंक्शन आएंगे। यहां से यात्री दक्षिण भारत के लिए अन्य ट्रेनों का उपयोग भी कर सकते हैं। चेंबर के सभी सदस्यों ने सांसद से अनुरोध किया कि विस्तार की इसी श्रेणी में शक्तिपुंज को भी मुंबई तक विस्तारित कर दिया जाए। साथ ही स्पेशल ट्रेन को रेगुलर करा दिया जाए।

एसडीएच महाराजगंज सहित छः सीएचसी कायाकल्प के तहत हुए चयनित

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है. जिले वासियों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सके इसके लिए विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का कायाकल्प के तहत सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है. जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन डॉ कुमार अभिमन्यु ने बताया कि कायाकल्प के तहत जिले के एक मात्र अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज के अलावा छः सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प के तहत चयनित किया गया है. कायाकल्प के तहत चयनित अस्पतालों को पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई है. कायाकल्प के तहत महाराजगंज अनुमंडलीय मुख्यालय स्थित अस्पताल को 72.03 प्रतिशत,बसंतपुर सीएचसी को 73.23, जीरादेई को 73.69, बड़हरिया को 74 15, रघुनाथपुर को 74.92, हुसैनगंज को 76.03 जबकि जिले के आकांक्षी आंदर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 79.07 प्रतिशत अंकों के साथ पुरस्कृत किया गया है. वहीं इन अभी चयनित स्वास्थ्य केंद्रों को एक एक लाख रुपए प्रोत्साहन के रूप में राशि मिलने वाली है. कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों में मुख्य रूप से आठ बिंदुओं पर फोकस किया जाता है। जिनमें अस्पताल का अपना भवन, वहां की स्वच्छता व साफ सफाई, कचरा निष्पादन की व्यवस्था, इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी का क्रियाकलाप, सपोर्ट सर्विस, हाइजेनिक प्रोमोशन और बी ऑन द बांड्री यानि अस्पताल परिसर के बाहर आसपास वाले



क्षेत्रों की साफ सफाई का होना शामिल है. इसके अलावे साईनेज बोर्ड, आयुर्वेदिक बगीचा शामिल किया गया है. सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राज्य के 19 स्वास्थ्य संस्थानों का कायाकल्प के समकक्ष मूल्यांकन के आधार पर सराहना पुरस्कार देने की अनुशंसा की गई.जिसमें जिले के अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज के अलावा आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़हरिया, बसंतपुर, हुसैनगंज, रघुनाथपुर और जीरादेई को कायाकल्प अंतर्गत चयनित किया गया है.

यूपी पुलिस का झारखंड में भी खौफ

अनुज कन्नौजिया के बाद एक और बड़े बदमाश की खोज



धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमशेदपुर में मुख्तार अंसारी के शूटर अनुज कन्नौजिया के एनकाउंटर से जरायम की दुनिया में दहशत का माहौल है। अनुज की तलाश यूपी एसटीएफ को थी। यूपी एसटीएफ धनबाद के जेसी मल्लिक रोड निवासी आशीष रंजन उर्फ छोटू को भी सरगर्मी से खोज रही है। झारखंड की सीआईडी के साथ-साथ यूपी एसटीएफ भी आशीष को ढूंढ़ रही है। यूपी एसटीएफ आशीष का टोह लेने के लिए धनबाद पुलिस और एटीएस रांची के अफसरों से भी मुलाकात कर चुकी है। यूपी के गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद जेल में हुई की हत्या के बाद से आशीष रंजन के यूपी में छिपे होने की बातें सामने आ रही हैं। आशीष का नाम अमन सिंह की हत्या में सामने आया था। झारखंड सीआईडी की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ था कि अमन सिंह को मरवाने में मुन्ना बजरंगी के शार्प शूटर व प्रयागराज निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह का हाथ था। झारखंड और यूपी के स्पेशल पुलिस टीमों को इनपुट मिला है कि आशीष रंजन और रिंकू सिंह यूपी के पूर्वांचल के जिलों में पनाह लिए हुए है। दोनों मिल कर रंगदारी के लिए लोगों को धमका रहे हैं।

आशीष रंजन पर इनाम बढ़ाने का भेजा गया है प्रस्ताव

आशीष रंजन के घर नया बाजार के जमीन कारोबारी सरफुल हसन उर्फ लाला और कतरास के कोयला कारोबारी नीरज तिवारी की हत्या मामले में कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई हो चुकी है। दोनों हत्याओं में आशीष पर खुद गोली चलाने का आरोप है। अमन की हत्या के बाद हीरापुर आदर्श नगर के अमन कुमार सिंह की हत्या से भी उसका कनेक्शन जुड़ा। आशीष रंजन पर दो लाख रुपए का इनाम जारी करने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है।

गैंग के सरगना को ही मौत की नींद सुलाया

12 मई 2021 को जमीन कारोबारी लाला की हत्या हुई थी। उसी समय से लगातार आशीष रंजन गैंगस्टर अमन सिंह के साथ था। उसने अमन सिंह के इशारे पर धनबाद के कई कारोबारियों को फोन करके रंगदारी मांगी। वह अपने आप को गैंगस्टर अमन सिंह का शूटर बताता था। सरायढेला के जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या के बाद जब वह धनबाद जेल पहुंचा तो वह अमन सिंह का राइट हैंड बन गया था। आरोप है कि तीन दिसंबर 2023 को आशीष रंजन ने अमन की ही जेल में हत्या करा दी। उस पर झरिया के रंजीत साव की हत्या का भी आरोप है।

सरकारी कंपनी बनी वोडाफोन आइडिया !

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की तीसरी बड़ी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया का शेयर आज मार्केट खुलते ही अपर सर्किट में चला गया। बीएसई पर यह सुबह 10 प्रतिशत तेजी के साथ बीएसई पर 7.49 रुपये पर पहुंच गया। सरकार ने कंपनी के 36,950 करोड़ रुपये के बकाया स्पेक्ट्रम पेमेंट को इक्विटी में बदल दिया है। इससे कंपनी पर कर्ज का बोझ कम होगा और वित्तीय हालत सुधरेगी। इस कदम से वोडाफोन आइडिया में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशत से बढ़कर 48.99 प्रतिशत हो जाएगी। वहीं, प्राइवेट प्रमोटर्स वोडाफोन पीएलसी और आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिस्सेदारी कम हो जाएगी। वोडाफोन पीएलसी



की हिस्सेदारी 16.1 प्रतिशत और आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिस्सेदारी 9.4 प्रतिशत रह जाएगी। हालांकि, कंपनी का कामकाज प्रमोटर्स के हाथ में रहेगा।

सरकार के इस कदम से वोडाफोन को संजीवनी मिलेगी। साल 2023 के बाद यह दूसरा मौका है जब सरकार ने वोडाफोन में अपनी देनदारी को इक्विटी में बदला है। इससे वोडाफोन आइडिया को कैश फ्लो में मदद मिलेगी। सितंबर में भुगतान पर लगी रोक हटने के बाद कंपनी को ज्यादा पैसे चुकाने होंगे लेकिन अब उसे राहत मिलेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि वोडाफोन आइडियो को एफवाय26 की दूसरी छमाही में 29,000 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम और ब्लक बकाया चुकाना है। अब यह कर्ज घटकर 11,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

क्या कह रहे हैं ब्रोकरेज

दिसंबर में खत्म हुए क्वार्टर में वोडाफोन आइडिया के पास 12,090 करोड़ रुपये थे। कंपनी ने ने एक फाइलिंग में कहा है कि संचार मंत्रालय ने सितंबर 2021 में टेलीकॉम सेक्टर के लिए घोषित सुधारों के तहत बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी की रकम को इक्विटी में बदलने का फैसला किया है। यह इक्विटी सरकार को जारी की जाएगी। इसका मतलब है कि सरकार अब कंपनी में हिस्सेदार बन जाएगी। इस खबर के बाद ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म सिटी रिसर्च ने वोडाफोन आइडिया पर बाय/हाई रिस्क रेटिंग बरकरार रखी है। उनका कहना है कि सरकार के कंपनी में 48.99 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने से कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत होगी। उन्होंने शेयर का टारगेट प्राइस 12 रुपये रखा है। इसका मतलब है कि शेयर में 76 प्रतिशत तक का उछाल आ सकता है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से कंपनी को फिलहाल वित्तीय मदद मिलेगी। लेकिन कंपनी को अभी भी नया पैसा जुटाने और 4ल और 5ल नेटवर्क बढ़ाने में दिक्कतें आएंगी।

कहां तक जाएगी कीमत

ट्रेंडलाइन के डेटा के अनुसार वोडाफोन आइडिया के शेयर का औसत टारगेट प्राइस 8 रुपये है। इसका मतलब है कि शेयर में 18 प्रतिशत तक का उछाल आ सकता है। 22 एनालिस्ट्स ने इस शेयर को सेल करने की सलाह दी है। टेक्निकली देखें तो स्टॉक का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 35.7 है। यह न्यूट्रल कंडीशन दिखा रहा है। स्लिष्ट -0.3 है, जो सेंटर लाइन से नीचे है। यह एक नेगेटिव संकेत है। यह स्टॉक अपने 5-दिन, 10-दिन, 20-दिन, 30-दिन, 50-दिन, 100-दिन, 150-दिन और 200-दिन के सिंपल मूविंग एवरेज से नीचे कारोबार कर रहा है। एसएमए एक तरह का एवरेज होता है जो स्टॉक की कीमत को ट्रैक करता है।

नए वित्त साल के पहले दिन आसमान पर पहुंचा सोना, चांदी में भी तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन सोना एक बार फिर ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। एमसीएक्स पर सोने के जून वायदा अनुबंध में 677 रुपये की बढ़त हुई और सोने का भाव 90,797 रुपये पर पहुँच गया। यह सोने का अब तक का सबसे ऊंचा भाव है। ट्रेड वॉर को लेकर अनिश्चितता के कारण सोने के भाव में यह तेजी आई है। चांदी के मई वायदा अनुबंध में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। लेकिन यह 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के ऊपर बना रहा। आज यह 1,00,791 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला और इसमें 726 रुपये यानी 0.73प्रतिशत की तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना पहली बार 3,150 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गया। इस साल सोने की कीमत में 20 फीसदी तेजी आई है।

इससे पहले सोमवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना और चांदी दोनों में मिला-जुला रुख रहा। सोने का जून वायदा अनुबंध 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90,717 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, चांदी का मई वायदा अनुबंध 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,00,065 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति के ट्रेड टैरिफ से दुनिया भर में आर्थिक विकास की संभावनाओं पर असर पड़ रहा है। इसलिए लोग सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना खरीद रहे हैं।

टैरिफ का डर- जानकारों का कहना है कि ग्लोबल इक्विटी मार्केट टैरिफ के डर से जूझ रहे हैं। रूस-यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव भी बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति की ईरान को धमकी से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ रहा है। इससे सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। इस सप्ताह डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी ट्रेड टैरिफ के डर के कारण सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। एमसीएक्स



पर सोने के लिए 90,350-90,000 रुपये पर सपोर्ट और 91,040-91,400 रुपये पर रेसिसटेंस है। चांदी के लिए 99,450-98,800 रुपये पर सपोर्ट और 1,00,800-1,01,650 रुपये पर रेसिसटेंस है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि सोने को 90,350 रुपये के आसपास खरीदें। इसके लिए 89,800 रुपये का स्टॉप लॉस रखें और 91,300 रुपये का टारगेट रखें। इसी तरह उन्होंने चांदी को 99,500 रुपये के आसपास खरीदने का भी सुझाव दिया है।इसके लिए 98,800 रुपये का स्टॉप लॉस रखें और 1,01,000 रुपये का टारगेट रखें।

सोने ने इस साल हर तीसरे दिन नई ऊंचाई को छुआ

देशों के बीच तनाव और टैरिफ के चलते सोने ने इस साल के महज 90 दिनों में 12 फीसदी मुनाफा दिया है। एक जनवरी को 10 ग्राम सोने का भाव 79,390 रुपये था जो अब 92,150 रुपये हो गया है। इस बहुमूल्य धातु ने हर तीसरे कारोबारी सत्र में नई ऊंचाई छुई है। आंकड़ों के मुताबिक, लगातार बारह महीने के आधार पर सोना लगभग 37 फीसदी बढ़कर सोमवार को 3,106 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोने ने 2025 में जो चौंकाने वाली उपलब्धि हासिल की है, वह यह कि महंगे होने के बावजूद इसकी चमक फीकी नहीं पड़ी है। इसमें आगे भी अच्छा खासा रिटर्न देने की गुंजाइश बनी है। सोने ने पिछले कैलेंडर वर्ष में 30 फीसदी का मुनाफा दिया था। इस साल यह उससे भी अधिक फायदा देने की स्थिति में फिलहाल दिख रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि केंद्रीय बैंक और निवेश में सुरक्षा चाहने वाले लगातार इस पीली धातु को खरीद रहे हैं। पिछले 30 महीने में ही इसकी कीमत दोगुनी हो गई है। विश्लेषकों के मुताबिक, सोने के मूल्य में भारी उछाल आने की उम्मीद है।

खुदरा के साथ संस्थागत खरीदी में भी आई तेजी- सोने की कीमतें बढ़ने की वजह कई हैं। एक तो देशों के बीच तनाव और दूसरे खुदरा के साथ संस्थागत स्तर पर सोने की खरीदी जमकर हो रही है। सोने को महंगाई से बचाव के रूप में प्रमुख साधन माना जाता है।

सस्ता हुआ गैस सिलेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त वर्ष 2025-26 का पहला दिन शुरू हो रहा है। आज अप्रैल महीने की पहली तारीख है। हर महीने की पहली तारीख को पेट्रोलियम कंपनियां जैसे इंडियन ऑयल हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम एलपीजी गैस के सिलेंडर की कीमतों में समीक्षा करती हैं। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल से मिली सूचना के मुताबिक आज से कार्मर्शियल गैस सिलेंडर यानी 19 किलो वाले गैस सिलेंडर की कीमतों में थोड़ी कमी की गई है। यह कमी 41 रुपये प्रति सिलेंडर की है।



कितना रह गया रेट

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से मिली जानकारी के अनुसार आज यानी एक अप्रैल 2025 से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1762 रुपये का रह गया है। इससे पहले यानी बीते मार्च के महीने में इसकी कीमत 1803 रुपये थी। इसी साल फरवरी में यह सिलेंडर 1797 रुपये में मिल रहा था।

अन्य महानगरों में क्या है कीमत- आज से कोलकाता में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1868.50 रुपये हो गया है। इससे पहले वहां इसकी कीमत 1913 रुपये थी। इसी प्रकार मुंबई में कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1713.50 रुपये हो गई है। बीते मार्च में यह 1755.50 रुपये की थी। तमिलनाडु के चेन्नई में इसकी कीमत घट कर 1921.50 रुपये हो गई है। बीते मार्च में इसकी कीमत 1965 रुपये थी।

रसोई गैस सिलेंडर के क्या हाल हैं

आम घरों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर कहा जाता है। इसमें 14 किलो गैस होता है। आज इंडियन ऑयल समेत सभी पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में इस सिलेंडर का रेट 803 रुपये है। कोलकाता में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 829 और मुंबई में 802.50 है। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में इसकी कीमत 818.50 रुपये है।

शेयर मार्केट में अगले महीने छुट्टियों की भरमार

11 दिन बंद रहेंगे बाजार

मुंबई, एजेंसी। कल यानी मंगलवार से अप्रैल का महीना शुरू हो रहा है इस महीने शेयर बाजार में छुट्टियों की भरमार रहेगी। अप्रैल 2025 में कुल मिलाकर 11 दिन बाजार शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसमें सप्ताहांत (शनिवार और रविवार) की छुट्टी और सार्वजनिक अवकाश शामिल हैं। छुट्टियों के कारण निवेशकों और ट्रेडर्स को ट्रेडिंग करने में दिक्कत होगी।

किस-किस दिन बंद रहेंगे बाजार

एनएसई की हॉलिडे लिस्ट के अनुसार, बीएसई और एनएसई 10 अप्रैल, 14 अप्रैल और 18 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश की वजह से बंद रहेंगे। दरअसल, अगले महीने दूसरे गुरुवार यानी 10 तारीख को महावीर जयंती है। इस वजह से शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसके बाद दूसरे सोमवार, 14 अप्रैल को दिन अंबेडकर जयंती है। उस वजह से शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसके बाद महीने के तीसरे शुक्रवार, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे की वजह से शेयर बाजार में अवकाश है। इसका मतलब है कि इन दिनों शेयर बाजार में कोई ट्रेडिंग नहीं होगी।

आम दिनों में क्या है ट्रेडिंग टाइम

अब बात करते हैं कि आम दिनों में बाजार कब खुलता और बंद होता है। इक्विटी सेगमेंट में ट्रेडिंग हफ्ते में सोमवार से शुक्रवार को होती है।

प्री-ओपन सेशन

इसमें ऑर्डर डालने और बदलने का समय सुबह 9 बजे से 9 बजे तक होता है। यानी, आप सुबह 9 बजे से 9 बजकर 8 मिनट तक ऑर्डर दे सकते हैं और उसमें बदलाव कर सकते हैं।

क्लोजिंग सेशन- यह सेशन दोपहर 3:40 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच होता है।

ब्लॉक डील सेशन: इसमें दो विंडो होती हैं। पहली विंडो सुबह 8:45 बजे से 9:00 बजे तक और दूसरी विंडो दोपहर 2:05 बजे से 2:20 बजे तक खुली रहती है।

कंपनी के हाथ लगा 2 बड़ा ऑर्डर

शेयरों पर बढ़ा निवेशकों का विश्वास

नई दिल्ली, एजेंसी। चार दिन की गिरावट के बाद रिट्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में आज तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में आज 3 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में आज उछाल के पीछे की वजह नया ऑर्डर है। बता दें, कंपनी को ऑयल इंडिया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी से 312.75 करोड़ रुपये का काम मिला है।



शेयर बाजार में कैसा रहा है प्रदर्शन

बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों कीमतों में 11 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, इसके बाद भी 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 22 प्रतिशत टूटा है। एक साल में रिट्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में करीब 3 प्रतिशत की तेजी आई है। बता दें, कंपनी का मार्केट कैप 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। कंपनी का 52 वीक हाई 398.50 रुपये और 52 वीक लो लेवल 192.30 रुपये है।

बीएसई में कंपनी के शेयर 225.05 रुपये के लेवल पर खुला था। कंपनी का इंट्रा डे हाई 231.70 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। इसके बाद कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिली है।

क्या है वर्क ऑर्डर डीटेल्स

एक्सचेंज को दी जानकारी में रिट्स लिमिटेड ने कहा है कि उन्हें ऑयल इंडिया से 157.25 करोड़ रुपये का काम मिला है। कंपनी को वर्कमेंन हाउसिंग कॉम्प्लेक्स बनाने का काम मिला है। इस काम को कंपनी को 36 महीने में पूरा करना है। इस वर्क ऑर्डर की वैल्यू 155.50 करोड़ रुपये का है। बता दें, कंपनी को इस काम 24 महीने में पूरा करना है। इससे पहले 6 मार्च को कंपनी को 27.90 करोड़ रुपये का काम मिला है।

लगातार गिर रहा मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर

15 पर आ गया भाव, आपका है दांव

नई दिल्ली, एजेंसी। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाले एक पेनी स्टॉक में पिछले कुछ सालों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। साल 2020 से यह स्टॉक गिरावट की ओर है। पिछले एक साल में स्टॉक 52-सप्ताह के हाई 30



रुपये से 50 प्रतिशत तक गिर चुका है। हम बात कर रहे हैं- मुकेश अंबानी की कपड़ा कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों की। बता दें कि इस कंपनी को 2019 में कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के माध्यम से रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा अधिग्रहित किया गया था।

कंपनी के शेयरों के साल

शुक्रवार (28 मार्च) के कारोबारी सत्र में एनएसई पर इसके शेयर लाल निशान में 15.03 रुपये पर बंद हुए थे। एक साल में इस पेनी स्टॉक ने 4 अप्रैल, 2024 को छुए गए 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 30 रुपये से 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। साल 2019 में रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा अधिग्रहण के बाद आलोक इंडस्ट्रीज ने ध्यान आकर्षित किया और इसके शेयर 3 जुलाई, 2020 को एनएसई पर 58.50 रुपये के लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गए। शिखर से काउंटर लगभग 300 प्रतिशत गिर गया है। ट्रेंडलाइन डेटा के अनुसार, प्रमोटर रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास कंपनी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी (1,986,533,333 शेयर) है, जबकि जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के पास कंपनी में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी (1,737,311,844 शेयर) है।

रतन टाटा की वसीयत: दान में दे दिया अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी। रतन टाटा की वसीयत के मुताबिक उन्होंने अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा दान में दिया है। उनकी कुल संपत्ति लगभग 3,800 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें टाटा सन्स के शेयर और अन्य संपत्तियां शामिल हैं। इसका अधिकांश हिस्सा रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को दान में दिया गया है, जो समाज सेवा के काम आएगा।

टाटा ग्रुप की पूर्व कर्मचारी को भी मिली टाटा की दौलत- ईटी की खबर के मुताबिक उनकी अन्य संपत्ति (लगभग 800 करोड़ रुपये), जिसमें बैंक एफडी, वित्तीय साधन, घड़ियां और पेंटिंग्स शामिल हैं, का एक-तिहाई हिस्सा उनकी सौतेली बहनों शिरीन जेजीभाय और डीना जेजीभाय को मिलेगा। एक-तिहाई हिस्सा मोहिनी एम दत्ता को मिलेगा, जो टाटा ग्रुप की पूर्व कर्मचारी थीं और रतन टाटा के करीबी थीं। रतन टाटा की वसीयत के मुताबिक उन्होंने अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा दान में दिया है। उनकी कुल संपत्ति लगभग 3,800 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें टाटा सन्स के शेयर और अन्य संपत्तियां शामिल हैं। इसका अधिकांश हिस्सा रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को दान में दिया गया है, जो समाज सेवा के काम आएगा।



टाटा ग्रुप की पूर्व कर्मचारी को भी मिली टाटा की दौलत- उनकी अन्य संपत्ति (लगभग 800 करोड़ रुपये), जिसमें बैंक एफडी, वित्तीय साधन, घड़ियां और पेंटिंग्स शामिल हैं, का एक-तिहाई हिस्सा उनकी सौतेली बहनों शिरीन जेजीभॉय और डीना जेजीभॉय को मिलेगा। एक-तिहाई हिस्सा मोहिनी एम दत्ता को मिलेगा, जो टाटा ग्रुप की पूर्व कर्मचारी थीं और रतन टाटा के करीबी थीं।

करीबी दोस्त को प्रॉपर्टी और तीन बंदूकें- रतन टाटा के भाई जिमी नवल टाटा (82 वर्ष) को जुहू की बंगले का हिस्सा मिलेगा, जबकि उनके करीबी दोस्त मेहली मिस्त्री को अलीबाग की प्रॉपर्टी और तीन बंदूकें (जिनमें एक .25 बोर की पिस्तौल भी शामिल है) मिलेंगी।

पालतू जानवरों के लिए 12 लाख का फंड- रतन टाटा ने अपने पालतू जानवरों के लिए 12 लाख रुपये का फंड बनाया है, जिसमें से हर जानवर को हर तीन महीने में 30,000 रुपये मिलेंगे। उनके सहायक शांतनु नायकुडू का छात्र ऋण और पड़ोसी जेक मालाइट का ब्याज-मुक्त एजुकेशन लोन को माफ कर दिया गया है। रतन टाटा के विदेशी संपत्तियों (लगभग 40 करोड़ रुपये) में सेशेल्स में जमीन, वेल्स फार्गो और मॉर्गन स्टेनली के बैंक खाते, तथा कंपनियों के शेयर शामिल हैं।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 01-04-2025 21:57 Page 1

आपस में भिड़ी कोयला लदी मालगाड़ियां

▸ टक्कर के बाद जोरदार धमाका ▸ इंजन सहित बोगियों के परखच्चे उड़े ▸ दो लोको पायलट की हुई मौत ▸ कई अन्य हुए घायल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

साहिबगंज। एनटीपीसी के एमजीआर लाइन पर मंगलवार सुबह बरहेट यार्ड के समीप दो मालगाड़ियों में भिड़ंत हो गई। टक्कर काफी जबरदस्त थी। टक्कर के बाद जोरदार धमाका हुआ और दोनों के इंजन समेत कई बोगियों के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद कोयला लदी मालगाड़ी के इंजन में आग लग गई। इस हादसे में पहले से खड़ी मालगाड़ी के दो लोको पायलट की मौत हो गई।

इस हादसे में चार कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बरहेट सीएचसी में भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

घायलों को मालदा भेजा गया है। मृतकों में बोकारो जिला के सेक्टर नौ निवासी 32 वर्षीय अंबुज महतो तथा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज निवासी ज्ञानेश्वर माल शामिल हैं।

हादसे के बाद कोयला लदी मालगाड़ी का इंजन पटरियों से उतरकर जमीन में धंस गया।

घायलों के नाम आए सामने

घायलों में 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार, 45 वर्षीय उदय मंडल, 55 वर्षीय राम घोष और 48 वर्षीय टीके नाथ शामिल हैं। मंगलवार की सुबह करीब 3:30 बजे में कोयला लेकर जा रही दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गई थीं।

एक मालगाड़ी ललमटिया से फरक्का की ओर जा रही थी। जबकि दूसरी मालगाड़ी फरक्का से ललमटिया की ओर जाने के लिए खाली ट्रैक पर खड़ी थी।

जानकारी मिली है कि घटना के बाद मालगाड़ी के इंजन में आग लग गई थी। इसकी सूचना लोगों ने अग्निशमन विभाग को भी दी।

इसके बाद साहिबगंज और राजमहल से दो दमकल मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

बताया जाता है कि फरक्का से ललमटिया जा रही खाली मालगाड़ी बरहेट में बनाए गए साइड लाइन में खड़ी थी।

कोयला लेकर फरक्का जा रही मालगाड़ी को सीधे जाना था, लेकिन कंट्रोलर की गलती से वह भी साइड लाइन पर चली गई और वहां पहले से खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई।

दोनों मालगाड़ी में दो-दो इंजन लगे थे। घटना हुए साढ़े चार घंटे से अधिक बीतने के बाद भी एनटीपीसी के कोई पदाधिकारी सुबह आठ बजे तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचा था। इससे कर्मियों में भी काफी आक्रोश देखा गया।

कोयला ढोने वाली मालगाड़ियों के टकराने की घटना को लेकर भारतीय रेलवे ने अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट की है। रेलवे ने कहा है कि यह एनटीपीसी के स्वामित्व वाली एमजीआर लाइन (मेरी गो राउंड) एक निजी ट्रैक है। इसे एनटीपीसी के द्वारा ही संचालित किया जाता है।

रेलवे ने कहा है कि ये रेल मार्ग कहलगांव और फरक्का ताप विद्युत संयंत्रों को जोड़ता है और इसे आमतौर पर 'एनटीपीसी ललमटिया एमजीआर' के नाम से जाना जाता है। ऐसे में इस हादसे का भारतीय रेलवे से कोई संबंध नहीं है।

जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद एनटीपीसी ने रेलवे के मालदा मंडल से सहायता मांगी है। इसके तहत 140 टन की क्रेन भेजने के लिए अनुरोध किया गया है।

कोलकाता में रेलवे के सीपीआरओ डी दत्ता का कहना है कि क्रेन साहिबगंज से भेजी जा रही है और रेल मार्ग बहाली कार्य में एनटीपीसी के अफसरों की हर संभव मदद की जा रही है।

महिलाएं काट रही प्रखण्ड का चक्कर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिरनी। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि बिरनी प्रखंड की काफी महिलाओं को नहीं मिली है। प्रखंड के 181 गांवों की सैकड़ों महिलाओं के खाते में अब तक राशि नहीं पहुंची है।

इससे महिलाएं मायूस और आक्रोशित हैं। इसके लिए महिलाएं कभी बैंक तो कभी प्रखंड कार्यालय व पंचायत भवन तथा साइबर कैफे का चक्कर लगाने को मजबूर है। अब अधिकारियों ने भी महिलाओं को घर भेजने के लिए 4 जवाब ढूंढ़ निकाला है।

भीड़ कम करने के लिए प्रखंड कार्यालय के बाबू राशि आ जाने का भरोसा देकर महिलाओं को भेज देते हैं। कार्यालय के बाबू कहते हैं कि आपका आवेदन स्वीकृत हो गया है, निश्चिंत रहिए राशि बैंक खाते में चली गई होगी। नहीं तो केवाईसी या डीबीटी करें तभी पता चलेगा राशि आई है या नहीं।

प्रखंड में करीब 40 हजार महिलाओं का आवेदन प्राप्त हुआ है। इनमें 10 हजार महिलाओं का आवेदन किसी कारणवश रद हो गया है। 39 हजार महिलाओं को मंफ्यां सम्मान की राशि मिल रही थी, लेकिन प्रखंड के विभिन्न गांवों की करीब 10 हजार महिलाओं को 7500 रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि 200 लाभुक महिलाओं का नाम विलुप्त है।

कई महिलाओं को शुरू से ही उक्त योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जिन महिलाओं का बैंक खाता डीबीटी से जुड़ा है, उनके खाते में मंईयां सम्मान की राशि आ गई है। वैसी महिलाएं काफी खुश हैं। जिन महिलाओं के खाते में राशि नहीं आई है, उनमें काफी रोष है। महिलाएं राशि आने की आस लगाए बैठी हैं।

राशि से वंचित महिलाएं प्रपत्र सुधारने प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। इसके लिए बैंकों और प्रज्ञा केंद्रों में भीड़ देखी जा रही है। महिलाओं ने बताया कि सरकार ने बहुत अच्छी योजना चलाई है, लेकिन राशि नहीं मिलने पर महिलाओं में काफी नाराजगी भी है। राशि नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गई है।

वर्ष 2022 से बैक लॉग से नियुक्ति करेगी सरकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से वर्ष 2022 से लेकर अबतक बैकलॉग के आरक्षित 1,904 पदों पर नियुक्ति होनी थी। इनमें 153 पदों के विरुद्ध ही नियुक्ति हो सकी है, क्योंकि आयोग इतने ही पदों के विरुद्ध नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर अनुशंसा विभिन्न विभागों को भेज सका।

कमोबेश यही स्थिति झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से होनेवाली नियुक्ति की भी रही है। दोनों आयोगों द्वारा राज्य सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को विभिन्न विभागों द्वारा 1,904 पदों के विरुद्ध भेजी गई अधियाचना में जहां 153 पदों के विरुद्ध नियुक्ति हो चुकी है, वहीं 34 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। दूसरी तरफ, 1,717 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

नियुक्ति में हुई देरी के संबंध में कहा जा रहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए वर्ष 2021 में गठित संशोधित परीक्षा संचालन नियमावलियों एवं उक्त के अनुरूप गठित संशोधित नियुक्ति नियमावलियों के आलोक में विभिन्न विभागों से नियमित एवं बैकलाग नियुक्ति हेतु अधियाचनाएं भेजी गईं।

इसके बाद झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा 16 दिसंबर 2022 को पारित आदेश के आलोक मे विज्ञापनों को रद करने एवं पूर्व में भेजी गई अधियाचनाओं को वापस लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व से गठित नियमावलियों में अपेक्षित संशोधन करते हुए वर्ष 2023 में संशोधित परीक्षा संचालन नियमावली का गठन किया गया, जिसके तहत नियुक्ति प्रक्रियाएं जारी हैं।

झारखंड लोक सेवा आयोग से वर्ष 2022 से अबतक बैकलाग के 75 पदों के लिए ही नियुक्ति की अनुशंसा विभिन्न विभागों को भेजी गई है। वहीं, विभिन्न सेवाओं के लगभग 100 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

इनमें चिकित्सा पदाधिकारियों के 26 पद भी सम्मिलित हैं। इन पदों के विरुद्ध नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच हो चुकी है। इस माह साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

कार्मिक विभाग ने बैकलॉग के रिक्त पदों को भरने को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी है। इसके अनुसार, किसी वर्ष विशेष में भरे जानेवाले रिक्त पद में से अनारक्षित कोटि को अनुमान्य पद के बराबर आरक्षित पद उक्त भर्ती वर्ष के नियमित रिक्ति के रूप में भरे जाएंगे। वहीं, आरक्षित कोटि के अवशिष्ट पद बैकलॉग रिक्ति के रूप में विशेष भर्ती प्रक्रिया के तहत भरे जाएंगे। इस विशेष भर्ती प्रक्रिया में केवल आरक्षित श्रेणी के पदों के विरुद्ध नियुक्ति होती है।

रेसिप्रोकल टैरिफ को ले व्यवसायियों में चिंता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। अमेरिका का रेसिप्रोकल टैरिफ दो अप्रैल से पूरी दुनिया में लागू होने जा रहा है। इसका असर आयात की जानी वाली गोल्ड समेत अन्य चीजों पर भी पड़ेगा। नतीजतन बुधवार से सोना की कीमत एक लाख रुपये से अधिक प्रति दस ग्राम हो सकती हैं। इसको लेकर धनबाद के सराफा व्यवसायियों में चिंता साफ दिख रही है।

धनबाद के बाजार में सोना की बात करें तो फिलहाल यह 92 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने के बाद से इसमें 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। यानी यह एक लाख से 1.01 लाख रुपये तक जा सकता है। ऐसे में आम लोगों के लिए सोना खरीदना चिंता का कारण बन सकता है।

ऑनर्स की डिग्री को ले नया फरमान लागू


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत इस साल चौथे वर्ष यानी सेमेस्टर सात की पढ़ाई शुरू होगी। सेमेस्टर छह में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यह ध्यान देना होगा कि यदि वे इस सेमेस्टर में अपनी पढ़ाई छोड़ते हैं तो उन्हें ऑनर्स की डिग्री नहीं मिलेगी, बल्कि सामान्य स्नातक डिग्री से ही काम चलाना होगा।

वहीं सेमेस्टर सात के प्रमुख तीन विषयों में नामांकन लेने के लिए 7.5 सीजीपीए अंक लाना अनिवार्य होगा। इधर सेमेस्टर सात की पढ़ाई को लेकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में एनईपी कमेटी की बैठक तो हुई, लेकिन अब तक कॉलेजों के लिए जरूरी कार्यशाला का आयोजन नहीं हो पाया है।

एनईपी प्रविधानों के अनुसार ऑनर्स डिग्री प्राप्त करने के लिए चार साल का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। ऐसा नहीं करने वाले विद्यार्थी अपने कॉलेज के माध्यम से आवेदन देकर अपनी सामान्य डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे उच्च शिक्षा के लिए नामांकन ले सकते हैं।

एनईपी के तहत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखा गया है। यदि किसी कारणवश वे बीच में



पढ़ाई छोड़ते हैं तो उन्हें डिप्लोमा अथवा डिग्री का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसमें चार सालों में आठ समेस्टर की पढ़ाई करनी है।

यदि कोई विद्यार्थी पहले या दूसरे साल में ही पढ़ाई छोड़ता है तो उसे डिप्लोमा का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों को बाद में भी तीन अथवा चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम में नामांकन कराने का मौका मिलेगा। वहीं तीन साल का पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी।

एनईपी को लेकर विश्वविद्यालय स्तर से कॉलेजों के लिए कार्यशाला आयोजित की जानी है, लेकिन बैठक के बाद से यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका है।

ऐसे में चौथे साल की स्नातक पढ़ाई को लेकर धनबाद और बोकारो जिला के कॉलेजों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना संख्या: ईएलएसबी-25-टीएफपी_रिपेयर-02/टीएन, दिनांक : 27.03.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई, टीआरएस, बोकारो स्टील सिटी, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा संख्या: ईएलएसबी-25-टीएफपी_रिपेयर-02 के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** थ्री फेज लोकोमोटिव के लिए एलओटी-6500 और एलओटी-7500 टाइप ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत, रिकंडीशनिंग, पुनर्बहाली, जांच एवं आपूर्ति। **अवधि:** 24 महीना। **अनुमानित मूल्य:** ₹ 8,80,03,259.50 । **बोली प्रतिभूति (ईएमडी):** ₹ 5,90,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। निविदा दस्तावेज **दिनांक 23.04.2025 को सुबह 11.00 बजे** तक आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। **निविदादाता द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तारीख/समय:** 23.04.2025 को सुबह 11.00 बजे तक। **बंद होने की तारीख:** 23.04.2025। **निविदा खुलने की तारीख/समय:** 23.04.2025 को सुबह 11.00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी वास्तविक, अनुभवी एवं इच्छुक निविदादाता इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **(PR-01)**

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-221 से 222-24-25 (खुली), दिनांक 28.03.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.:1, केस सं. :** ओ-एसी-टी-221-24-25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/II/अंडाल के तहत अंडाल के रिवर साइड में इनटेक वेल, एक पंप हाउस और अन्य सहायक कार्य के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,89,52,436.23, **बयाना राशि :** रु. 2,44,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं.:2, केस सं. :** ओ-एसी-टी-222-24-25, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदा: - आसनसोल मंडल - सीतारामपुर - झाझा शाखा में अन्य सहायक कार्यों के साथ जैकेटिंग सहित ब्रिज नंबर 643/अप और डाउन के बीजीएमएल स्टैंडर्ड गर्डर का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 31,48,26,519.34, **बयाना राशि :** रु. 17,24,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 28.04.2025 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-03/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

अब जगमग होगा रिंग रोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के बाहर ही बाहर अन्य राज्यों व शहरों के लिए निकलने वाले रिंग रोड ने शहर की यातायात व्यवस्था में आश्चर्यजनक तरीके से सुधार किया है। इस महती परियोजनाओं से परिवहन में काफी आसानी हुई है, लेकिन 59.767 किलोमीटर लंबे इस हाई स्पीड कॉरिडोर को रोशनी से जगमग करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके लिए पथ निर्माण विभाग ने ऊर्जा विभाग से आग्रह किया है। प्रस्ताव मिलने के बाद ऊर्जा विभाग इससे संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगा। योजना पर अमल होने के बाद रिंग रोड रोशनी से जगमग होगा। खिजरी के कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने इस आशय की मांग उठाई है, जिसपर पथ निर्माण विभाग ने तत्परता बरतते हुए कार्रवाई आरंभ की है।

रोशनी से जगमग होने के बाद रिंग रोड कॉरिडोर पर यातायात और भी सुगम होगा और परिवहन में काफी सहूलियत होगी। हालांकि, रिंग रोड पर वाहनों की ज्यादा गति और लापरवाही से की जाने वाली ड्राइविंग दुर्घटनाओं का कारण बनती है।

इसे लेकर स्पीड ब्रेकर लगाने का सुझाव विभाग ने अस्वीकार कर दिया है। कहा गया है कि 100 किलोमीटर की अधिकतम स्पीड रिंग रोड पर निर्धारित है और ऐसे में स्पीड ब्रेकर देना असुरक्षित है।

झारखंड त्वरित पथ विकास कार्यक्रम (जेएआरडीपी) के तहत लोक निजी भागीदारी (पीपीपी मोड) के तहत रांची रिंग रोड फेज-दो से फेज-सात तक (लंबाई-59.767 किमी) सड़क के विकास के लिए पथ निर्माण विभाग एवं आइएलएंडएफएस ने मिलकर संयुक्त उपक्रम झारखंड एक्सिलरेटेड रोड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जेएआरडीसीएल) स्थापित किया।

इस कार्य के वित्त, निर्माण, संचालन और रखखाव के लिए जेएआरडीसीएल का संयुक्त उद्यम पार्टनर झारखंड रोड प्रोजेक्ट्स इंप्लीमेंटेसन कंपनी लिमिटेड और झारखंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंप्लीमेंटेसन कंपनी निर्धारित है। इन्हें पथों का निर्माण एवं निर्माण के बाद अगले 15 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेवारी है।

अनुसंधानकर्ता की लापरवाही से क्लेमकर्ता परेशान

आइआरएडी पोर्टल पर 24 घंटे में दर्ज करना, 48 घंटे में कोर्ट को घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट तो 90 दिनों के अंदर विस्तृत रिपोर्ट होती है देनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। बोकारो जिले में सड़क हादसों के अनुसंधानकर्ता की लापरवाही सामने आई है। ऐसे हादसों का आनलाइन ब्योरा आइआरएडी पोर्टल पर 24 घंटे में दर्ज करना है, 48 घंटे में कोर्ट को घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट तो 90 दिनों के अंदर विस्तृत रिपोर्ट भेज देनी है। इससे मृतक या घायल को क्लेम लेने में सहूलियत होती है।

हादसों की वजह तलाशने में भी 24 घंटे में दर्ज होने वाली रिपोर्ट काफी सहायक होती है। इन सभी में अनुसंधानकर्ता लापरवाही बरत रहे हैं। अलग-अलग 11 थानों के 16 अनुसंधानकर्ताओ ने 90 दिन वाली विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट को नहीं भेजी है। जिन 16 आइओ ने यह रिपोर्ट नहीं भेजी है वह सभी सड़क हादसे बीते वर्ष 2024 में हुए थे। 48 घंटे वाली रिपोर्ट भी सात आइओ ने कोर्ट को नहीं भेजी है। एसपी ने सभी से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

एसपी मनोज स्वर्गियारी ने अपने आदेश में कहा है कि कोर्ट में निर्धारित समय से रिपोर्ट नहीं भेजना अनुसंधानकर्ता के मनमानेपन को दशार्ता है। थानेदार भी ऐसे मामले में रूचि नहीं लिए। इससे स्पष्ट है कि वह भी ऐसे संवेदनशील बिंदू पर उदासीन हैं।

तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने के साथ-साथ सभी रिपोर्ट तुरंत कोर्ट में भेजने को उन्होंने कहा है। यह भी बताया कि भविष्य में इन मामलों में बिलंब से रिपोर्ट देने पर आइओ से लेकर थानेदारों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कोर्ट भी इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी।

गोमिया थाना के दारोगा बिरसा बाड़ा, चंदनिकयारी थाना के सहायक अवर निरीक्षक रमेश हांसदा, बालीडीह थाना के सहायक अवर निरीक्षक धनेश्वनर महतो,यायुब अंसारी, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार यादव, चास मुफस्सिल थाना के सब इंस्पेक्टर नीतिश कुमार व सुशील कुमार मिश्रा, सेक्टर छह थाना सहायक अवर निरीक्षक रामो हेम्ब्रम, बी एस सिटी थाना के सब इंस्पेक्टर चेतन महतो शामिल हैं।

इसके अलावा माराफारी थाना के सहायक अवर निरीक्षण प्रेम कुमार हेम्ब्रम, पिंड्राजोरा थाना के सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार व विवेक कुमार पांडेय, बरमसीया ओपी के सब इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार राणा, सहायक अवर निरीक्षक राजू राम बनगड़िया ओपी के सहायक अवर निरीक्षक अखिलेश्वर सिंह, कसमार थाना के सहायक अवर निरीक्षक रोजिद आलम ने नब्बे दिन वाली रिपोर्ट कोर्ट में नहीं दी। चतरोचट्टी सहायक अवर निरीक्षक संतलाल मुर्मू, गोमिया थाना के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार, आइइएल सहायक अवर निरीक्षक परेश टुडू, चास थाना के सहायक अवर निरीक्षक रंजन कुमार, सेक्टर चार थाना के सहायक अवर निरीक्षक जान कुजूर, पिंड्राजोरा थाना के सहायक अवर निरीक्षण क्यामुद्दीन अंसारी, बरमसीया ओपी के सहायक अवर निरीक्षक राम हरि प्रसाद ने 48 घंटे वाली रिपोर्ट नहीं दी।

पूर्व रेलवे

एनआईटी सं.: 380_2024-25, 382 _2024-25, दिनांक 28.03.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 380_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में इन स्थानों में सेस मरम्मत कार्य बाली- बैण्डेल अप मेन लाइन किमी 7.051-7.585, 11.008- 11.968 किमी, 13.768-14.004 किमी, 14.02-15.863 किमी, 17.42-19.179 किमी, बाली- बैण्डेल डाउन मेन लाइन 12.033-12.695 किमी, 12.827-13.382 किमी, 13.762-15.802 किमी, बाली- बैण्डेल अप मेन लाइन 21.587-21.771 किमी, 23.004 24.063 किमी, 24.779-24.819 किमी, 25.329-28.041 किमी और 28.60-38.001 किमी और बाली-बैण्डेल डाउन मेन लाइन-28.598-32.393, 33.058-37.406 किमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,34,69,749.75, **बयाना राशि:** रु. 2,67,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 382_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में लिलुआ में शंटिंग नेक का विस्तार । **अनुमानित मूल्य :** रु. 61,10,083.90, **बयाना राशि:** रु. 1,22,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 04 (चार) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 17.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-01/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

आद्रा मंडल के 04 रेलवे स्कूलों के लिए पूरी तरह से अनुबंध पर शिक्षकों के चयन के लिए वाक-इन-इंटरव्यू

संख्या : एसईआर/पी-एडीए/वेल्फ/रेलवे स्कूल/कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ/25-26 दिनांक: 28.03.2025

सत्र 2025-2026 के लिए पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए **दिनांक 16.04.2025** (क्रम संख्या 1, 2, 4, 5, 7, 11, 12 और 14), **17.04.2025** (क्रम संख्या 6, 8, 9 और 13) तथा **22.04.2025** (क्रम संख्या 3 और 10) को **सुबह 09:00 बजे** प्रधानाध्यापक, साउथ ईस्टर्न रेलवे मिक्स्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, कैम्पस-II, आद्रा के कार्यालय में वाक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। **क्रम संख्या; विषय** एवं **शैक्षणिक योग्यता** निम्नानुसार हैं: **1**; **कंप्यूटर** (पीजीटी-₹ 27,500)-1 एवं 50% अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस में एम.एससी./एमसीए/एम.टेक./बी.ई./बी.टेक.। **2**; **हिंदी** (पीजीटी-₹ 27,500)-2 एवं हिंदी में मास्टर डिग्री (कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ बी.एड. या समकक्ष)। **3**; **इकोनॉमिक्स** (पीजीटी-₹ 27,500)-1 एवं अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री (कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ बी.एड या समकक्ष)। **4**; **इतिहास** (पीजीटी-₹ 27,500)-1 एवं इतिहास में मास्टर डिग्री (कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ बी .एड. या समकक्ष)। **5**; **हिंदी** (टीजीटी-₹ 26,250)-1 एवं हिंदी में स्नातक डिग्री (कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ बी.एड. या समकक्ष)। **6**; **अंग्रेजी** (टीजीटी-₹ 26,250)-3 एवं अंग्रेजी में स्नातक डिग्री (कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ बी .एड)। **7**; **बांगला** (टीजीटी-₹ 26,250)-1 एवं बांगला में स्नातक डिग्री (कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ बी.एड)। **8**; **विज्ञान (पीसीबी)** (टीजीटी-₹ 26,250)-2 एवं भौतिक विज्ञान या रसायन विज्ञान के साथ जीव विज्ञान में बी.एससी. (कुल मिलाकर 50% अंक)। **9**; **विज्ञान (पीसीएम)** (टीजीटी-₹ 26,250)-2 एवं भौतिक विज्ञान या रसायन विज्ञान के साथ गणित में बी.एससी. (कुल मिलाकर 50% अंक)। **10**; **फिजिकल एजुकेशन** (टीजीटी-₹ 26,250)-1 एवं शारीरिक शिक्षा में स्नातक की डिग्री (बी.पी.एड.) या समकक्ष 50% अंकों के साथ। **11**; **कंप्यूटर** (टीजीटी-₹ 26,250)-5 एवं 50% अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस में बी.एससी/बी.ई./बी.एससी./बीसीए। **12**; **आर्ट एंड क्राफ्ट** (टीजीटी-₹ 26,250)-2 एवं किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से ड्राइंग और पेंटिंग, मूर्तिकला या ग्राफिक कला में 5 वर्षीय डिप्लोमा के साथ ललित कला या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री। **13**; **अंग्रेजी माध्यम** (पीआरटी-₹ 21,250)-1 एवं डीएलईडी (एसटीईटी/सीटीईटी) के साथ इंटरमीडिएट (अंग्रेजी माध्यम) या स्नातक सहित 50% अंकों के साथ बी.एड। **14**; **कंप्यूटर** (पीआरटी-₹ 21,250)-3 एवं 50% अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस/पीजीडीसीए। **कुल पद:** 26 (पीजीटी - 5, टीजीटी - 17, पीआरटी - 4)। **द्रष्टव्य:** (i) अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को पहली वरीयता दी जाएगी। (ii) अपना बायोडेटा जिसमें आवेदित पद का उल्लेख हो और प्रमाणपत्र ईमेल आईडी: **schoolsadra.vk@gmail.com** पर **13.04.2025** तक या उससे पहले भेज दें। (iii) साक्षात्कार के लिए आते समय सभी शैक्षणिक योग्यता प्रशंसापत्र की मूल प्रति अपने साथ लानी होगी। संपर्क नंबर 9002083630, 9771483530, 9002083623।

(PR-07) **वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

अवैध नियोजन मामले में 22 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

▸ अपर समाहर्ता के नेतृत्व में टीम गठित

▸ सभी प्राथमिकी टंडवा थाना में की दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चतरा। चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के लिए निर्गत वंशावली, प्रमाण-पत्र, भूमि सत्यापन एवं भूमि नक्शा में छेड़छाड़ मामले में बड़ी कार्रवाई की है। अवैध तरीके से नियोजन एवं मुआवजा लेने वाले 22 लोगों पर टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वहीं, इसमें संलिप्त अधिकारी व कर्मियों की जांच के लिए अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। दरअसल उपायुक्त को सूचना मिली थी कि पिपरवार के सीसीएल में फर्जीवाड़ा तरीके से कुछ लोग जमीन का नियोजन कराकर मुआवजा ले रहे है।सूचना के आलोक में सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के नेतृत्व में छह सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया। कमेटी ने टंडवा अंचल कार्यालय में जमीन से संबंधित कई दस्तावेजों की जांच की।

वंशावली सत्यापन से संबंधित संयुक्त जांच प्रतिवेदन में कुछ मामलों में अंचल अधिकारी एवं सीसीएल के कर्मी और पदाधिकारी के साथ साठ-गांठ कर फर्जी बनावटी वंशावली, फर्जी लगान रसीद, हुकुमनामा, फर्जी जमाबंदी निर्गत कर उसके माध्यम से सीसीएल में धोखाधड़ी कर अधिग्रहण क्षेत्र के बाहरी व्यक्तियों को नौकरी प्राप्त करने के मामले सामने आया।

जांच में यह भी सामने आया है कि गैरमजरूआ खास खाता के फर्जी एवं बनावटी लगान रसीद एवं हुकूमनामा तथा गलत जमाबंदी के आधार पर निर्गत वंशावली प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन एवं मुआवजा का लाभ लिया जा रहा है। भूमि सत्यापन के संबंध में उक्त छह सदस्यीय जांच कमेटी द्वारा भूमि सत्यापन से संबंधित संयुक्त जांच प्रतिवेदन में बनावटी एवं फर्जी कागजातों के आधार पर संगठित तरीके से भूमि सत्यापन कर जो अधिग्रहण क्षेत्र से संबंधित नहीं है। वैसे व्यक्तियों के द्वारा धोखाधड़ी से नौकरी प्राप्त करने का मामला सामने आया है। वैसे कुल

राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप में हिमाचल उपविजेता



शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई। लखनऊ में हुई 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप के फाइनल में हिमाचल प्रदेश की टीम यूपी से कड़े मुकाबले में 19-17 से हार गई। उत्तर प्रदेश फाइनल जीत कर पहली बार चैंपियन बनी। पहले हाफ में दोनों ही टीमों ने तेज आक्रमण किए। हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ीं। इस दौरान हिमाचल ने 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने सधी हुई शुरुआत कर बढ़त बनाई।इस दौरान हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण मौके भी गंवाए। उत्तर प्रदेश की गोलकीपर निहारिका ने दमदार खेल दिखाते हुए कई अटैक को विफल कर दिया। यूपी की ओर से नैना ने सबसे अधिक 6 गोल दागे। रेशमा, सुमन, प्रीति और अनन्या ने इसमें बखूबी साथ दिया। 3-3 गोल करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। वहीं, दीया को एक गोल करने में सफलता मिली।

हिमाचल प्रदेश की ओर से जस्सी ने 6, काजल ने 5, कृतिका ने 4 और नितिका और मुस्कान ने 1-1 गोल किए। उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछले सीजन में कांस्य पदक जीता था। समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वेस्टइंडीज क्रिकेट बड़े बदलाव की ओर, टेस्ट कप्तानी से हटे ब्रेथवेट, शाई होप को टी20 की कमान



नई दिल्ली, एजेंसी। कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट्स से नदारद रहने के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट अब बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में क्रेग ब्रेथवेट ने चार साल बाद वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को बताया कि शाइ होप को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। 32 वर्ष के ब्रेथवेट को मार्च 2021 में जेसन होल्डर की जगह कप्तान बनाया गया था। वहीं वनडे टीम के कप्तान होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी20 टीम की कप्तानी दी गई है। रोवमन पॉवेल मई 2023 से टी20 कप्तान थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा, ब्रेथवेट चाहते थे कि उनके खेल को अलविदा कहने से पहले टीम बदलाव के दौर से गुजर जाए। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले उन्होंने कप्तानी छोड़ दी ताकि नये कप्तान को खुद को स्थापित करने का समय मिल जाये। नए टेस्ट कप्तान का ऐलान जल्दी ही किया जाएगा। इस रेस में फिलहाल एलिक एथनाजे, मिकाइल लुईस, केसी कार्टी और जस्टिन ग्रीव्स जैसे खिलाड़ी हैं। इसके अलावा गुडाकेश मोती को भी हाल फिलहाल में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है।

रोहित का सपना विश्व कप जीतना



नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के लिए आगामी टेस्ट दौरा खेलना मुश्किल लग रहा है। माना जा रहा है कि वह इंग्लैंड दौरे पर खुद ही नहीं जाएंगे। इंग्लैंड दौरे पर भारत ने 20 जून से 4 अगस्त तक 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने है। इसी बीच रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि रोहित को पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्हें इंग्लैंड जाकर कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने पिछले दौरे पर वहां शतक बनाया था। वहां की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी। दिनेश लाड ने इसी दौरान रोहित के सफर और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की।


कोच ने कहा कि रोहित 12 साल की उम्र में उनके पास एक गेंदबाज के रूप में आए थे, लेकिन उन्हें बल्लेबाज बनाना और अब भारत को टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जिताते देखना बेहद सुखद अनुभव रहा है। कोच ने रोहित के सबसे बड़े सपने का जिक्र करते हुए कहा कि उनका अंतिम सपना वनडे विश्व कप उठाना है, जो 2023 में हम चूक गए। मेरा मानना है कि उन्हें अगले वनडे विश्व कप तक खेलना चाहिए और इसे जीतकर अपना और देश का सपना पूरा करना चाहिए। रोहित की तकनीक और अनुभव की तारीफ करते हुए कोच ने कहा कि रोहित एक अलग तरह का खिलाड़ी है। वह तकनीकी रूप से मजबूत है और उसके पास अनुभव का खजाना है। पिछली इंग्लैंड यात्रा में उन्होंने शतक जड़ा था। मेरी राय में, उसे इंग्लैंड जाना चाहिए, अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए और टीम का नेतृत्व अच्छे से करना चाहिए। बता दें कि 2024 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की मेजबानी की थी। भारत ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से जीती थी। इंग्लैंड ने सीरीज का सिर्फ पहला मैच जीता था और वह भी 28 रन के मामूली अंतर से। युवा यशस्वी जायसवाल ने उस सीरीज के दौरान 712 रन बनाए थे। रोहित ने भी सीरीज में एक शतक सहित 400 रन बनाए थे। बीते दिनों रिकी पोंटिंग ने भी रोहित के करियर पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि जब आप अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंचने लगते हैं, तो हर कोई आपके रिटायर होने का इंतजार कर रहा होता है। और मुझे नहीं पता कि क्यों, जब आप अभी भी उतना ही अच्छा खेल सकते हैं जितना उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में) खेला है, तो मुझे लगता है कि वह बस उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। और कह रहे थे कि मैं अभी भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। मुझे लगता है कि उनके दिमाग में अगले (50-ओवर) विश्व कप (2027 में) में खेलने का लक्ष्य होना चाहिए।

मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को क्लीन चिट, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मिला अनुबंध



मेलबर्न, एजेंसी। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरिज चुना गया था। उन्होंने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिए हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है। उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है। कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

बिना संन्यास लिए सिडनी सिक्सर्स का हिस्सा बने विराट कोहली!



नई दिल्ली, एजेंसी। बिग बैश लीग की टीम सिडनी सिक्सर्स ने मंगलवार सुबह को एक पोस्ट किया जिससे सोशल मीडिया तहलका मच गया। सिडनी सिक्सर्स ने इंस्टाग्राम पर भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली की तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने जो दावा किया उसने सभी को हैरान कर दिया। बाद में इस दावे का सच भी सामने आया।

सिडनी सिक्सर्स ने शेयर किया पोस्ट

सिडनी सिक्सर्स ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें कोहली भारतीय जर्सी में नजर आ रह हैं। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, 'स्वागत विराट कोहली।'उन्होंने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'किंग कोहली, विराट कोहली अगले दो सालों के लिए आधिकारिक तौर पर सिक्सर हैं।' महज दो घंटे में यह पोस्ट वायरल हो गया। जिसपर कई कमेंट आए।

बीसीसीआई का नियम नहीं देता इजाजत

लोग हैरान थे कि ऐसा कैसे संभव है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार कोई भी खिलाड़ी तब तक किसी विदेशी लीग में नहीं खेल सकता जब तक वह संन्यास न ले लें। उन्हें संन्यास लेने के बाद बीसीसीआई से एनओसी लेना होता है। हालांकि विराट कोहली ने ऐसा कुछ नहीं किया है। उन्होंने टी20 फॉर्मेट से संन्यास तो लिया है लेकिन वह अब भी टेस्ट और वनडे टीम का हिस्सा हैं। ऐसे में नियमों के अनुसार उनका किसी विदेशी लीग में खेलना संभव नहीं है। एक्स पर उनके इस पोस्ट पर यूजर ने लिखा, 'सिडनी सिक्सर्स' कोहली कब जॉइन करने वाले हैं। इसका जवाब देते हुए सिडनी सिक्सर्स ने लिखा, 'एक अप्रैल 2025।' इसके बाद फैंस को पता लग गया कि यह एक अप्रैल फूल प्रैंक है। लोगों ने सिडनी सिक्सर्स की तारीफ की और कहा कि अप्रैल फूल का सही इस्तेमाल किया।


फीडे महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप जू वेनजुन को टक्कर देंगी तान झोंगयी



शंघाई , चीन, एजेंसी। शतरंज की दुनिया में महिलाओं के सबसे प्रतिष्ठित खिताब महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इस बार चीन के दो प्रमुख शहरों - शंघाई और चोंगकिंग - में किया जाएगा। मौजूदा विश्व चैम्पियन जू वेनजुन और चीन की ही चैलेंजर तान झोंगयी के बीच यह बहुप्रतीक्षित मुक़ाबला 1 से 23 अप्रैल 2025 के बीच खेला जाएगा। यह चैंपियनशिप 12 मुकाबलों की एक क्लासिकल सीरीज के रूप में होगी। जो खिलाड़ी पहले 6.5 अंक प्राप्त करेगा, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। यदि स्कोर 6-6 पर बराबर रहता है, तो रैपिड और आवश्यकता पड़ने पर ब्लिट्ज टाईब्रेक के माध्यम से विजेता तय किया जाएगा। जू वेनजुन मौजूदा महिला विश्व शतरंज चैंपियन हैं। उन्होंने 2018 में पहली बार तान झोंगयी को हराकर विश्व खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने 2018 में नॉकआउट टूर्नामेंट, 2020 में गोर्याचकिना, और 2023 में लेई टिंगजी के खिलाफ अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया। जू की ताकत केवल क्लासिकल में ही नहीं है - उन्होंने 2017 और 2018 में वुमेन्स वर्ल्ड रैपिड और 2024 में वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप भी जीती है। वे चीन की स्वर्ण पदक विजेता ओलंपियाड टीम (2016, 2018) और विश्व टीम चैंपियनशिप (2009, 2011) का हिस्सा रही हैं। तान झोंगयी ने 2017 में अन्ना मुजिचुक को हराकर विश्व खिताब जीता था और उसके बाद से वह विश्व स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। हालांकि 2018 में वे जू वेनजुन से खिताब हार गईं, लेकिन उन्होंने 2022 में वर्ल्ड रैपिड और 2024 में केर्न्स कप जैसे प्रतिष्ठित खिताब जीते। 2024 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनके दमदार प्रदर्शन ने उन्हें इस बार की चैलेंजर बनाया।

नमन का डाइविंग कैच, बोल्ट की यॉर्कर पर नरेन बोल्ड

अश्विनी आईपीएल डेब्यू में चमके, पहली ही गेंद पर विकेट



नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में पहली जीत दर्ज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हरा दिया। सोमवार को डेब्यूटेंट अश्विनी कुमार के 4 विकेट की बदौलत केकेआर की पारी 116 रन पर सिमट गई। जवाब में रायन रिकेल्टन की शानदार फिफ्टी से एमआई ने 2 विकेट खोकर 121 रन बनाए और 43 बॉल रहते जीत हासिल कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में कई मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। अश्विनी एमआई डेब्यू मैच में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने। ट्रेंट बोल्ट की यॉर्कर पर सुनील नरेन बोल्ड हो गए। वेंकटेश को 2 ओवर में दो जीवनदान मिला। नमन धीर ने हर्षित राणा का डाइविंग कैच पकड़ा। कोलकाता ने पहले ही ओवर में विकेट गंवाया। ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को ओवर की चौथी बॉल पर बोल्ड कर दिया। उन्होंने यॉर्कर बॉल फेंकी लेकिन समय से नरेन का बैट नीचे नहीं आ सका और वे बोल्ड हो गए। डेब्यू मैच खेल रहे अश्विनी कुमार ने अपनी पहली बॉल पर विकेट लिया।

आईपीएल 2025 के बीच नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर क्रिकेटर इन दिनों आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं. लेकिन उधर उनके देश की क्रिकेट बोर्ड ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का ऐलान कर दिया है. नए सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में 23 खिलाड़ियों को जगह मिली है. खास बात ये है कि इस बार 3 नए खिलाड़ियों को भी सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट दिया गया है. वहीं, 3 खिलाड़ी ऐसे भी रहे हैं, जिनमें से दो तो चैंपियंस ट्रॉफी खेलने वाली टीम का भी हिस्सा थे, उन्हें नए करार से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. जिन 3 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट पहली बार मिला है, उनमें सैम कॉन्स्टस, मैट कुन्हेमन और ब्यू वेब्स्टर का नाम है. वहीं 23 खिलाड़ियों की नई लिस्ट से जो 3 खिलाड़ी बाहर हैं, उनमें टॉड मर्फी, शॉन एबट और आरोन हार्डी का नाम है. इनमें से आरोन हार्डी और शॉन एबट चैंपियंस ट्रॉफी खेलने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी हिस्सा थे. हालांकि, उन्हें वहां एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था. जबकि टॉड मर्फी की बात करें तो वो श्रीलंका के पिछले दौरे पर खेली टेस्ट सीरीज में तीसरे स्पिनर की हैसियत से ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे. मगर 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया को एशिया का दौरा नहीं करना है.सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट पाने वाले 3 नए खिलाड़ियों में सैम कॉन्स्टस की बात करें तो वो फिलहाल टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा हैं. उन्होंने भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मेलबर्न और सिडनी में 2 टेस्ट खेले थे. वहीं मैट कुन्हेमन को श्रीलंका दौरे पर मिली सफलता का फायदा मिला है.इंजरी से जूझते रहने के बावजूद लांस मॉरिस और झाई रिचर्ड्सन का सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट बरकरार रहा है. रिचर्ड्सन का फिलहाल रिहैब चल रहा है. उनके कंधे की तीसरी सर्जरी हुई है. जेवियर बार्टलेट को चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं मिली थी. मगर वो सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं.2025-26 सीजन में ऑस्ट्रेलिया 19 बाइलेटरल ञ्20 मुकाबले खेलने वाला है. इसके अलावा उसे अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले ञ्20 वर्ल्ड कप में शिरकत करना है. ञ्20 सीरीज के अलावा 2025-26 सीजन में वो 9 वनडे मुकाबले और 7 टेस्ट मैच खेलेगा. ये मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास अपने कॉन्ट्रेक्ट को अपग्रेड करने का सुनहरा अवसर होगा.स्कॉट बोलैंड, जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, पैट कमिस, नाथन एलिस , कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड. ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, जोश इंग्लिस, सैम कॉन्स्टस, मैट कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेब्स्टर, एडम जैम्पा.

3 क्रिकेटरों को किया गया बाहर



संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में पांच साल बाद हवा सबसे साफ



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्लीवालों के लिए प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या है। दिल्ली देश की सबसे प्रदूषित राजधानी मानी जाती है। हालांकि अब दिल्लीवालों के लिए एक राहत की खबर है। इस साल जनवरी से मार्च के दौरान दिल्ली की हवा पांच सालों में सबसे साफ दर्ज की गई है। जनवरी-मार्च की अवधि के दौरान दिल्ली में औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 231 दर्ज किया गया है, जो पिछले पांच सालों में इस तिमाही का सबसे कम है। दिल्ली-एनसीआर के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना तैयार करने वाले सीएक्यूएम ने ये जानकारी दी है। जनवरी से मार्च के दौरान दिल्ली का एक्यूआई 231 था जबकि साल 2024 में इन्हीं तीन महीनों में यह 250 दर्ज किया गया था। वहीं साल 2023 में यह 240, 2022 में ये 241 और 2021 में 2078 दर्ज की गया था। अभी तक 2025 में एक भी दिन ऐसा नहीं होगा जब एक्यूआई 400 को पार कर गया हो। वहीं 2021 में ऐसे छह दिन, 2022 में एक, 2023 में तीन और 2024 में तीन दिन एक्यूआई 400 के पार था। 2025 की पहली तिमाही के दौरान, दिल्ली में 36 दिन एक्यूआई 200 से नीचे थ। वहीं 2021 में ऐसे 13 दिन, 2022 में 27, 2023 में 35 और 2024 में 41 दिन थे। पैनल ने कहा कि अनुकूल मौसम की स्थिति और अलग-अलग एजेंसियों की कोशिशों से दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार हुआ है।

दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो के 18 नए कॉरिडोर बनाने का प्लान, 3 की डीपीआर तैयार



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो के 18 नए कॉरिडोर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। दिल्ली मेट्रो रेल प्रबंधन (डीएमआरसी) ने दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने वाले 18 रूट में से तीन की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) भी तैयार कर ली है। मेट्रो फेज पांच के तहत प्रस्तावित इन 18 रूट को दो चरणों मेट्रो फेज पांच ए में तीन कॉरिडोर, जिसकी डीपीआर तैयार है। बाकी 15 रूट फेज पांच बी के तहत बनाए जाने हैं। दिल्ली मेट्रो ने केंद्र सरकार के मोबिलिटी प्लान के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता के तहत यह प्रस्तावित रूट तैयार किए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, डीएमआरसी ने दिल्ली मेट्रो का भविष्य में विस्तार योजना व कनेक्टिविटी के लिहाज से घर से 500 मीटर के दायरे में मेट्रो स्टेशन उपलब्ध कराने के लिए लगभग 404 किलोमीटर तक फैले कॉरिडोर की एक सूची तैयार करके केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को सैद्धांतिक मंजूरी के लिए प्रस्तुत की थी। अब उसी के तहत मेट्रो फेज पांच के तहत 206 किलोमीटर लंबे नेवटर्क के लिए 18 कॉरिडोर की सूची तैयार की है, जिसमें कुल 128 मेट्रो स्टेशन होंगे। फेज चार में प्रस्तावित कॉरिडोर में 13 नए कॉरिडोर मौजूदा कॉरिडोर का विस्तार होगा, जबकि पांच नए कॉरिडोर शामिल होंगे। दिल्ली मेट्रो प्रबंधन ने जिन 18 प्रस्तावित कॉरिडोर बनाने की तैयारी की है, वह एनसीआर में आने वाले पांच शहरों गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और बहादुरगढ़ को भी जोड़ेंगे। गाजियाबाद को जोड़ने वाले सबसे अधिक पांच कॉरिडोर बनेंगे। इसमें वैशाली से मोहन नगर, नोएडा इलेक्ट्रानिक सिटी से साहिबाबाद, मयूर विहार फेज तीन से लोनी बॉर्डर, नया बसअड्डा से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन और गोकुलपुरी से अर्थला (गाजियाबाद) रूट शामिल है। इसके अलावा द्वारका सेक्टर-21 से उद्योग विहार गुरुग्राम, तुगलकाबाग से नोएडा सेक्टर-142, राजा नाहर सिंह से पलवल, बहादुरगढ़ से असुधा समेत अन्य कॉरिडोर बनेंगे। दिल्ली मेट्रो के तीन चरणों का काम पूरा हो चुका है।

दिल्ली में पुरानी गाड़ियों को मिलता रहेगा डीजल-पेट्रोल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में 15 साल या उससे ज्यादा पुरानी गाड़ियों को अभी डीजल-पेट्रोल मिलता रहेगा। इससे पहले दिल्ली सरकार ने फैसला लिया था कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण कम करने के लिए 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 1 अप्रैल से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि इस फैसले में देरी हो सकती है, क्योंकि सभी स्थानों पर जरूरी उपकरण नहीं लगाए गए हैं।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 1 अप्रैल से राजधानी में रिफिल स्टेशनों पर ओवरएज वाहनों को ईंधन नहीं देने के दिल्ली सरकार के फैसले में देरी हो सकती है। अभी तक सभी स्थानों पर जरूरी उपकरण नहीं लगाए गए हैं। मंत्री ने बताया कि सरकार सुचारू बदलाव सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया में तेजी ला रही है। सोमवार रात को एक बैठक होगी, जिसमें यह



तय किया जाएगा कि कितना काम बाकी है और यह कब से लागू किया जा सकता है।

सिरसा ने माना कि कुछ स्थानों पर अभी भी जरूरी सुविधाओं का अभाव है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास जारी हैं। कहा कि इसे जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर अभी भी जरूरी उपकरण नहीं लगाए गए हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि वे जल्द से जल्द लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि उचित प्रबंधन के बिना इसे शुरू करने के बजाय इसमें देरी करना बेहतर है।

मार्च की शुरुआत में पर्यावरण मंत्री ने घोषणा की थी कि 1 अप्रैल से राजधानी भर के रिफिल स्टेशनों पर 15 साल या उससे ज्यादा पुराना वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा।

मंत्री ने कहा कहा था कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दिल्ली के सभी ईंधन स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे हों, जो रजिस्ट्रेशन के वर्ष के आधार पर वाहन की आयु निर्धारित करेंगे। जो वाहन मानदंडों को पूरा नहीं करेंगे, उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा और दंडित किया जाएगा। कहा था कि इंस्टॉलेशन और सॉफ्टवेयर कनेक्शन 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा।

इस फैसले के कार्यान्वयन को लेकर समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि नीति को जल्द से जल्द लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी ईंधन स्टेशनों को पूरी तरह से सुसज्जित होने में कुछ और दिन लग सकते हैं। कहा कि वह ऐसी स्थिति नहीं चाहते हैं जहां कुछ स्थानों पर यह शुरू हो जाए जबकि अन्य पर बाकी रहे।

सिरसा ने यह भी कहा कि वे वर्तमान में यह आकलन कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में कितनी प्रगति हासिल की जा सकती है। आज रात तक रोलआउट टाइमलाइन पर अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। इस बीच, मंत्री ने राजौरी में सीवर नवीनीकरण और जल लाइन परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

केजरीवाल सरकार के एक और काम पर लटकी जांच की तलवार, दिल्ली के स्कूलों से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली एजेंसी। राजधानी दिल्ली में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की अब स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) फंड पर सीधी नजर है। पूर्व 'आप' सरकार ने फंड का कितना दुरुपयोग या सदुपयोग किया, सरकार इसका पता लगाने के लिए जांच कमेटी गठित कर सकती है।

यही नहीं, कहां कितना पैसा खर्च किया, इसकी भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने पर विचार कर रही है। पूर्व की आप सरकार में बजट में इस फंड का अलग से प्रावधान था। विशेष बात है कि भाजपा सरकार ने बीते डेढ़ माह में स्कूल शिक्षा में तीन करिकुलम में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। 'आप' सरकार के देशभक्ति करिकुलम को बदलकर राष्ट्रनीति, हैप्पीनेस करिकुलम के स्थान पर साइंस ऑफ लिविंग, उद्यमी माइंडसेट करिकुलम को बदलकर उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र और विजन का नया युग (एनईईवी) जैसी नई पहल शुरू करने की सरकार तैयारी कर रही है। ऐसे में अब एसएमसी फंड का अस्तित्व रहेगा या नहीं इस पर संशय बना हुआ है। शिक्षा निदेशालय के सूत्रों के मुताबिक, भाजपा सरकार इस फंड को भंग या दोबारा से लागू कर सकती है। इसके बदले कुछ और फंड स्कूलों को दे सकती है। शिक्षा निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसे लेकर शिक्षा विभाग में दो से तीन बार बैठक भी हो चुकी हैं। ऐसे में जल्द ही इस पर फैसला लिया जा सकता है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कुछ शुरुआती आंकड़े भी जुटाने के लिए अधिकारियों से कहा है। उन्होंने बताया कि कई बार स्कूलों में कम बजट या क्षमता के मुताबिक, स्कूलों को फंड नहीं मिलता था, लेकिन इस पर कोई जांच नहीं होती थी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इस फंड का 50 फीसदी पैसा रखरखाव संबंधी कार्यों और बाकी 50 फीसदी एसएमसी की पहल पर खर्च करना होता है। इसके दिशा-निर्देशों के अनुसार, अगर किसी स्कूल में 1500 बच्चे हैं तो उस स्कूल की एसएमसी को 5 लाख रुपये, 1501 से लेकर 2500 तक की संख्या वाले स्कूलों को 6 लाख रुपये दिए जाते हैं। अगर किसी स्कूल में बच्चों की संख्या 2500 से ऊपर है तो उस स्कूल की एसएमसी को 7 लाख रुपये सालाना देते हैं।

दिल्ली में 5000 जगहों पर पानी वाला एटीएम लगाने जा रही है भाजपा सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार लोगों को साफ-स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए पांच हजार वाटर एटीएम लगाने की योजना शुरू करने जा रही है। वाटर एटीएम से लोगों को पीने योग्य पानी किफायती दरों पर उपलब्ध होगा। योजना के पहले चरण में यह वाटर एटीएम व्यवसायिक केंद्र और बाजारों में लगाए जाएंगे।

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हम वाटर एटीएम से पानी उपलब्ध कराने के अलावा यह भी तलाश रहे हैं कि क्या इन मशीनों में इस्तेमाल की गई प्लास्टिक की बोतलें वापस लेने की सुविधा हो, जिससे उसे रिसाइकल करके दोबारा प्रयोग में लाया जा सके। सरकार का कहना है कि प्रारंभिक चरण में इन मशीनों का प्रयोग भीड़ भाड़ वाले इलाके में किया जाएगा। इसमें व्यवसायिक केंद्र और बाजारों को चिन्हित किया गया है। उसके बाद उन इलाकों में भी प्राथमिकता दी जाएगी जहां पर पाइपलाइन नहीं है। वहां पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे पानी के टैंकर पर निर्भरता भी कम होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना पीपीई मॉडल पर शुरू की जाएगी। बताते चलें कि एनडीएमसी एरिया में भी वाटर एटीएम का प्रयोग पहले हो चुका है। मगर रखरखाव के अभाव में उसमें से ज्यादातर मशीनें खराब पड़ी हैं। उसका कारण कंपनी के साथ अनुबंध का समाप्त होना है। दिल्ली सरकार की योजना है कि वह जिन इलाकों में वाटर एटीएम लगाएगी, वहां के मार्केट



एसोसिएशन और आरडब्ल्यूए की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। इससे वाटर एटीएम सुरक्षित रहेगा। उसमें तोड़-फोड़ की आशंका खत्म होगी। वाटर एटीएम से पानी लेने के लिए न्यूनतम दरें देनी होंगी। हालांकि अभी तक दरें तय नहीं हुई हैं। सरकार का कहना है कि जल्द ही इस योजना को अंतिम रूप देकर इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के पास भेजा जाएगा। बताते चलें कि दिल्ली में यह पहला मौका नहीं है जब वाटर एटीएम स्थापित किए जाएंगे। पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने भी जुलाई 2024 में भी चार वाटर एटीएम के साथ इस योजना की शुरुआत की थी। यह क्लस्टर झुग्गियों के अंदर शुरू किए गए थे। इसका मकसद झुग्गियों में साफ पीने का पानी उपलब्ध कराना था। उस समय सरकार ने 500 वाटर एटीएम लगाने की घोषणा की थी लेकिन चार ही लग पाएं थे। उसमें लोगों को पानी के लिए 2500 स्मार्ट कार्ड भी बांटे गए थे। जिसके जरिए दिन में अधिकतम 20 लीटर पानी उससे लिया जा सकता है।

सरोगेसी से बच्ची को जन्म देने वाली महिला उसकी जैविक मां नहीं

नई दिल्ली एजेंसी। सरोगेसी के माध्यम से बच्ची को जन्म देने वाली महिला डॉली उसकी जैविक मां नहीं है। यह खुलासा महिला एवं उसके पति की डीएनए जांच रिपोर्ट से हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट पुलिस द्वारा यह जानकारी अदालत में दी गई है। इसके साथ ही पुलिस बच्ची की असली मां का पता लगाने को सरोगेसी के लिए कोख किराये पर लेने वाली महिला और उसके पति की डीएनए टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस मामले में जन्म लेने वाली बच्ची दो वर्ष की हो चुकी है और वह अनाथालय में ही रहती है।

पुलिस के अनुसार, अप्रैल 2023 में एयरपोर्ट से नवजात बच्ची को लेकर जा रही एक महिला को गिरफ्तार किया गया था। वह इसे बेचने के लिए हैदराबाद ले जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद उसने पुलिस को बताया कि इस बच्ची को डॉली नामक महिला ने जन्म दिया है। सरोगेसी के माध्यम से उसका जन्म हुआ है, लेकिन सरोगेसी करवाने वाली महिला बेटी होने के चलते उसे अपनाना नहीं चाहती। इस मामले में बच्ची को जन्म देने वाली महिला डॉली को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जांच में उन्हें पता चला कि सोनिका नामक महिला की पहले से दो बेटियां हैं। ऐसे में वह किसी भी कीमत पर बेटा पाना चाहती थी।

चीन की सैन्य रणनीति तेज, ताइवान के चारों ओर सैन्य शक्ति प्रदर्शन

बीजिंग, एजेंसी। चीन ने ताइवान पर अपनी संप्रभुता का दावा करने के लिए उसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया जिसमें उसके कई बलों ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास का मकसद ताइवान की ''उन ताकतों को कड़ी चेतावनी देना है जो स्वयं को स्वायत्त बताती हैं। 'चाइनीज पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ईस्टर्न थिएटर कमांड के एक प्रवक्ता ने बताया कि कमान ने मंगलवार को ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास शुरू किया। 'थिएटर कमांड के प्रवक्ता सीनियर कर्नल शी यी ने सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ के हवाले से कहा कि कमान ने अपनी थलसेना, नौसेना, वायुसेना और रॉकेट बलों को कई दिशाओं से ताइवान द्वीप के पास पहुंचने के लिए संगठित किया चीन ताइवान को अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा मानता है। उसने हाल के दिनों में इसी तरह के सैन्य अभ्यास किए हैं, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता



संभालने के बाद से ताइवान के आसपास यह पहला बड़ा सैन्य अभ्यास है। शी के अनुसार, ये अभ्यास मुख्य रूप से समुद्री एवं हवाई युद्ध के लिए तैयारी गश्त, उत्कृष्ट संयुक्त अभ्यास, समुद्री और जमीनी लक्ष्यों पर हमले का अभ्यास और सैनिकों की संयुक्त अभियानगत क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए प्रमुख क्षेत्रों और समुद्री मार्गों पर केंद्रित हैं। शी ने कहा कि यह अभ्यास ''ताइवान की आजादी की समर्थक अलगाववादी ताकतों के खिलाफ एक सख्त चेतावनी है और चीन की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय एकता की रक्षा के लिए एक वैध एवं आवश्यक कार्रवाई है।

रेल हादसे के बाद चेक गणराज्य का पानी बन गया जहर! सरकार को लगानी पड़ी इमरजेंसी

चेक गणराज्य, एजेंसी। यूरोप महाद्वीप में स्थित चेक गणराज्य की हालत इस वक्त बहुत खराब है। चेक गणराज्य के अधिकारियों ने ओलोमौक क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है, जिसे अधिकारी पिछले महीने एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद दुनिया का सबसे बड़ा बेंजीन संदूषण कह रहे हैं।

ओलोमौक के गवर्नर लादिस्लाव ओक्लेस्टेक द्वारा घोषित आपातकालीन घोषणा, प्रेरोव जिले में हुस्टोपेके नाद बेकवौ के आसपास के क्षेत्र को कवर करती है, जहां एक जहरीले रसायन के रिसाव ने स्थानीय मिट्टी और जल स्रोतों को दूषित कर दिया है, जिसमें पास की एक झील भी शामिल है।

ओक्लेस्टेक ने कहा, हमने सर्वसम्मति से ओलोमौक क्षेत्र में आज 12:00 बजे से आपातकाल की स्थिति घोषित करने पर सहमति व्यक्त की है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश पर्यावरणीय संकट के लिए तेज और अधिक प्रतिक्रिया की अनुमति देगा, जिससे स्थानीय अधिकारियों को कार्य दायित्व लागू करने, संसाधनों को नियंत्रित करने और प्रभावित क्षेत्रों में आवाजाही को प्रतिबंधित करने की शक्ति मिलेगी।

यह दुर्घटना 28 फरवरी को हुई, जब तेज



गति से चल रही एक मालगाड़ी हुस्टोपेक स्टेशन के एंट्री गेट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके 17 डिब्बों में से अधिकतर में आग लग गई, जिससे कुल 1,020 टन ले जा रहे टैंकरों से लगभग 350 टन बेंजीन निकल गया। लीक हुए रसायन का अधिकतर हिस्सा भूजल में रिस गया। बेंजीन-दूषित पानी से स्वास्थ्य पर गंभीर और संभावित रूप से जानलेवा प्रभाव पड़ सकता है। बेंजीन एक अत्यधिक जहरीला रसायन है और इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में बांटा किया गया है। यदि कोई व्यक्ति उच्च स्तर पर बेंजीन से दूषित पानी पीता है, भले ही थोड़े समय के लिए तो उसे चक्कर आना, सिरदर्द, भ्रम, तेज हृदय गति, उल्टी और पेट में जलन, कंपकंपी या ऐंठन का अनुभव हो सकता है।

तेजी से बिगड़ रहे हालात: पर्यावरण मंत्री पेट्र ह्लाडिक ने इसको लेकर कहा कि दुर्घटना स्थल पर स्थिति तेजी से बिगड़ रही थी और स्थानीय पेयजल की सुरक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में कुछ ही घंटों में पहला बेंजीन-प्रभावित पानी का कुआं दिखाई दिया। हमें तुरंत कार्रवाई करनी थी।

मरीन ले पेन गबन मामले में दोषी करार, खतरे में राजनीतिक भविष्य

पेरिस , एजेंसी। पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को यूरोपीय संघ के धन के गबन के आरोप में दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन को दोषी ठहराया। अभी सजा की घोषणा नहीं की गई है। दोषसिद्धि से 2027 के फ्रांसीसी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी संभावित उम्मीदवारी पर संदेह पैदा हो गया।

ले पेन और उनके सहयोगियों पर आरोप था कि उन्होंने 2004 से 2016 के बीच संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित यूरोपीय संसद के धन का पार्टी कर्मचारियों के भुगतान के लिए इस्तेमाल किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक आधिकारिक संसदीय कार्य के लिए निर्धारित धनराशि का उपयोग फ्रांस स्थित नेशनल



रैली पार्टी के कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया गया, जो यूरोपीय संघ के नियमों का उल्लंघन था। रिपोर्टों के अनुसार, अभियोजकों ने 3,00,000 यूरो (2,77,60,800.00 रुपये) जुर्माने के साथ पांच साल की निलंबित जेल की सजा की सिफारिश की।

अभियोजकों ने सार्वजनिक पद पर तत्काल पांच वर्ष का प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। अदालत यदि इसे स्वीकार करती है तो ली पेन, जो तीन वर्षों से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं, अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ पाएंगी। प्रस्तावित प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा, भले ही ले पेन अपील करने का विकल्प चुनें, जिससे राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। उन्हें वर्तमान में राष्ट्रपति पद के लिए एक मजबूत दावेदार माना जाता है।

नेशनल रैली पार्टी की प्रमुख ले पेन ने आरोपों को खारिज करते हुए जोर देकर कहा कि मामला राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने इसे अपनी चुनावी संभावनाओं को कमजोर करने का प्रयास बताया। , ले पेन ने फैसले से पहले चेतावनी दी थी कि दोषी पाए जाने पर फैसला उनकी राजनीतिक मौत का संकेत हो सकता है। फैसले के संभावित प्रभाव पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 11 मिलियन लोगों ने इस आंदोलन के लिए वोट दिया है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं और ऐसा कोई भी फैसला कई फ्रांसीसी लोगों को चुनाव में अपने उम्मीदवार से वंचित कर सकता है।

2017 और 2022 दोनों चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बाद दूसरे स्थान पर रहने के बाद, ले पेन की पार्टी के समर्थन में लगातार वृद्धि देखने को मिली है। उन्हें अगर चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है, तो उनके शिष्य, 29 वर्षीय जॉर्डन बार्डेला, पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सामने आ सकते हैं।

सुनीता विलियम्स ने पहली बार बताया- अंतरिक्ष से भारत का नजारा अद्भुत और कभी ना भूलने वाला

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारतीय मूल और नासा की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताकर 18 मार्च को धरती पर वापस लौट आईं. वापस लौटने के बाद उन्होंने पहली बार मीडिया को इंटरव्यू दिया. उन्होंने इंटरव्यू के दौरान अंतरिक्ष में बिताए गए दिनों और एक्सपीरियंस को शेयर किया. सुनीता विलियम्स ने कहा कि अतंरिक्ष से भारत बहुत अद्भुत दिखता है. उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे बहुत जल्द अपने पिता के गृह देश का दौरा करेंगी और यहां के लोगों के साथ अंतरिक्ष के अनुभव शेयर करेंगी.

भारत को लेकर दिया बयान

59 वर्षीय नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन के तहत पृथ्वी पर लौटने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है. सुनीता ने कहा कि भारत बेहद अद्भुत है. हर बार जब हम हिमालय पर गए तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं. वहां का दृश्य बहुत शानदार है. सुनीता ने कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं. भारत महान और अद्भुत लोकतंत्र वाला देश है, जो स्पेस में अपनी जगह बनाना चाह रहा है. हम इसका हिस्सा बनकर भारत की मदद करना चाहेंगे. इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि हमको ऐसा लगता था कि जैसे लहरें उठ रही हों और भारत में बह रही हों. भारत के विभिन्न रंग हैं.

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है, जब आप पूर्व की तरफ जाते हैं तो वहां के समुद्र के तटों पर मछली पकड़ने वाली नावों का बेड़ा आपको इशारा करता है कि हम गुजरात और मुंबई की तरफ आ गए हैं. सुनीता ने कहा कि रात के साथ-साथ दिन में भी हिमालय को देखना अविस्मरणीय है. भारत देश के बड़े से लेकर छोटे शहरों तक बिजलियों का जो मनमोहक दृश्य है वह कभी भी भूलने वाला नहीं है. सुनीता ने कहा कि मुझे उम्मीद है, और यकीन है, कि मैं अपने पिता के देश वापस जाऊंगी।

मजदूर मैदान में आयोजित श्रीराम कथा के छठे दिन सीताराम विवाह का साक्षी बना बोकारो

राजन जी महाराज ने जब तेरी मंद मंद मुस्कानियां पर बलिहार राघवजी गाया तो झूम उठे श्रोता





बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक राजन जी ने आज सीताराम विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया, 'जब श्री अयोध्याजी से श्री राम जी की बारात जनकपुर के लिए निकली तो बारात ऐसी झूमी कि दिन और रात का अंतर समाप्त हो गया।

जनकपुर ऐसे सजी की स्वयं जगत रचयिता ब्रह्माजी भ्रम में पड़ गए कि यह जनकपुर तो मैने नहीं रचा। उन्हें खुद की रचना में ही संदेह हो गया। इतने सुंदर बाराती और बाराती से भी सुंदर सराती का अद्भुत संयोग पर्व था श्री सीताराम विवाह'। व्यवस्था के लिए राजा जनक के लोग कम न थे लेकिन राजा दशरथ के लोग भी उनका सहयोग करने के लिए खड़े थे। बराती जाएंगे तो दुल्हन के घर में तबाही मचाएंगे। आश्चर्य तो यह कि कभी कभी कोई कोई बाराती नशे में इतना धुत्त होकर शादी ब्याह में जाता है कि ले जाने वाला भी शर्मिंदा हो जाये और जिनके घर लेकर गया है उनका तो भगवान ही मालिक है। दुल्हन के घर अगर छोटी मोटी अब्यवस्था रह भी जाये तो उन्हें सहयोग का स्वभाव बनाइये न कि उसे निंदा का अवसर समझिए। कोई भी पिता माता और परिवार जब अपने बच्चों का विवाह तय करते है तो यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते है कि सबकुछ व्यवस्था हो जाये लेकिन व्यवस्था सामर्थ्य और परिस्थिति के वश होता है इसलिए अगर कुछ चूक भी रह जाये तो उसे भूलने का भाव बनाइये। मजदूर मैदान में चल रहे श्रीराम कथा आयोजन के तत्वाधान में कथावाचक श्री राजन जी महाराज द्वारा छठे दिन सीताराम विवाह प्रसंग पर बोली गई। विवाह प्रसंग के बीच बीच मे जो भजन उनके संगीत दल के द्वारा गाये गए सभी का आंनद बोकारो के श्रोताओं ने झूम कर लिया।लाल पीली साड़िया पहनकर महिला श्रोता जहाँ झूमती गाती रही वही अधिकांश पुरुष रंगीन कुर्ते पजामें में दिखे। श्री राजन जी ने महाराज ने जहाँ एक ओर विवाह प्रसंग से सबको झुमाया वहीं उनके भजनों ने ऐसा शमा बांधा, की लगा सारे श्रोता जनकपुर के जनवासा से नाचते गाते जा रहे हैं। हजारो की संख्या और खचाखच भरे पंडाल को देखकर एक और जहाँ आयोजन समिति कृतार्थ का अनुभव कर रही थी वही राजन जी महाराज ने इसे बोकारो की जनता का प्रभु श्रीराम के प्रति अनुराग का भाव बताया एवम सभी को ऐसे ही सदा बने रहने का आह्वान किया।

अंकिता बनर्जी ने एमएस इंडिया 2025 रनर अप का खिताब जीता



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद की बेटी अंकिता बनर्जी ने नई दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।इसी सफलता के संदर्भ में मंगलवार को धनबाद क्लब में प्रेस वार्ता कर अंकिता ने अपनी परफॉर्मेंस की शानदार सफलता के पीछे की गई मेहनत तथा सारे शुभचिंतकों एवं धनबाद वासियों के आशीर्वाद के बारे में विस्तृत रूप से बता कर सभी का आभार प्रकट कर हार्दिक धन्यवाद दिया।अंकिता ने कहा देश भर की प्रतिभाओं के बीच चार दिनों तक कड़ी मेहनत कर सेकंड रनर अप का खिताब जीत कर अपने आप को गौरांवित महसूस कर रही हूं। साथ ही इस प्रतिष्ठित खिताब को जीत कर अपने माता पिता और धनबाद का नाम पूरे देश में रोशन कर बहुत ही खुशी मिली है। भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में और कड़ी मेहनत कर बड़ी उपलब्धियां को प्राप्त करने का भरसक प्रयास करेगी।अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी ने कहा बचपन से ही अंकिता कला के क्षेत्र में बहुत प्रतिभाशाली रही है उसके लगन, हमारे प्रयास और प्रोत्साहन एवं आप सभी के आशीर्वाद से सफलता का यह मुकाम हासिल कर धनबाद की बेटी ने पूरे झारखंड का देश में नाम रोशन किया है.ये अंकिता की सफलता के साथ हमारे सारी बेटियों के सफलता का जश्न मनाने का मौका है ताकि अंकिता के साथ सारे धनबाद की बेटियों का मनोबल बढ़े। मेरी यही शुभकामनाएं हैं कि अंकिता और धनबाद की सभी बेटियां अपने मनपसंदीदा क्षेत्रों में आगे बढ़े और धनबाद का नाम पूरे देश और विदेश में रोशन करें। प्रेस वार्ता में अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी और माता गीताली बनर्जी,चंदन मोइत्रा,लीना मोइत्रा,सागर बनर्जी,प्रणब थे।

संक्षिप्त समाचार

कर्ज के पैसे दामाद ने वापस करने से इंकार किया तो सास की तबियत बिगड़ी, मौत

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। दामाद ने ली थी सास से बिजनेस करने के लिए आठ लाख रुपया, सास मांगने गई तो देने से इंकार कर दिया। दामाद का इंकार सुन सास की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर अब मृतक महिला के बेटे सरफुद्दीन अंसारी ने हरला थाने में जीजा अमजद हुसैन अंसारी के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। जानकारी के मुताबिक खेतको के रहने वाले अमजद हुसैन अंसारी ने अपनी सास से बिजनेस करने के नाम पर 8 लाख रुपए उधार रिस्तेदारो की मौजूदगी में लिया था। अब जब अमजद हुसैन अंसारी की पत्नी का इंतकाल हो चुका है। उसके बाद जब बूढ़ी सास दामाद से पैसे मांगने के लिए गई, तो पैसे देने से इनकार कर दिया और लिखित कागजात की मांग करने लगा। दामाद के इस व्यवहार से बूढी महिला डिप्रेशन में आ गई और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इस दौरान महिला को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की आज मौत हो गई ।मृतका के बेटे ने अपने अपने जीजा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है और पैसे हड़पने का आरोप लगाया है और पैसे नहीं देने के कारण मां की मौत होने का भी इल्जाम लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई है।

रात्रि में सोने के पहले हाथ-पैर धो लेना चाहिए : अशोक वार्ष्णेय

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सेक्टर एक में आरोग्य भारती की बैठक में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव सह आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की सलाहकार समिति के सदस्य अशोक वार्ष्णेय शामिल हुए। उन्होंने कहा, रात्रि में सोने के पहले हमें ब्रश कर लेना चाहिए, हाथ पैर धो लेना चाहिए। प्रसन्नचित होकर शैय्या पर लेटना चाहिए। इससे व्यक्ति का मन व शरीर दोनों ही स्वस्थ रहता है। प्रातः काल प्रसन्नता के साथ नींद खुलती है। स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद जरूरी है। आरोग्य भारती के बोकारो महानगर मंत्री डॉ. रामनारायण प्रसाद ने कहा कि आरोग्य भारती पूरे देश में स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, तथा स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए लगातार प्रयास रत है। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद विभाग के



बौद्धिक प्रमुख डॉ. नरेंद्र कुमार राय ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए समुचित जीवन शैली अनिवार्य है। बैठक को सह सचिव डॉ. शैलेंद्र तथा औषधीय वनस्पति आयाम प्रमुख डॉ. जगदंबी मंडल ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सिंधु चौधरी ने किया। इस मौके पर महानगर कार्यवाह रतन महतो, सुदर्शन, रामवचन सिंह, नवल किशोर शर्मा, डॉ सिंगो बेसरा, डॉ गौतम गिरी, सुशील कुमार डॉ राहुल प्रसाद राहुल कुमार विनोद कुमार, पवन अग्रवाल, पूर्णेन्दु , रीता राय, अंजना महतो, डॉ. पवन अग्रवाल, सह सचिव कालीचरण मुंडा और विकास महतो आदि उपस्थित थे।

कोर्ट की कार्यवाही पूर्व की ही भांति

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कल से अब बोकारो कोर्ट में मॉर्निंग सिटिंग नहीं, 10.30 से 4:30 बजे तक चलेगी। बोकारो समेत राज्य के सभी सिविल कोर्ट में अब मॉर्निंग सिटिंग नहीं होगी। कोर्ट की कार्यवाही अब पूर्व की भांति सुबह 10.30 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी। हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट रूल-2 के तहत उक्त निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि सदियों से ये परंपरा रही है कि झारखंड के सभी न्यायालयों में पहले एक अप्रैल से लेकर 30 जून सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक मॉर्निंग सिटिंग की जाती थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया। यह नया नियम बोकारो में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। इस वर्ष से सिविल कोर्ट में गर्मी छुट्टी भी 25 मई से लेकर 6 जून तक होगा। इस दौरान कोर्ट ग्रीष्मावकाश के लिए बंद रहेगा। यह जानकारी वरीय अधिवक्ता रणजीत गिरि ने दी है।

विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर पहला कदम की विशेष पहल

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर आज पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इस अवसर पर पहला कदम संस्थान में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें ऑटिज्म अवेयरनेस वर्कशॉप में विशेषज्ञों द्वारा ऑटिज्म से जुड़ी जागरूकता पर चर्चा, विशेष बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी, माता-पिता और अभिभावकों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने हेतु काउंसलिंग सेशन,विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत विशेष सांस्कृतिक नृत्य और संगीत कार्यक्रम होगा।

प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है सरहुल पर्व : उपायुक्त



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुई। इस अवसर पर पुलिस एसोसिएशन व सरना समिति ने उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी प्रदीप मिंज व डीएसपी अर्चना खलको सहित अन्य अतिथियों का सरना रीति रिवाज से पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इसके बाद सभी ने साल के फूलों, फलों और महुआ के फलों के साथ पूजा-अर्चना कर सरहुल पर्व की शुरूआत की।

उपायुक्त ने जिले वासियों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी तथा सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उपायुक्त ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। साथ ही मनुष्य के जीवन को सरलता से जीने की प्रेरणा देता है। इसमें आदिवासी समाज द्वारा साल वृक्ष की पूजा की जाती है, क्योंकि यह आश्रय देता है, मौसम की मार से बचाता है। उन्होंने कहा इस पर्व के माध्यम से आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन को सुरक्षित व संरक्षित रखने का संकल्प भी लेते हैं। जिससे प्रकृति की संरचना में जीवन खुशहाली से फलता फूलता रहे। सरहुल आदिवासी नववर्ष का त्योहार भी है। जो धरती माता को समर्पित है। यह उनके महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक है। इसके बाद मांदर की थाप पर उपायुक्त व सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने मनमोहक आदिवासी नृत्य भी किया।

वक्फ संशोधन बिल मुसलमान हित के विरुद्ध, वापस होना चाहिए : शकील अहमद अंसारी



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शकील अहमद अंसारी के इस्लामपुर स्थित आवासीय कार्यालय में आज ईद मिलन सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड वासियों को ईद की बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुसलमानों को 'सौगात ए मोदी' किट बांटे जाने को महज एक दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि यह बिहार जैसे चुनावी प्रदेशों में वोट बैंक की राजनीति के तहत किया जा रहा है। शकील अहमद अंसारी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के जरिए अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों को आहत किया है। उन्होंने मांग की कि अगर प्रधानमंत्री वास्तव में अल्पसंख्यकों के कल्याण के प्रति ईमानदार हैं, तो वक्फ बिल में मुसलमानों की इच्छाओं के विरुद्ध किए जा रहे संशोधन को तुरंत वापस लिया जाए। इसके अलावा, उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि झारखंड में वर्षों से लंबित मदरसा बोर्ड, उर्दू तरक्कीयाती कार्उंसिल, अल्पसंख्यक वित्त निगम जैसी संस्थाओं का शीघ्र गठन किया जाए। उन्होंने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की तर्ज पर अल्पसंख्यकों को नौकरी तथा संविदा कार्यों में आरक्षण देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय अत्यधिक पिछड़े हुए हैं और उनके विकास के बिना राज्य का समुचित विकास संभव नहीं होगा।

सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ की बैठक में हटाए गए गार्डों पर चर्चा



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मंगलवार को सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ की बैठक विश्वकर्मा भवन पुलिस लाइन हीरापुर में संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से आईआईटी आईएसएम में कार्य कर रहे सैकड़ो सुरक्षा गार्ड को बिना कारण के नवनियुक्त एजेंसी के द्वारा काम से हटाने के संदर्भ में चर्चा की गई। सुरक्षा गार्ड एजेंसी के सभी मानकों को पूरा करने में सक्षम है उन्होंने आईआईटी प्रबंधन,एजेंसी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन प्रबंधन एवं एजेंसी के द्वारा किसी भी तरह का संवाद नहीं किया गया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड धनबाद के विधायक राज सिन्हा से मिला और अपनी व्यथा बताई। इस पर विधायक ने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं भी आप लोगों के साथ धरने पर बैठूंगा। सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ से जुड़े सभी सुरक्षा गार्ड ने एक स्वर में निर्णय लिया की अगर प्रबंधन हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हम लोग आईएसएम गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी भी उपस्थित हुए।उन्होंने कहा की आईआईटी आईएसएम प्रबंधन ,सुरक्षा गार्ड के साथ नाइंसाफी कर रहा है। जल्द ही उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा एवं मंत्रालय में मंत्री से मिलकर उनके समस्याओं को अवगत कराया जाएगा । आगे कहा कि ऐसा प्रतीत होता है की आईएसएम प्रबंधन कुछ दलालों के संपर्क में है जो प्रबंधन एवं सुरक्षा गाड्र्स को गुमराह कर रहा है, और अनावश्यक परेशानी उत्पन्न कर रहा है,प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी जल्द ही इस पर कठोर निर्णय लिया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता सुरक्षा कर्मियों के साथ है। संघ के महामंत्री प्रभात सिंह ने कहा कि सुरक्षा कर्मी को कम से हटा देने के बाद उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है वह अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे यह काफी चिंता का विषय है उम्र के इस पड़ाव में वह अब कहां काम करेंगे। प्रबंधन से आग्रह किया जाता है कि आप इन सभी सुरक्षा कर्मी को कम पर वापस रखें।ये मानवता भी है। बैठक में मनोज शाह,गोरख राम ,जितेंद्र सिंह,सुशील सिंह, मनदीप कुमार,एवं सभी सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

समय के साथ खुद को अपडेट करने को सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय कार्यशाला



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रांतीय योजना अनुसार तीन दिवसीय कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 में आयोजित किया गया है। संकुल संयोजक मार्कण्डेय पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भारत माता, ओम तथा मां शारदे के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि (मारकंडे पांडे एवं राजकुमार) का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कराया। विद्यालय के सचिव राजकुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पूरे झारखंड में विद्या भारती के विद्यालयों में प्रांतीय योजना अनुसार तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रांतीय योजना अनुसार किया गया है ।जिसमें वंदना कालांश से लेकर शारीरिक एवं योग कुल पांच सत्र हैं। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से लेकर विद्यालय का विकास कैसे हो? इस पर चर्चा होगी। संस्कृति की रक्षा कैसे की जाए? विद्या भारती के पांच केंद्रीय विषयों पर चर्चा, बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षण, टी एल एम, पी एल एम का प्रयोग शैक्षिक एवं सह-सैक्षिक क्रियाकलापों के महत्व पर चर्चा तथा आचार्यों के बीच विभाग का बंटवारा कर आचार्य भारती का गठन किया जाएगा। शिशु भारती, बाल भारती, कन्या भारती का गठन एवं पदाधिकारी का दायित्व आदि पर भी चर्चा होगी एवं नए सत्र की तैयारी कैसे किया जाए इस पर भी चर्चा किया जाएगा। आगामी सत्र में होने वाले साल भर के क्रियाकलापों की योजना बनाई जाएगी। मुख्य अतिथि ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समय के अनुसार खुद में बदलाव जरूरी है क्योंकि अगर हम समय के अनुसार खुद को अपडेट नहीं करेंगे तो हम समाज के साथ कभी भी पर से पर मिलकर नहीं चल सकते हैं इसलिए हम सभी को चाहिए की बच्चों की भी जाने से पहले खुद को शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार करें और जब नए सत्र में बच्चों के बीच जाएं तो उन्हें भी यह लगे कि हमारे आचार्य जी आज हमारे बीच एक नए रूप में उपस्थित है बच्चों के बीच जब हम जाएं तो हमारी सोच बिल्कुल प्रयोगात्मक होनी चाहिए क्योंकि अगर हम अभी बच्चों के बीच साधारण तरीके से जाएंगे तो वह हमें साधारण तौर पर ही लेंगे और अगर नई-नई सोच के साथ क्रियात्मक दृष्टिकोण के साथ जाएंगे तो बच्चे आपके विषय को रुचिकर समझते हुए समझेंगे और इसका सीधा लाभ बच्चों के साथ-साथ आपके विद्यालयों को मिलेगो आज एक बार फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा रोजगार परक शिक्षा लाई जा रही है। इसलिए नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हमें व्याकरण की सही जानकारी नहीं है। हमारे भैया बहनों में भाषा की पकड़ नहीं है। वे शुद्ध लिखना और पढ़ना नहीं जानते हैं। विद्यालयों में भैया बहनों को शुद्ध लिखना और पढ़ना सिखाये जाने की जरूरत है।उन्हें छोटी-छोटी कहानी पढ़ाना चाहिए। जिससे उनमें भाषा का ज्ञान हो और लिखना - पढ़ना सीख सकें। आज यह प्रथम दिवस की कार्यशाला कुल पांच सत्रों में आयोजित की गई जिनमें में भिन्न-भिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा की गई। चतुर्थ सत्र में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव श्रीमान नकुल शर्मा जी द्वारा हमे अपने विद्यालय को किस प्रकार से ऊंचाइयों को शिखर तक पहुंचना है एवं पंचपदी अध्ययन अध्यापन पर विशेष व्याख्या के साथ मार्गदर्शन प्रदान हुआ। माननीय नकुल शर्मा जी अपने सरल स्वभाव का परिचय देते हुए अपनी बातों को हम सभी आचार्य दीदी जी के सामने इस प्रकार से व्यक्त किए जिससे समय का पता ही नहीं चला और सत्र समापन की ओर पहुंच गया अंत में उन्होंने सीखने की पद्धति छरफ्ह को अपनाने की बात कही और अपनी बातों को विराम दिया जिसमें विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

टुण्डी के छाताबाद गांव में भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद संपन्न



टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दक्षिणी टुण्डी के छाताबाद गांव में ईद पर्व बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया अहले सुबह से ही सभी छोटे बड़े नये पोशाक पहनकर ईदगाहों में जाकर नवाज अदा किया तथा अपने मुल्क की सलामती और अमन-चैन कायम रहे इसके लिए दुआएं मांगी ।ईद एक खुशी इबादत और आपसी भाईचारे का प्रतीक माना गया है झामुमो पंचायत सचिव रूस्तम काजी ने कहा कि रमजान के रोजे रखने इबादत करने और अपनी रूह को पाक करने का अवसर प्रदान करता है यह पर्व। मौके पर मुख्य रूप से रूस्तम काजी,इमाम मौलाना गुलाम रब्बानी साहब, जमाल अंबारी, सरफराज काजी, आरिफ काजी, सफीक काजी, नायाब इमाम मौलाना, अब्दुल रहमान रिजवी, अशरफ अंसारी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

वित्तीय वर्ष 2024-2025 में बीएसएल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन











बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में बीएसएल ने प्रोडक्शन, डिस्पैच तथा टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स में कई नए कीर्तिमान बनाकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. वित्तीय वर्ष 2024-2025 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ हॉट मेटल उत्पादन (4 फर्नेस परिचालन से), एसएमएस-न्यू से क्रूड स्टील, टोटल क्रूड स्टील तथा सीआर सेलेबल के उत्पादन में कीर्तिमान बने हैं, साथ ही समग्र ऊर्जा खपत, कोक रेट, सीडीआई रेट तथा अन्य टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स एवं ग्रेन्यूलेटेड स्लैग के डिस्पैच में भी नए रिकॉर्ड बने. बोकारो स्टील प्लांट ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्रमुख उत्पादों में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की है. इस कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-2025 चार फर्नेस परिचालन से हॉट मेटल के उत्पादन में 5.0%, टोटल क्रूड स्टील के उत्पादन में 4.7% तथा टोटल सी आर सेलेबल स्टील में 8.7% की वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में दर्ज की है. बी एस एल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने बीएसएल की इस शानदार उपलब्धि पर आज दिनाँक 01 अप्रैल को संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर अधिकारियों, कर्मियों एवं संविदा कर्मियों समेत पूरे टीम बीएसएल को बधाई दी तथा नए वित्तीय वर्ष में अपने प्रदर्शन के स्तर को और आगे ले जाने, साथ ही सेफ़्टी और गुणवत्ता पर फोकस करने का आह्वान किया.

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com